RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 40
नई दिल्ली, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






ईशान के दमदार प्रदर्शन का धवन पर पड़ेगा असर
स्पोर्ट्स-12


# हिमाचल के नए सीएम बने सुखविंदर

## चार बार के विधायक सुक्खू ने ली शपथ, मुकेश अग्निहोत्री राज्य के पहले उपमुख्यमंत्री बने


- समारोह में राहुल, प्रियंका समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुए शामिल
- प्रधानमंत्री ने दी बधाई, हिमाचल के विकास को आगे बढ़ाने में सहयोग का किया वादा

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**चार** बार के विधायक एवं एक बस चालक के बेटे सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को यहां एक समारोह में हिमाचल प्रदेश के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां ऐतिहासिक रिज मैदान में 58 वर्षीय सुक्खू के साथ ही निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री (60) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अग्निहोत्री राज्य के पहले उपमुख्यमंत्री होंगे। जमीनी स्तर के नेता एवं नादौन से विधायक सुक्खू का मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना प्रदेश कांग्रेस में पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। राज्य की राजनीति में लंबे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का वर्चस्व रहा और उन्होंने पांच दशक तक राज्य में कांग्रेस का मार्गदर्शन किया। पार्टी के नेताओं ने शपथग्रहण समारोह से पहले छह बार मुख्यमंत्री रहे सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुक्खू को उनके शपथ ग्रहण पर बधाई दी और 'हिमाचल प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र से हरसंभव सहयोग' का आश्वासन दिया। देशभर में छत्तीसगढ़ और राजस्थान के बाद यह तीसरा राज्य है, जहां कांग्रेस की सरकार बनी है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस समारोह में शामिल हुए।पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हिमाचल प्रदेश के लिए कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और वरिष्ठ नेता सचिन पायलट भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के गठन ने पार्टी में नई ऊर्जा पैदा की है। उन्होंने कहा, जब पहाड़ों से बदलाव की हवा चलती है, तो वह मैदानों तक जाती है। शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए पारंपरिक वेशभूषा पहने लोग बड़ी संख्या में रिज मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने लोक संगीत की धुनों पर नृत्य किया और सुक्खू भाई ( शेष पेज 8 )


शपथ ग्रहण के बाद राहुल गांधी के साथ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह (दाएं)

### पुरानी पेंशन योजना पर अमल करेंगे: सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार पहली कैबिनेट मीटिंग में पुरानी पेंशन स्कीम पर अमल करेगी। उन्होंने कहा कि हमने 10 गारंटी दी हैं और हम उन पर अमल करेंगे। हम पारदर्शी और ईमानदार सरकार देंगे।

# आयुर्वेद की ओर लौट रहा विश्व: मोदी

- प्रधानमंत्री ने गोवा के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गाजियाबाद के राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान व दिल्ली के राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान का वर्चुअल उद्घाटन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को ज्यादा से ज्यादा देशों तक आयुर्वेद को ले जाने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया ने बहुत से चिकित्सा तौर तरीकों का इस्तेमाल किया और अब वह आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति की ओर लौट रही है। प्रधानमंत्री ने गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान और दिल्ली स्थित राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान का गोवा से डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

मोदी नौवें विश्व आयुर्वेद सम्मेलन (डब्ल्यूएसी) और आरोग्य एक्सपो के समापन सत्र को संबोधित करने के लिए आज दोपहर गोवा पहुंचे थे। आयुर्वेद सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, दुनिया इलाज के कई तरीके आजमा चुकी है और अब आयुर्वेद की प्राचीन पद्धति की ओर लौट रही है। आयुर्वेद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि समग्र स्वास्थ्य के बारे में बात करता है। मोदी ने कहा कि आयु ष उद्योग आठ साल पहले (2014 में जब उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला था) 20,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए ( शेष पेज 8 )




### आधुनिक सुविधाओं से लैस है यूनानी चिकित्सा संस्थान

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स की तर्ज पर गाजियाबाद में बने यूनानी हॉस्पिटल का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह कमला नेहरूनगर में करीब 10 एकड़ जमीन पर बना है। इसके निर्माण पर कुल 382 करोड़ खर्च हुए हैं।

सितंबर 2019 में इसका शिलान्यास हुआ था। यहां पर मरीजों के लिए 200 बेड की सुविधा है। बच्चों और महिलाओं के लिए पीकू.नीकू वार्ड हैं। रोजाना ओपीडी में एक हजार से ज्यादा मरीज आ सकेंगे। इस संस्थान में पांच ऑपरेशन थिएटर, मैटरनिटी विंग, एमआरआई, सीटी स्कैन, ब्लड बैंक, डिजिटल एक्सरे, पैथोलॉजी लैब जैसी सुविधाएं हैं। इसके अलावा यहां मरीज स्टीम बाथ, हिप बाथ, सोना बाथ जैसी सुविधाएं ले सकेंगे।

हॉस्पिटल के ठीक पीछे ही यूनानी चिकित्सा शिक्षा संस्थान की बिल्डिंग है। इसमें कुल 14 विभाग हैं। एक साल में करीब 125 छात्र यहां से यूनानी पढ़ाई कर सकेंगे। हर साल 22 छात्र डॉक्टरेट कर सकेंगे। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल भी बनाए हैं। इसी संस्थान में 50 करोड़ रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक लैब भी बनाई गई है, जहां यूनानी दवाओं पर शोध होगा।

# 500 एयर बस व बोइंग खरीदेगी एयर इंडिया



- अरबों डॉलर के ऐतिहासिक डील के करीब है कंपनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अपने** बेड़े को बढ़ाने में जुटी एयर इंडिया अरबों डॉलर की एक ऐतिहासिक डील करने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयर इंडिया एयरबस और बोइंग की अरबों डॉलर के 500 जेट विमान खरीदने के ऐतिहासिक सौदे के करीब है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक यह टाटा समूह के तहत एक महत्वाकांक्षी डील है। टाटा समूह एयर इंडिया का पुनरुद्धार करने वाला है, जिसके तहत यह ऑर्डर दिया गया है। इस ऑर्डर में 400 से अधिक नैरो-बॉडी जेट और 100 या अधिक वाइड-बॉडी के विमान की खरीद की जा रही है, जिनमें एयरबस 350 और बोइंग 787 और 777 शामिल हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा कि आने वाले दिनों में बड़े सौदे को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस ऐतिहासिक खरीद के बारे में एयरबस और बोइंग ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं, इस डील के संबंध में टाटा समूह ने भी किसी तरह की टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया है। यह ऑर्डर निजीकरण के बाद एयर इंडिया का पहला बड़ा विमान ऑर्डर होगा। पिछले साल अकासा एयर से 75 विमानों का ऑर्डर हासिल करने के बाद बोइंग का भारत में यह पहला बड़ा बिक्री सौदा होगा। भारत के नैरो बॉड बेड़े में एयरबस 320 का प्रभुत्व है।

# एमसीडी में हार के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष का इस्तीफा

- पार्टी की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नगर** निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) से हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी को निगम चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी वह अपने ऊपर लेते हैं। इसलिए पद छोड़ रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि उन्होंने शनिवार को ही अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेज दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक आदेश में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश के अनुसार दिल्ली भाजपा अध्यक्ष पद से आदेश गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अगले आदेश तक प्रदेश इकाई का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया जा रहा है। दिल्ली भाजपा कार्यालय में कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद सचदेवा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2024 के चुनावों में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर पार्टी की जीत के लिए काम करना शुरू करने का आह्वान किया। सचदेवा ने संवाददाताओं से कहा कि मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी देने के लिए वह पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आभारी हैं।

वह पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। गुप्ता ने भी ट्वीट कर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सचदेवा की नियुक्ति का स्वागत किया। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी ली और भाजपा की दिल्ली इकाई ( शेष पेज 8 )


आदेश गुप्ता


वीरेंद्र सचदेवा

# जम्मू-कश्मीर में हर परिवार को मिलेगी यूनिक आईडी

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश में सभी परिवारों का एक प्रामाणिक डेटाबेस बनाने की योजना बना रहा है। इसमें शामिल किए गए प्रत्एक परिवार का एक अनूठा कोड होगा और इस कदम का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के चयन को आसान बनाना है। फैमिली आईडी आवंटित करने के प्रस्तावित कदम का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है, लेकिन अन्य दलों ने निजी जानकारी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। रियासी जिले के कटरा में ई-गवर्नेंस पर हालिया राष्ट्रीय सम्मेलन में, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक प्रामाणिक, सत्यापित और विश्वसनीय डेटाबेस बनाने के लिए डिजिटल जम्मू कश्मीर दृष्टि पत्र जारी किया। दृष्टि पत्र के अनुसार, प्रत्येक परिवार को एक अनूठा कोड प्रदान किया जाएगा जिसे जेके फैमिली आईडी कहा जाएगा।

# गुजरात में दलबदल का खेल शुरू

- आप के कुछ विधायक भाजपा के संपर्क में, एक के भगवा पार्टी में शामिल होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** में आम आदमी पार्टी (आप) की मुश्किलें बढ़ रही हैं क्योंकि उसके कुछ नवनिर्वाचित विधायक भाजपा के संपर्क में है और इनमें से एक पाला बदलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दिलचस्प बात यह है कि पांच में से तीन आप विधायक इससे पहले भाजपा में थे लेकिन भगवा पार्टी द्वारा चुनाव में टिकट न मिलने के बाद ये आप में शामिल हो गए थे।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा आप के पांच विधायकों के संपर्क में है और इनमें से एक भूपत भयानी जल्द भगवा पार्टी में शामिल हो सकते हैं। ये अटकलबाजियां तब शुरू हुई जब भयानी ने कहा कि वे कि भाजपा को बाहर से समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होने जा रहा हूं। मैं जनता से पूछूंगा कि वह क्या चाहती है और इसके बाद कोई फैसला करूंगा। हाल ही में संपन्न गुजरात चुनाव में भयानी ने विस्वदार विधानसभा सीट से आप के टिकट पर जीत हासिल की थी। भाजपा के पक्ष में वकालत करते हुए भयानी ने एनडीटीवी से कहा कि विपक्ष की कम सीटें आने से वह कमजोर हो गई है और एक विधायक के रूप में तथा विपक्ष में बैठकर मैं उन लोगों के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा जिन्होंने मुझे वोट दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा क्षेत्र किसान बाहुल्य है। मुझे उनकी सिंचाई से संबंधित समस्या का निदान करना है।

इलाके में बहुत से व्यापारी भी हैं। मुझे उनके हितों को भी देखना है। यदि सरकार के साथ मेरा अच्छा संपर्क नहीं रहा तो मैं ऐसा नहीं कर पाउंगा। मैंने अपनी मांगें सरकार के सामने रख दी है और उसकी तरफ से मुझे आशाजनक जवाब आया है। अब मैं जनता और नेताओं से सलाह-मशविरा करूंगा। उन्होंने कहा कि जनता ने नरेंद्र मोदी और भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया है। मैं इसका सम्मान करता हूं.. मैं पहले भाजपा के साथ था और उसके नेताओं के साथ मेरे अच्छे रिश्ते हैं।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,181 | |
| निफ्टी | 18,496 | |
| सोना | 54,305 | /10g |
| चांदी | 67,365 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवान लापता

**चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्र में नेपाल सीमा पर चामीगाड़ में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का एक जवान लापता हो गया है। इस संबंध में एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक ने टनकपुर कोतवाली में जवान की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टनकपुर के कोतवाल चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि एसएसबी की पांचवीं वाहिनी ई-कंपनी, कलढुंगा की चामीगाड़ स्थित सीमा चौकी पर तैनात 35 वर्षीय दीपककुमार यादव के शुक्रवार देर शाम से परिसर से ही लापता होने की सूचना दी गई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के अलवर ढाकी निवासी जवान की तलाश में उसके साथियों ने पूरा परिसर छान मारा, लेकिन उसका पता नहीं लग सका।

# कर्नाटक में सलाम आरती का बदलेगा नाम

- टीपू सुल्तान की विवादित विरासत को बदलने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**18वीं** सदी में मैसूर के शासक टीपू सुल्तान की विवादित 'विरासत' का विरोध करते हुए भाजपा ने 'सलाम आरती' परंपरा का नाम बदलने का फैसला किया है जो उनके शासनकाल में कर्नाटक के मैसूर स्थित कोल्लूर मंदिर से शुरू हुआ था। इस परंपरा का नया नाम 'नमस्कारा' होगा और यह पूर्व से जारी अन्य परंपराओं के साथ जारी रहेगा।

सलाम आरती पूजा की शुरुआत 18वीं सदी में टीपू की ओर से मैसूर राज्य के कल्याण के लिए की गई थी। कर्नाटक के गृहमंत्री अरगा जनेंद्र ने सलाम आरती परंपरा का नामांतरण करने के सरकार के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले से भारतीय संस्कृति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सलाम आरती का नाम बदलने का फैसला सही है। अगर मंदिरों से हमारी संस्कृति की मजबूत करने का प्रयास नहीं किया जाएगा तो फिर और कहां से किया जाएगा।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वह असली मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही है और इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है। करीब सात महीने पहले इस प्रस्ताव की सिफारिश की गई थी। यह सिफारिश इसलिए की गई थी क्योंकि कुछ लोगों ने सदियों पहले से चली आ रही ( शेष पेज 8 )


# इंग्लैंड को पछाड़ फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

**एपी।** अल खोर (कतर)

**ओलिवियर** गिरोड के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने शनिवार को यहां इंग्लैंड को 2-1 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गिरोड ने अल बायत स्टेडियम में 78वें मिनट में फ्रांस के लिए दूसरा और निर्णायक गोल दागा। इससे वह अब ब्राजील के बाद लगातार दो विश्व कप जीतने वाली दूसरी टीम बनने से अब केवल दो जीत दूर है।

ब्राजील में 1958 और 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। गिरोड ने तब खुशी में तेज दौड़ लगाई जब उनका हेडर इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छका कर गोल के अंदर घुसा। इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन को इसके बाद बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। यह केन की दूसरी पेनल्टी थी। इससे पहले 54वें मिनट में उन्होंने पेनल्टी को गोल में बदलकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई थी। ऑरेलियन टचौमेनी ने 17वें मिनट में फ्रांस की तरफ से पहला गोल किया था। फ्रांस बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में मोरक्को का सामना करेगा जिसने पुर्तगाल को एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में 1-0 से हराया। मोरक्को विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। इंग्लैंड स्कोर 1-1 से बराबर करने के बाद बढ़त लेने की स्थिति में भी दिख रहा था लेकिन वह गिरोड थे जिन्होंने एंटोनी ग्रीजमैन के क्रास पर गोल करके फ्रांस की तरफ से 53वां गोल दागा जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। फ्रांस की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि रेफरी विल्टन सैंपैयो ने बॉक्स के अंदर स्थानापन्न मैसन माउंट की चुनौती की समीक्षा की जिन्हें थियो हर्नांडेज ने गिरा दिया था।

ब्राजील के रेफरी ने इंग्लैंड को पेनल्टी दे दी। केन ने जब पहली बार पेनल्टी ली थी तो तब वह टोटेनहैम के अपने साथी ह्यूगो लोरिस को छकाने में सफल रहे थे लेकिन दूसरी बार में उनकी किक क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई। इससे जहां इंग्लैंड के समर्थक निराश हो गए वहीं फ्रांसीसी समर्थक जश्न मनाने लगे। इंग्लैंड को पहली पेनल्टी टचौमेनी द्वारा बुकायो साका को गिराने के कारण मिली थी। पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में इटली से पेनल्टी में हारने वाला इंग्लैंड 2018 में विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचा था। इंग्लैंड ने विश्व कप ( शेष पेज 8 )


इंग्लैंड के विरुद्ध गोल करते फ्रांस के ओलिवियर गिरोड

# लुहारली में स्थानीय लोगों को नहीं देना पड़ेगा टोल

## टोल बूथ पर अब नहीं लगेंगी लंबी कतारें, 42 गांवों के चालकों को आईडी दिखाने का झंझट खत्म

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा में एनएच 91 के लुहारली टोल प्लाजा पर ग्रामीणों को आईडी दिखाने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। टोल प्लाजा के दायरे में आने वाले गांवों के ग्रामीण जीरो फास्ट्रेक से निशुल्क यहां से गुजरेंगे एजिससे उन्हें आईडी कार्ड दिखाने के झंझट से राहत मिल जाएगी। वही यहां पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी।

दरअसल नेशनल हाईवे 91 के लुहारली टोल प्लाजा के दायरे में आने वाले 7 किलोमीटर के दूरी में लगभग 42 गांव है, जिनके ग्रामीण यहां से अपने आईडी कार्ड दिखाकर निशुल्क निकलते हैं लेकिन आईडी कार्ड दिखाने में काफी समय लग जाता है। जिससे यहां पर जाम की स्थिति बन जाती है। आईडी कार्ड दिखाने के झंझट और जाम की स्थिति न बने इसके लिए टोल प्लाजा प्रबंधन ने जीरो फास्टैग बनाने की स्कीम निकाली है।

उनका कहना है कि टोल प्लाजा के दोनों तरफ 7 किलोमीटर की दूरी के दायरे में आने वाले ग्रामीणों की गाड़ियों पर निशुल्क जीरो फास्टैग लगाया जाएगा। जिससे उन्हें आईडी कार्ड दिखाने के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा और बिना रुके फास्टटैग से जल्द ही यहां से निशुल्क निकल जाएंगे। यह फास्ट टैग निशुल्क होगा और इससे किसी भी ग्रामीण से कोई शुल्क नहीं वसूला जाएगा।

टोल प्लाजा मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा पर यहां से निशुल्क गुजरने वाले ग्रामीणों को आईडी कार्ड दिखाना होता, जिसके बाद उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाता। लेकिन आईडी कार्ड दिखाने में काफी समय लग जाता है।

जिससे यहां पर अधिकतर जाम लग जाता है। उसी समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों को यहां से निकलने के लिए नि: शुल्क फास्ट टैग दिए जा रहे हैं। टोल प्लाजा के दायरे में आने वाले गांवों में कैंप लगाकर ग्रामीणों की गाड़ियों पर फास्ट टैग लगाए जा रहे हैं। जो निशुल्क रहेंगे और यहां पर आने जाने में समय नहीं लगेगा जिससे जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

मुकेश कुमार ने बताया कि अधिकांश लोग गाड़ियों पर जीरो फास्टैग लगाने के पक्ष में है और अपनी गाड़ी रजिस्ट्रेशन और अपना आधार कार्ड दिखाकर लोग अपनी गाड़ियों पर जीरो फास्टटैग लगवा रहे हैं। लेकिन कुछ ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वाले लोगों का मुख्य उद्देश्य है, यहां से फर्जी तरीके से गाड़ियों को निकलवाने का है। उनका कहना है कि उनके रिश्तेदार और जान पहचान के लोग यहां से उनकी आईडी दिखा कर निकल जाते हैं।

लेकिन जीरो फास्ट टैग व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जाने से फर्जी तरीके से निकल रहे लोगों पर लगाम लगेगी। इसीलिए कुछ ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

## दो पुलिस उपायुक्तों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर स्तर पर गठित स्थापना बोर्ड की गोष्ठी में सम्यक विचारोपरांत प्रशासनिक हित, अपराध नियंत्रण एवं बेहतर कानून व्यवस्था के मद्देनजर दो पुलिस उपायुक्त के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किये गए है।

डा.श्रीमती मीना कात्यायन पुलिस उपायुक्त अपराध के साथ-साथ पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगी। वहीं अभिषेक वर्मा उपायुक्त ग्रेनो के साथ-साथ पुलिस लाइन के कार्यों का भी पर्यवेक्षण करेंगे। वहीं नितिन कुमार सहायक पुलिस आयुक्त-4, ग्रेटर नोएडा के अवकाश पर होने के फलस्वरूप प्रशासनिक हित, अपराध नियंत्रण एवं बेहतर कानून व्यवस्था हेतु सहायक पुलिस आयुक्तगण के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किये गए है। अब्दुल कादिर, सहायक पुलिस आयुक्त.1, सेंट्रल नोएडा से सहायक पुलिस आयुक्त-4, नितिन कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त-4, ग्रेटर नोएडा से कमिश्नरेट मुख्यालय संबद्ध किये गए है।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा कार्निवल में लोग मेले का लुत्फ उठाते हुए।

### नोएडा कार्निवल में उमड़ी भीड़

**नोएडा।** सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में क्रिसमस एवं न्यू ईयर कार्निवल में खासा भीड़ रही। छुट्टी वाले दिन तमाम लोग पूरे परिवार के साथ कार्निवल में पहुंचे और सामानों की खरीद. फरोख्त की। बच्चों ने वाटर पार्क में जमकर मस्ती की। गौरतलब है कि कोरोना आपदा के बाद यह पहला शानदार और बड़े कार्निवल का आयोजन किया गया है। कार्निवल के मैनेजर रविशंकर ने बताया कि यहां पर साफ सफाई का विशेष प्रबंध किया गया है। बच्चों के लिये वाटर पार्क एवं मिनी कार रेसिंग कोट अपनी ओर आकर्षित करता है। तीन दर्जन से अधिक लगे फास्ट फूड के स्टाल आने वाले लोगों को दुविधा में डाल देते है। प्रवेश के लिए कम दर पर टिकट रखी गई है। कार्निवल में पूरे भारत से शिल्पकार आए हुए हैं जो अपनी वस्तुओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। मौजूद दुकानदारों में ग्राहकों की संख्या ठीक मिलने पर उत्साह बना हुआ है।

### फर्नीचर के बंद गोदाम में लगी आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र के सूर्य नगर में रविवार सुबह करीब 11 बजे फर्नीचर के बंद गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई। सूर्य नगर के सी ब्लाक में प्रवीण कुमार गुप्त का फर्नीचर का गोदाम है। रविवार को गोदाम बंद था। सुबह करीब 11 बजे उसमें से धुआं निकलता देख कर लोगों ने उन्हें इसकी जानकारी दी। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर अग्निशमनकर्मी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। इस बीच तीन गाड़ियों के साथ और अग्निशमनकर्मी पहुंच गए। अग्निशमनकर्मियों ने करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग फैली नहीं वरना आसपास के भवन भी उसकी चपेट में आ जाते और बड़ा हादसा हो जाता। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी थी।

### अवैध वसूली करता कथित पत्रकार गिरफ्तार

नोएडा। थाना फेज.1 पुलिस ने सेक्टर-4 के सब्जी मार्केट में सब्जी विक्रेताओं से अवैध वसूली करने के आरोप में एक कथित पत्रकार को गिरफ्तार किया है। फेज-1 थाना के प्रभारी निरीक्षक विरेशपाल गिरी ने बताया कि सब्जी विक्रेता मोनू ने कथित पत्रकार आशय पोरवाल के खिलाफलिखित तहरीर देकर शिकायत की है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि आशय पोरवाल कई वर्षों से पत्रकार का रौब गालिब कर के सब्जी विक्रेताओं से अवैध वसूली करता था। आशय पोरवाल पुत्र जगदीश पोरवाल फ्लिहाल खोड़ा कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने उसके पास से एक परिचय पत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 184 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर लड़कियों का डांस और बोनट पर काटा केक

**गाजियाबाद।** देश का पहला सबसे लंबा सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड तमाम प्रतिबंधों के बावजूद युवाओं के रील्स बनाने का सबसे मुफीद अड्डा बना है। ताजा वीडियो दो लड़कियों का सामने आया है, जिसमें उन्होंने कार के बोनट पर केक काटकर बर्थडे सेलिब्रेट किया और फिर कई गानों पर सड़क पर खूब डांस किया। पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लिया और जांच करके कार्रवाई की बात कही है। वीडियो नंदग्राम थाना क्षेत्र में राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होने वाले एलिवेटेड रोड पर करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दिल्ली नंबर की वैगनआर कार सड़क के मोड़ पर खड़ी है। कार के बोनट पर केक रखा है और दो लड़कियां सात समंदर पार गाने पर सड़क पर डांस कर रही हैं। इन लड़कियों ने एक.दो नहीं, कई गानों पर डांस किया और बाकायदा इसकी वीडियो शूट कराई।

# कूड़ा न देने पर 33 सोसाइटियों पर लगा जुर्माना

- अनाधिकृत वेंडर को कचरा देने से स्वच्छता अभियान का लग रहा था पलीता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी करने के बाद भी इंदिरापुरम की 33 सोसायटियां अभी भी अनाधिकृत वेंडर को कूड़ा दे रही हैं। ये वेंडर कूड़े से बेचने योग्य सामान निकालकर कचरे कोसड़कों के किनारे डालकर शहर की स्वच्छता में पलीता लगाया जा रहा है।

नोटिस और रिमाइंडर भेजने के बाद भी सोसायटियां जीडीए की गाड़ी में कूड़ा नहीं डाल रही है। ऐसे में जीडीए जल्द ही इन सोसायटियों पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाएगा। जीडीए ने हाल ही में 37 सोसायटियों को नोटिस दिया था। दरअसल इन सोसायटियों में कुल 13510 फ्लैट हैं। इन फ्लैटों का कूड़ा अनाधिकृत वेंडर उठाते हैं।

इसके बाद बेचने योग्य सामान निकालकर कूड़े को सड़कों के किनारे या खाली प्लाट में कूड़ा डाल देते हैं। कई बार कूड़े में आग लगा देते हैं, जिससे राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का उल्लंघन होता है। साथ ही शहर की सुंदरता खराब होती है। नोटिस और रिमाइंडर जारी करने के बाद सिर्फ चार सोसायटियां. आम्रपाली ग्रीन, शांति विहार, हिमालय लीजेंड और मनोज विहार ने जीडीए की अधिकृत गाड़ी में कूड़ा डालना शुरू कर दिया है। अभी 33 सोसायटियों ने कूड़ा देना शुरू नहीं किया है। इसमें लोटस पोंड, मनोज विहार, एंजल मर्करी, निहो स्काटिश गार्डन, एंजल ज्युपिटर, शिप्रा कृष्णा विस्टा, शिप्रा सृष्टि, शिप्रा निहो, एक्सप्रेस गार्डन, विंडसर पार्क, अंबा जी, विजया अपार्टमेंट, राजहंस, गुलमोहर, जीसी सेंट्रम, श्री राम रेजीडेंसी, अरिहंत रेजीडेंसी, पिनाकल टावर, निराला ईडन गार्डन, सृजन विहार, एसपीएस रेजीडेंसी, एचआरसी, पार्श्वनाथ मैजेस्टिक फ्लोर्स समेत अन्य सोसायटियां हैं। जीडीए के अधिशासी अभियंता आलोक रंजन ने कहा कि नोटिस और रिमाइंडर देने के बाद भी इंदिरापुरम की 33 सोसायटियों ने नेचर क्लीन इनवायरो सर्विस की गाड़ी में कूड़ा नहीं डालना शुरू किया है। ये सोसायटियां एनजीटी के नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। जल्द ही इन सोसायटियों पर दो लाख रुपये तक जुर्माने की कार्रवाई की जाएगा।

## गंगा-यमुना हिंडन अपार्टमेंट में घरेलू सहायिका को आवारा कुत्ते ने काटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सिद्धार्थ विहार की गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट सोसायटी में रविवार सुबह घरेलू सहायिका को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया, लेकिन तब तक पैर में कुत्ता कई जगह दांत गड़ा चुका था।

कुत्ते के काटने के बाद लोगों ने सोसायटी में हंगामा किया और पुलिस को भी सूचना दी। पुलिसकर्मियों ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया, जिसके बाद सहायिका की मालकिन ने मेंटेनेंस कार्यालय में कुत्तों को सोसायटी से बाहर करने की शिकायत दी। सोसायटी में रहने वाली रेनू ने बताया कि कांशीराम आवास योजना में रहने वाली मालती उनके और कई लोगों के फ्लैट में पांच साल से कार्य कर रही हैं। रविवार को मालती उनके फ्लैट के लिए लिफ्ट में प्रवेश करने जा रही थीं।

इसी दौरान एक कुत्ता बिल्कुल चुपचाप तरीके से आया और बायें पर काट लिया। मालती का कहना था कि न तो वह भागीं, न ही उन्हें कुत्ता दिखा। भौंकने की आवाज तक नहीं आई और अचानक कुत्ते ने हमला बोल दिया। मालती को कुत्ते को काटने के बाद सोसायटी के लोग इकट्ठे हो गए और यह कहकर हंगामा किया कि कुत्ते लगातार लोगों को काट रहे हैं।

# गाजियाबाद स्टेशन सबसे व्यस्त होगा

**रैपिड रेल**

- तीन सड़कों से जुड़ रहे 3 गेट, दिल्ली मेट्रो से भी कनेक्अ होगा स्टेशन

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर सबसे बड़ा और व्यस्त स्टेशन गाजियाबाद होगा। यहां सबसे ज्यादा पांच एंट्री-एग्जिट गेट लगाए जा रहे हैं। इसमें तीन गेट फुटओवरब्रिज के जरिये सीधे स्टेशन जोड़े जाएंगे।

अगले एक हफ्ते के भीतर साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच रैपिड रेल का ट्रायल रन शुरू होने की उम्मीद है। इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। गाजियाबाद का रैपिड रेल स्टेशन सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक होगा। इसकी कई वजह हैं। ये स्टेशन मेरठ रोड पर तिराहा पर बना है। इससे कुछ दूरी पर गाजियाबाद का नया बस अड्डा हैए जहां से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों के लिए बसें मिलती हैं।

चंद कदमों की दूरी पर दिल्ली मेट्रो का स्टेशन है। जबकि रैपिड रेल स्टेशन के सामने ही महामाया स्टेडियम है, जहां दूरदराज से खिलाड़ी आते हैं। ऐसे में बस और मेट्रो स्टेशन से भी रैपिड रेल का स्टेशन जुड़ जाएगा। गाजियाबाद का स्टेशन पूरी तरह एलिवेटेड यानि पिलर के ऊपर बना है। ये मेरठ तिराहा मोड़ और गाजियाबाद-मेरठ मार्ग की तीन सड़कों के बीच बन रहा है। लोकेशन की वजह से से सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक होगा।

व्यस्त स्टेशन होने की वजह से ही इस स्टेशन के तीनों तरफ एंट्री-एग्जिट गेट दिए हैं, ताकि किसी को आने-जाने में परेशानी न हो। जिस सड़क के ऊपर ये स्टेशन बन रहा है, उस पर हर सेकेंड ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। इसलिए यात्री सड़क पार करने के लिए भी इस स्टेशन के एंट्री-एग्जिट गेट का प्रयोग कर सकेंगे। इन तीनों गेटों को फुट ओवरब्रिज के जरिये स्टेशन से जोड़ा जाएगा। फुट ओवरब्रिज में लिफ्ट और एक्सेलेटर होंगे। एक गेट दिल्ली-गाजियाबाद रोड पर चौधरी चरण सिंह पार्क में, दूसरा गेट आर्यनगर की तरफ और तीसरा गेट पटेलनगर की तरफ बनाया जा रहा है।

## बिरयानी की ठेली वाले से मांगा जीएसटी नंबर

- जीएसटी टीम को देखकर कई दुकानदार और ग्राहक हुए फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिछले कुछ दिनों से नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में जीएसटी विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। बताया जा रहा है कि कोई भी दुकान ऐसी नहीं है, जहां पर जीएसटी विभाग की टीम छापेमारी ना कर रही हो।

अब रविवार की सुबह ग्रेटर नोएडा के हल्द्वानी गांव में एक बिरयानी की दुकान ठेली पर जीएसटी विभाग की टीम पहुंची और पूछने लगी कि क्या तुम्हारे पास जीएसटी नंबर है। मौके पर काफी संख्या में लोग बिरयानी खा रहे थे। जीएसटी विभाग का छापा पड़ने पर सभी मौके से भाग गए। हल्द्वानी गांव में काफी बड़ी मार्केट है। यहां के दुकानदारों का कहना है कि अब जीएसटी विभाग की टीम बिरयानी और छोले.कुलचे की ठेली पर भी जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि रविवार को एक दुकान पर जीएसटी की टीम पहुंची और जीएसटी नंबर के बारे में पूछने लगी। इतने में आसपास में स्थित सभी दुकानें बंद हो गई और दुकानदार भाग गए। बिरयानी की ठेली पर बिरयानी खाने वाले लोग भी मौके से फरार हो गए। दुकानदारों और व्यापारियों का कहना है कि यह उत्तर प्रदेश सरकार को बदनाम करने की साजिश है। जीएसटी विभाग की टीम सभी लोगों को परेशान कर रही है। कुछ लोग ठेली लगाकर अपना रोजगार कह रहे हैं, उनको लगातार परेशान किया जा रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पिछले करीब 7 दिनों से कई मुख्य इलाकों की दुकानें बंद हैं। हजारों व्यापारी अपनी दुकानों के शटर डाउन करके अपने घर में बैठे हुए हैं। व्यापारियों में डर का माहौल है।

फार्म सं. यूआरसी 2

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसार]

1. नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, इसके पंद्रह दिनों के बाद लेकिन रजिस्ट्रार के चौथे तल पर तीस दिनों की समाप्ति से पहले आवेदन करने का प्रस्ताव है। , आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली -110019 कि एएफआई डिजिटल सर्विसेज एलएलपी, एक सीमित देयता भागीदारी को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:
   - I- ग्राफिक डिजाइनिंग सेवा प्रदाताओं के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए और खुदरा ग्राफिक डिजाइनिंग व्यवसाय पत्रिकाओं, पत्रिकाओं, स्मृति चिन्ह, समाचार पत्र, पत्रिकाओं, बुलेटिन, पैम्फलेट, फॉर्म कैटलॉग, डायरी, कैलेंडर, पोस्टर, चित्रों को स्थापित करने और चलाने के लिए बढ़ावा देने, बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए प्रिंट के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी विषय पर स्टिकर, पाठय पुस्तकें, कानून की किताबें, स्कूल की किताबें, कॉलेज की किताबें, समाचार पत्र और अन्य संबद्ध प्रकाशन और सॉफ्टवेयर, कॉस, कैसेट, फ्लॉपी या कोई अन्य मतदाता मोड, डिवाइस, सिस्टम विकसित करने के लिए और जॉब वर्क, ठेकेदार, उपठेकेदार, सलाहकार, डेट एंट्री ऑपरेटर, पेज मेकर, वेबसाइट डिजाइनर, कॉपीराइट मालिक के रूप में कार्य करना और उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं, लेखों और चीजों से निपटना। प्रकाशकों, डिजाइनरों, लेखकों, लेखक और प्रकाशन के संपादकों के व्यवसाय को जारी रखने के लिए सभी क्षेत्रों का विवरण, विनिर्देश, अनुप्रयोग और पुस्तकों, पत्रिकाओं और पत्रिकाओं, स्मृति चिन्ह, समाचार पत्र, आवधिक, बुलेटिन, पाठय पुस्तकें, स्कूल की किताबें, कॉलेज की किताबें, समाचार पत्र सहित उपयोग और अन्य संबद्ध प्रकाशन किसी भी विषय पर प्रिंट, ऑनलाइन और रिश्तेदार सक्रिय हैं।
   - II- भारत या अन्य जगहों पर प्रिंटर, प्रकाशक, टाइपसेस्टर, डीपीटी ऑपरेटर, प्रूफरीडर, बाइंडर, कटर, वेधकर्ता, लैमिनेटर, डिजाइनर, लेखक, लेखक और प्रकाशन के संपादक के रूप में सभी किस्मों, विवरण, विनिर्देशों, अनुप्रयोगों और पुस्तकों सहित उपयोगों का व्यवसाय करना , उपन्यास, पत्रिकाएँ, पत्रिकाएँ, स्मृति चिन्ह, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, बुलेटिन, पैम्फलेट, कैटलॉग, डायरी, कैलेंडर, पोस्टर, चित्र, स्टिकर, पाठय पुस्तकें, कानून की किताबें, स्कूल की किताबें, कॉलेज की किताबें, समाचार पत्र और किसी भी विषय पर अन्य संबद्ध प्रकाशन प्रिंट के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में और सॉफ्टवेयर, सीडी, कैसेट, फ्लॉपी या किसी अन्य मतदाता मोड, उपकरणों, प्रणालियों को विकसित करने और जॉबवर्क, ठेकेदार, उप-ठेकेदार, सलाहकार, दिनांक प्रविष्टि ऑपरेटर, पेज निर्माता, वेबसाइट के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइनर, कॉपीराइट मालिक और उपरोक्त वस्तुओं की प्राप्ति के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं, लेखों और चीजों से निपटने के लिए।
   - III- थिएटर, स्थानों और हॉल, स्टूडियो और सिनेमैटोग्राफ, शो और प्रदर्शनियों के मालिकों या प्रबंधकों का व्यवसाय करना और खरीदना, किराए पर लेना या अन्यथा। सिनेमैटोग्राफिक शो और प्रदर्शनियों के संबंध में कोई भी फोटोग्राफिक और अन्य उपकरण प्राप्त करें।
   - IV- कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड, अन्य क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋण, ओवरड्राफ्ट, कार्यशील पूंजी सुविधाओं आदि के लिए आवेदन करने के लिए।
3. प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का कार्यालय बी-17 चंदर विहार मंडावली दिल्ली पूर्वी दिल्ली 110092 में निरीक्षण किया जा सकता है।
4. एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (CRC), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (IICA), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5 में रजिस्ट्रार को लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। , IMT मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड- 122050, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में एक प्रति के साथ।

यह तारीख है 12 के दिन दिसंबर 2022

एएफआई डिजिटल सर्विसेज एलएलपी के लिए
1. (विजय लक्ष्मी सिंह)
मनोनीत भागीदार
डिआईएन :- 07582493
2. (विक्रांत सिंह)
मनोनीत भागीदार
डिआईएन :- 07582493

## गैंगस्टर बिश्नोई की डीपी लगाकर मांगी 20 लाख की रंगदारी, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस ने अधिवक्ता गौरव पाल से 20 लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसने गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई की डिस्पले पिक्चर डीपी लगे वर्चुअल वाट्सएप नंबर से रंगदारी मांगी थी।

सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा ने बताया कि बदमाश की पहचान कपिल चौधरी के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला है कि वह शातिर बदमाश है। वर्ष-2021 में आठ साल की सजा काटकर जेल से छूटा है। उसका सगा भाई और पिता पिलखुआ थाना के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। उसका भाई तीन दिन पहले जेल से रिहा हुआ है।

अपने व भाई और पिता के मुकदमों की पैरवी के खर्चों के लिए उसने गौरव से रंगदारी मांगी थी। इसके लिए उसने योजना बनाई थी। योजना के तहत उसने यूट्यूब से वर्चुअल वाट्सएप नंबर तैयार किया। उसका प्रयोग करके वाइफाई डिवाइस से जरिये दो दिसंबर को अर्थला के गौरव को वाट्सएप संदेश भेजकर 20 लाख रुपये रंगदारी मांगी थी।

## आज से ग्रेनो मेट्रो स्टेशन पर शुल्क पार्किंग

- चार पहिया वाहनों को 6 घंटे के लिए 25 रुपये देने होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एनएमआरसी यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रेटर नोएडा सेक्शन में पार्किंग शुरू करेगा। सोमवार से ग्रेटर नोएडा के अल्फा-1 मेट्रो स्टेशन में पार्किंग की सुविधा शुरू होगी। इससे लोग पार्किंग में गाड़ी खड़ी करके मेट्रो से सफर कर सकेंगे।

एनएमआरसी नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा लाइन मेट्रो का संचालन करता है। इस कॉरिडोर के कई स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधाएं है। ग्रेटर नोएडा में मेट्रो स्टेशनों पर शुरुआत में ही पार्किंग बनाकर तैयार कर दी गई थीं। नोएडा में यह सुविधा शुल्क के साथ शुरू है, लेकिन ग्रेटर नोएडा सेक्शन में यह सुविधा अभी तक नि:शुल्क मिल रही थी।

हालांकि, एनएमआरसी पार्किंग्स में कोई मैनेजमेंट नहीं करता है। लोग अपने जोखिम पर यहां वाहन खड़े करते रहे हैं। अब ग्रेटर नोएडा सेक्शन में पेड पार्किंग की शुरुआत सोमवार से होगी। मेट्रो यात्रियों की सुविधा के लिए, अल्फा-1 मेट्रो स्टेशन की पार्किंग सोमवार से शुरू होगी। एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक आनंद वर्धन ने बताया कि अल्फा-1 मेट्रो स्टेशन की पार्किंग सोमवार से शुरू हो जाएगी।

धीरे-धीरे अन्य स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू की जाएगी। इस पार्किंग में चार पहिया वाहनों को 6 घंटे के लिए 25 रुपये और 12 घंटे के लिए 50 रुपये देने होंगे। पूरे एक दिन के लिए 56 रुपये देना होगा। अगर आप मासिक पास बनवाते हैं तो आपको पूरे महीने के लिए केवल 1100 रुपये देने होंगे। इसी तरह टू व्हीलर और ऑटो के लिए 6 घंटे के लिए 15 रुपये पार्किंग शुल्क लगेगा।

## आवासीय परियोजना में हरित मानदंडों का उल्लंघन, समिति गठित

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने गाजियाबाद में एक आवासीय परियोजना के जरूरी पर्यावरण मानदंडों के कथित उल्लंघन पर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक समिति का गठन किया है।

हरित पैनल ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए समिति का गठन किया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि गाजियाबाद में कई बिल्डरों द्वारा विकसित की जा रही आवास विकास परिषद की एक परियोजना सिद्धार्थ विहार योजना में पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है। एनजीटी पीठ ने पिछले सप्ताह पारित अपने आदेश में कहा, हमारे विचार में एक महीने के भीतर ट्रिब्यूनल को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट मिलनी चाहिए।

# 7 राज्यों और 20 देशों से आएंगे 10 लाख करोड़

- 43 आईएएस का डेलिगेशन 60 से ज्यादा कंपनियों के सीईओ से करेगा एमओयू साइन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




यूपी सरकार देश में प्रदेश को निवेश का हब बनाना चाहती है। इसके लिए फरवरी 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट होने जा रहा है।

ऐसे में निवेश को बढ़ाने के लिए प्रदेश के 43 आईएएस अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल 20 देशों में दौरे पर गया है। जहां करीब 60 से ज्यादा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। इसमें फूड प्रोडक्ट, बेवरेज, आइटी, मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों से निवेशकों को प्रदेश की ओर कैसे आकर्षित किया जाए।

इसके लिए भी अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। ऐसे में सात राज्यों दिल्ली, कोलकाता पश्चिम बंगाल, अहमदाबाद गुजरात, हैदराबाद आंध्र प्रदेश.तेलंगाना, बेंगलुरु कर्नाटक, चेन्नई तमिलनाडु, मुंबई महाराष्ट्र में निवेश को बढ़ाने के लिए यूपी रोड शो करेगा। यहां पर रोड शो के बाद बिजनेस टू बिजनेस बी टू बी के लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत होगी।

निवेश का लक्ष्य करीब 10 लाख करोड़ रखा गया है। इसमें तीन लाख करोड़ नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण से है। जिसको लेकर नोएडा प्राधिकरण अब तक 35000 करोड़ रुपए के एमओयू साइन कर चुका है। इसमें सबसे बड़ा साइन एम3एम कंपनी के साथ आठ हजार करोड़ रुपए का हुआ है। जो नोएडा में कॉमर्शियल माल तैयार करेगा।

इसके अलावा करीब 40 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए गए है। दुबई यहां एनर्जी, मेडिकल एजुकेशन, टैक्स्टाइल, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, लेदर और इन्फ्रास्ट्रक्चर, टोकयो आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स, टैक्स्टाइल, एग्रो फूड प्रोसेसिंग, लोजिस्टिक, रिटेल, केमिकल, टूरिज्म और कंस्ट्रक्शन, सियोल से आईटी, टेक्सटाइल, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लाजिस्टक, रिटेल, केमिकल, टूरिजम और कंस्ट्रक्शन आदि से लगातार बातचीत चल रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सुल्ली डील्स मामले में मुख्य आरोपी पर चलेगा केस, उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

● सोशल मीडिया पर मुस्लिम महिलाओं को बदनाम करने के मामले में किया गया था गिरफ्तार



ओंकारेश्वर ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सुल्ली डील्स ऐप मामले में मुख्य आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। नीलामी के लिए कई मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें इस ऐप पर डाली गई थीं।

इससे पूरे देश में हंगाम मच गया था और सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई थी। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ओंकारेश्वर ठाकुर (26) पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 196 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। यह धारा, सरकार के खिलाफ अपराधों और ऐसे अपराध करने के लिए आपराधिक साजिश का मुकदमा चलाने से संबद्ध है। पुलिस को इस धारा के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी की जरूरत थी। ठाकुर ने कथित तौर पर सुल्ली डील्स ऐप और सुल्ली डील्स ट्विटर हैंडल बनाया था। उल्लेखनीय है कि यह ऐप बनाने का मकसद मुस्लिम महिलाओं और मुस्लिम समुदाय का अपमान करना था। ठाकुर ने मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित आईपीएस एकेडमी से बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (बीसीए) की पढ़ाई की है। ऐप पर सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों को नीलामी के लिए डाला गया था और उनकी तस्वीरें उनकी इजाजत के बगैर हासिल की गई थीं तथा फोटो में छेड़छाड़ की गई थी। पुलिस ने सात जुलाई 2021 को इस सिलसिले में एक मामला दर्ज किया था। ठाकुर को इस साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। एक सूत्र ने कहा कि उपराज्यपाल का मानना है कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है और इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) केपीएस मल्होत्रा ने कहा था कि आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह ट्विटर पर एक समूह का सदस्य था और उसने मुस्लिम महिलाओं को बदनाम और ट्रोल करने का विचार वहां साझा किया था।

अधिकारी ने कहा कि ठाकुर ने गिटहब पर कोड विकसित किया। गिटहब तक समूह के सभी सदस्यों की पहुंच थी। उसने अपने ट्विटर अकाउंट पर ऐप को साझा किया था। मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों को समूह के सदस्यों ने अपलोड किया था। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी एट द रेट गैंगेसाइअल हैंडल का इस्तेमाल करके जनवरी 2020 में ट्विटर पर ट्रेडमहासभा नाम के समूह में शामिल हुआ था। पुलिस ने कहा था कि समूह पर विभिन्न चर्चाओं के दौरान सदस्यों ने मुस्लिम महिलाओं को ट्रोल करने की बात कही थी।

पुलिस ने नीरज बिश्नोई (21) से पूछताछ के दौरान ठाकुर के बारे में जानकारी जुटाई थी। माना जाता है कि बिश्नोई बुल्ली बाई ऐप का निर्माता और कथित सरगना है।

## गुनगुनी धूप का मजा लेता सफेद हिरनों का झुंड



# सोशल मीडिया पर आई बोर्ड परीक्षा तिथि फर्जी

● सीबीएसई ने जारी किए दिशा-निर्देश, छात्रों से भ्रमित नहीं होने की अपील




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को कहा कि सोशल मीडिया पर आईं 10वीं, 12वीं की परीक्षा तिथि सारणी (डेट शीट) फर्जी हैं। अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड ने अभी परीक्षा तिथि सारणी जारी नहीं की है और जल्द ही ये जारी की जाएंगी।

बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कई तरह की डेटशीट सामने आई हैं, जो फर्जी हैं। परीक्षा का कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। छात्र व अभिभावकों को आधिकारिक जानकारी के लिए प्रतीक्षा करनी चाहिए। सीबीएसई अधिकारियों ने छात्रों से अपील की है कि वे किसी भी तरह से भ्रमित न हों। सीबीएसई की डेटशीट अब किसी भी दिन बोर्ड की वेबसाइट cbse.gov.in, cbse.nic.in पर जारी हो सकता है। इस साल सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं सिंगल टर्म में आयोजित की जाएंगी। पिछले वर्षों के पैटर्न को देखा जाए तो बोर्ड परीक्षाओं के 75 से 90 दिन पहले ही बोर्ड परीक्षा का टाइमटेबल जारी होता रहा है। अभी दिल्ली समेत देशभर में सीबीएसई के स्कूलों में प्री बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। ये प्री बोर्ड परीक्षाएं इस साल दो बार ली जाएंगी। पहली परीक्षा 15 दिसंबर से शुरू होगी जबकि दूसरी प्री बोर्ड परीक्षा 15 जनवरी से आयोजित होंगी। इस वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित होने वाली 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में लगभग 34 लाख छात्र-छात्राएं बैठेंगे। इनमें लगभग 18 लाख विद्यथी 10वीं तथा 16 12वीं की परीक्षा देंगे। इससे पहले शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए तारीखों की घोषणा कर दी। इसके अनुसार एक जनवरी से दसवीं और बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी।

सीबीएसई ने शिक्षकों और छात्रों की सहूलियत के लिए तीन विषयवार अंक ब्रेकअप भी जारी कर दिए हैं। अंक ब्रेकअप के अनुसार अधिकतर विषयों में थ्योरी 80 नंबर और इंटर्नल असेसमेंट 20 नंबर का है। जबकि कुछ विषयों में 50 नंबर की थ्योरी और 50 का प्रैक्टिकल है। सीबीएसई की वेबसाइट पर जारी नोटिस में कहा गया है।

## हत्या कर शव को बड़ौत में फेंक आए, गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में हत्या कर शव को उत्तर प्रदेश के बड़ौत जिले में फेंकने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजकुमार और दीपक ने शाहबाद डेयरी पुलिस स्टेशन में बीसी के रूप में सूचीबद्ध जयकुमार (45) की हत्या कर दी। जयकुमार 27 नवंबर को अपने घर से लापता हो गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 27 नवंबर को जयकुमार अपने दोस्तों से मिलने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसके परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि उसकी पत्नी की शिकायत के आधार पर दो दिसंबर को अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड और संपर्कों के माध्यम से जानकारी एकत्र की गई।

# अभी मौसम में गर्माहट, दो दिन बाद बढ़ेगी ठंड

## दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब, न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस

● दो दिन बाद रात के तापमान में आएगी दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट, सुबह हल्का कोहरा छाए रहने की संभवाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में दिसंबर लगभग आधा आने के बावजूद ठंड बहुत अधिक नहीं पड़ रही है।

मौसम कुछ इस तरह चल रहा है कि रात में तो ठंड लग रही है, लेकिन दिन में गरमाहट महसूस हो रही है और लोग दोपहर में बिना गर्म कपड़ों के काम चला रहे हैं। हालांकि सुबह के समय धुंध परेशान कर रही है। रविवार सुबह वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही, जबकि न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 और शाम को चार बजे यह 306 अंक पर दर्ज किया गया। मालूम हो कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर में रविवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार कम 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान सामान्य से एक कम 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 88 प्रतिशत दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

वहीं, न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो दिन मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा, परंतु उसके बाद रात के तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

# सीबीआई ने की केसीआर की बेटी से पूछताछ

**दिल्ली शराब घोटाला**

पीएनएस। नई दिल्ली/हैदराबाद



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी कविता से उनके हैदराबाद स्थित घर पर पूछताछ की। जांच एजेंसी का एक दल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में पूछताछ करने के लिए रविवार को हैदराबाद में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के कविता के आवास पर पहुंचा।

सीबीआई ने पिछले सप्ताह कविता को सूचित किया था कि जांच एजेंसी का एक दल पूछताछ के लिए 11 दिसंबर को शहर में उनके आवास पर आएगा। सीबीआई ने मामले के संबंध में बयान दर्ज करने के लिए कविता को नोटिस भेजा था। कविता ने हाल ही में कहा था कि वह केवल 13 दिसंबर को छोड़कर 11 से 15 दिसंबर तक अधिकारियों से मुलाकात कर पाएंगी। जांच एजेंसी ने आपराधिक संहिता प्रक्रिया की धारा-160 के तहत नोटिस जारी किया था और उनसे उस दिन सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए उनकी सुविधा के अनुसार घर का पता बताने के लिए कहा था। सीआरपीसी की धारा-160 के तहत जांच अधिकारी किसी मामले में गवाह के तौर पर किसी भी व्यक्ति को समन भेज सकता है। घोटाले में कथित रिश्वत को लेकर दिल्ली की एक अदालत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट में कविता का नाम सामने आने के बाद उन्होंने कहा था कि वह किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई ने 25 नवंबर को इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया था।

ईडी ने दिल्ली की एक अदालत में आरोपी अमित अरोड़ा के खिलाफ दाखिल की गई रिमांड रिपोर्ट में कहा था, अब तक की जांच के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से विजय नायर ने साउथ ग्रुप नामक एक ग्रुप (जिसका नियंत्रण सरत रेड्डी, के कविता, मांगुंटा श्रीनिवास रेड्डी के हाथों है) से अमित अरोड़ा समेत विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से कम से कम 100 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी।

## सामने आए कोरोना संक्रमण के सात नए मामले

नई दिल्ली। रविवार को कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 0.26 फीसद रही। स्वास्थ्य विभाग ने यह आंकड़ा जारी किया।

कोविड-19 के कारण किसी मरीज की मौत की खबर नहीं है। शनिवार को दिल्ली में कोरोना वायरस के पांच मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 0.18 फीसद रही थी। शुक्रवार को यहां कोविड-19 के चार मामलों का पता चला था और संक्रमण 0.13 फीसद रही थी। शनिवार को 2,646 जांच के बाद रविवार को कोविड-19 के सात मामले सामने आए। अबतक यहां कोविड-19 के कुल 20,07,036 मामले सामने आ चुके हैं।

# मॉस्को स्टेट हेल्थकेयर के डॉक्टरों ने देखी सर गंगाराम अस्पताल की चिकित्सा प्रणाली

● रूसी प्रतिनिधिमंडल ने यहां की चिकित्सा पद्धति के बारे में ली विस्तार से जानकारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रूस से आए चिकित्साकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को राजधानी दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल का दौरा किया और वहां की चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जानकारी हासिल की।

अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि मॉस्को स्टेट हेल्थकेयर इंस्टीट्यूशन के सिटी क्लिनिकल हॉस्पिटल नंबर 1 के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मध्य दिल्ली में सर गंगा राम अस्पताल का दौरा किया। मालूम हो कि इस अस्पताल का नाम एक रूसी वैज्ञानिक निकोले पिरोगोव के नाम पर रखा गया था।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से जारी बयान में कहा कि चिकित्साकर्मियों के रूसी प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धतियों का अध्ययन करने और यहां के डॉक्टरों के साथ कामकाजी संपर्क स्थापित करने के लिए जानकारियां हासिल की और बातचीत की।

रूसी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. डीएस राणा ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे रूसी दोस्तों ने इस प्रख्यात अस्पताल के काम करने में रुचि दिखाई है।

उन्होंने कहा कि मॉस्को स्टेट हेल्थकेयर इंस्टीट्यूशन और सर गंगाराम अस्पताल के बीच कामकाजी संपर्क स्थापित करने से दो संस्थानों के बीच अकादमिक संबंधों को विकसित करने में मदद मिलेगी। यह दो महान संस्थानों के बीच अकादमिक और शोध को आगे बढ़ाने में भी मदद करेगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से क्रिटिकल केयर और आईसीयू विभाग का दौरा करने में रुचि रखता था। बयान में सर गंगाराम अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के हवाले से कहा गया है कि मुझे यकीन है कि यह यात्रा दो स्वास्थ्य सेवा संगठनों के बीच नई साझेदारी को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

हम भारत और रूस में स्वास्थ्य क्षेत्र को और मजबूत करने और विश्व स्तरीय रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के इच्छुक हैं।

# इस साल सूखी पड़ी नजफगढ़ झील, रूठे विदेशी परिंदे

● अन्य वर्षों की अपेक्षा बहुत कम पक्षी आए कम



सौरव गुप्ता। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की सबसे महत्वपूर्ण वेटलैंड नजफगढ़ झील से इस साल विदेशी पक्षी अभी तक दूरी बनाए हुए हैं। नवंबर आते ही पक्षियों की चहचहाहट से गूंजने वाली झील इस बार सूनी-सूनी सी लग रही है।

पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि जैव विविधता के इस केंद्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मछली पकड़े जाने के कारण प्रवासी पक्षियों को भोजन की दिक्कत हो रही है। साथ ही बसेरा करने के लिए सुरक्षित हरियाली वाले क्षेत्र में कमी भी इन परिंदों को यहां आने से रोक रही है।

आमतौर पर सर्दियों की शुरुआत यानी अक्टूबर-नवंबर में जल में तैरने वाले पक्षियों की 25 से अधिक प्रजातियां और शीतकालीन प्रवासी जल पक्षियों की 50 से अधिक प्रजातियां सुदूर मध्य एशिया और उत्तरी एशिया से रूसी और साइबेरियाई भागों तक से यहां आती रही हैं। हालांकि, इस साल नजफगढ़ झील में परिंदों की सामान्य चहल-पहल गायब है और सब कुछ सूना-सूना लग रहा है। इस वेटलैंड में जल पक्षियों के लिए भोजन, आराम, बसेरे आदि अनुकूल परिस्थितियां रही हैं। यह वेटलैंड इंटरनेशनल साउथ एशिया द्वारा दिल्ली-एनसीआर में सूचीबद्ध सबसे बड़ी वार्षिक एशियाई वाटरबर्ड जनगणना (एडब्ल्यूसी) स्थलों में से एक है।

दिसंबर 2022 के पहले सप्ताह में आर्द्रभूमि के निरीक्षण के बाद अनुभवी पारिस्थितिकीविद्, टीके रॉय ने कहा कि इस वर्ष वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण लंबी दूरी तय कर सर्दियों में आने वाले प्रवासी जल पक्षियों की आमद बहुत कम हुई है।

अन्य वर्षों की अपेक्षा यह बहुत ही कम है। इसका बड़ा कारण यहां मछली पकड़ने की गतिविधियों का बढ़ना है। अभी भी 24 से अधिक प्रजातियों के लगभग आठ से दस हजार प्रवासी जल पक्षी यहां आए हैं।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 12 से जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी हिस्से में 12 से 19 दिसंबर के बीच शाम के समय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि लोगों व्यवस्था के अनुसार अपना इंतजाम रखें।

जल बोर्ड के अनुसार जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी, उनमें यमुना विहार, ताहिरपुर, नंद नगरी, मौजपुर, बृजपुरी, जगजीत नगर, जयप्रकाश नगर, गामड़ी, गांव और गामड़ी एक्सटेंशन, भजनपुरा, हर्ष विहार, मंडोली, दिलशाद गार्डन, दिलशाद कॉलोनी, पुरानी सीमापुरी, नई सीमापुरी, सुंदर नगरी, वाटर इमरजेंसी ताहिरपुर, वाटर इमरजेंसी यमुना विहार, सोनिया विहार, करावल नगर, मुस्तफाबाद और आसपास के इलाके शामिल हैं। जल बोर्ड ने कहा कि रखरखाव के काम के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। सोनिया विहार में 700 मिमी डाया स्लुइस वाल्व के नवीनीकरण के कारण 12 दिसंबर और 19 दिसंबर की शाम को कुछ क्षेत्रों/कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति कम दबाव पर उपलब्ध होगी। दिल्ली जल बोर्ड ने पर्याप्त मात्रा में पानी जमा करने की भी सलाह दी और कहा कि बंद के दौरान बोर्ड से संपर्क करने पर पानी का टैंकर उपलब्ध रहेगा।

# दिल्ली के साथ जल समझौते से पीछे हटा उत्तर प्रदेश

## यूपी सरकार ने व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने पर खर्च 70 लाख की राशि जलबोर्ड को लौटाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सिंचाई के लिए 14 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) शोधित जल प्राप्त करने के बदले में दिल्ली को इतनी ही मात्रा में अशोधित जल उपलब्ध कराने की योजना से उत्तर प्रदेश पीछे हट गया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर की गई एक अर्जी के जवाब में यह जानकारी मिली है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के तत्कालीन उपराज्यपाल अनिल बैजल ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस सिलसिले में एक अनुरोध भी किया था। योजना में मुरादनगर जल नियामक के जरिए दिल्ली में सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र को 270 क्यूसेक शोधित जल की आपूर्ति की जानी थी। इसके बदले में इतनी ही मात्रा में जल ओखला सीवेज शोधन संयंत्र से आगरा नहर में छोड़ने का प्रस्ताव था। आरटीआई अर्जी के जवाब में मिले दस्तावेजों से यह पता चला है कि दोनों राज्यों ने तीन मई, 2018 से जल का आदान-प्रदान करने की योजना के सिलसिले में कई बैठकें कीं। दिल्ली के तत्कालीन उपराज्यपाल अनिल बैजल व तत्कालीन मुख्य सचिव विजय कुमार देव ने भी यूपी सरकार से समझौते को अंतिम रूप देने का अनुरोध किया था।

उत्तर प्रदेश जल निगम ने एक जुलाई, 2020 को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को भेजी गई एक व्यवहार्यता रिपोर्ट में कहा था कि परियोजना व्यावहारिक है।

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए 70 लाख रुपए का भुगतान किया था। दिल्ली सरकार ने पाइपलाइन बिछाने और यूपी से अशोधित जल की आपूर्ति के लिए आवश्यक निर्माण व मरम्मत कार्य की लागत वहन करने तथा आगरा नहर में शोधित जल छोड़ने पर सहमति जताई थी।

दस्तावेजों के अनुसार, बैजल ने पिछले साल 14 जून को फोन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की थी और 23 जून को उन्हें पत्र लिखकर मुराद नगर से दिल्ली को 270 क्यूसेक (14 करोड़ गैलन प्रतिदिन) अशोधित उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था।

उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा था कि दिल्ली के पास खुद के पर्याप्त जल संसाधन नहीं हैं और वह अपने पेयजल की जरूरतों को पूरा करने के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। बढ़ती जनसंख्या के बीच, दिल्ली को आवश्यकता को पूरा करने के लिए 265 एमजीडी अतिरिक्त अशोधित जल की आवश्यकता है।

पत्र के अनुसार, एक जुलाई, 2020 की व्यवहार्यता रिपोर्ट के अनुसार उप्र के लिए दिल्ली को 270 क्यूसेक अशोधित जल उपलब्ध कराना संभव है। इसलिए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया इस संबंध में संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। पिछले साल दो फरवरी को देव ने यूपी के मुख्य सचिव आर.के. तिवारी को पत्र लिखकर समझौते को अंतिम रूप देने का अनुरोध किया था।

देव ने पत्र में लिखा कि दिल्ली के अनुरोध पर उठाए गए सकारात्मक कदमों के लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं, दोनों राज्यों के कार्यालयों ने इस कवायद को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न बैठकें, संयुक्त निरीक्षण और विचार-विमर्श किया है।

क्या दोनों राज्यों की सामान्य समझ और आम सहमति के आधार पर समझौते को सहमति पत्र के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जा सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022



# नशे और बुराइयों के खिलाफ लड़नी है सबसे बड़ी लड़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हमें** एक दूसरे से नहीं लड़ना है। अगर सबसे बड़ी लड़ाई लड़नी है तो नशे और बुराइयों के खिलाफ लड़नी है। नशे के कारण अनेक घर बर्बाद हो हो रहे हैं। युवा शक्ति गलत दिशा में जा रही है। अगर हमें अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना है तो एक साथ मिलकर चलना पड़ेगा। यह बात केंद्रीय खेल, युवा और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ओम शांति रिट्रीट सेंटर के 21वें वार्षिकोत्सव पर बोलते हुए कहीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि दुनिया में महिलाओं को उचित सम्मान नहीं मिलता है, लेकिन भारत में महिलाओं की देवियों के रूप में पूजा होती है। यानी जो सम्मान भारत में महिलाओं को दिया जाता है, वह दुनिया में कहीं नहीं दिया जाता। ब्रह्माकुमारीज का तो नेतृत्व खुद मातृशक्ति के हाथों में है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का बोध भी जरूरी है। युवा पीढ़ी को इस बात का अहसास कराना होगा। मंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर एक महान कार्य कर रही है।

## दुनिया में महिलाओं को भारत जैसा नहीं मिलता सम्मान

## भारत में महिलाओं की देवी के रूप में होती है पूजा

उन्होंने कहा कि मोदी ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को विश्व में साझा किया। आज योग के लिए दुनिया के देशों में जुनून है। जब विज्ञान समाधान देने में असफल होता है, तब आध्यात्म की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा वर्षों पूर्व ही ब्रह्मा बाबा ने आध्यात्मिक संगठन की विशालता का स्वप्न देख लिया था।



गुरुग्राम के बोहड़ा कलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के 21वें वार्षिकोत्सव में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, जैन मुनि लोकेश, बीके बृजमोहन, बीके आशा दीदी, बीके राज दीदी एवं अन्य।

### अपने संस्कारों से ही मानव देव भी बन सकता है...

**निरंजनी** अखाड़ा, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी हरिओम ने कहा कि आज हर व्यक्ति को सुख शांति और सौहार्द की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारीज इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की अपने संस्कारों से ही मानव कभी देव बन जाता है तो कभी दानव।

### ब्रह्माकुमारीज विश्व का सबसे अनूठा संगठन

**जैन** मुनि लोकेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब मन की ममता चेतना से जुड़ती है तो भगवान पैदा होता है। ब्रह्माकुमारीज विश्व का सबसे अनूठा संगठन है।

पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारीज शांति की पुनर्स्थापना का कार्य कर रही है। ब्रह्माकुमारीज में आकर लगता है कि मैं अपने परिवार में आ गया। उन्होंने कहा कि त्याग तपस्या और सेवा के क्षेत्र में संस्था को भारत रत्न तो क्या नोबेल पुरस्कार भी कम है। बल्कि पुरस्कार भी स्वयं को कृतार्थ समझेगा।

### आध्यात्मिक शक्ति से ही होगी विश्व बंधुत्व का स्वप्न साकार

**ब्रह्माकुमारीज** के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कहा कि ओआरसी एक परिवार है। यहां पर अलग-अलग प्रांत के होते हुए भी आपस में सब बड़े प्यार से रहते हैं। वास्तव में ये आध्यात्मिक शक्ति की ही करामात है। बाहर से चाहे हम भिन्न हों, लेकिन आध्यात्मिक रूप से हम एक जैसे हैं। आध्यात्मिकता ही हमें एकता के सूत्र में बांध सकती है। विश्व बंधुत्व का स्वप्न आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही साकार होगा।

### ओआरसी आध्यात्मिकता और विज्ञान का एक बेजोड़ उदाहरण

**ओआरसी** की निदेशिका आशा दीदी ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि ओम शांति रिट्रीट सेंटर, शांति कुंड का कार्य कर रहा है। यहां पर आने वाला हर व्यक्ति आध्यात्मिक शक्ति का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि ये परिसर वैज्ञानिक दृष्टि से भी काफी विकसित है। यहां पर आध्यात्म और विज्ञान का बेहतर संतुलन नजर आता है। कार्यक्रम में गुरुग्राम के विधायक सुधीर कुमार सिंगला, फादर फेलिक्स जॉन, निर्देशक इंटरफैथ, दिल्ली एवं शीला काकड़े अध्यक्ष अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

# हस्तकला के धनी लखेरा समाज की अहम भूमिका



गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते लखेरा समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** यहां चिनार गार्डन में लखेरा समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गुरुग्राम के विधायक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। लखेरा समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि लखेरा समाज को कलात्मक चीजें विशेषकर लाख की चूड़ियां बनाने में महारात हासिल है। समाज ने कड़ी मेहनत के बल पर खुद को स्थापित किया है। उनकी कला के देश-विदेशों में कद्रदान हैं। समय के साथ उनकी कार्यशैली निखरती चली गई। हस्तकला में माहिर लखेरा समाज ने कड़ी मेहनत से खुद को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया है। विधायक सुधीर सिंगला ने पैरा राइफल खूटर अवनी लखेरा का भी जिक्र करते हुए उन्हें लखेरा समाज में रोल मॉडल बताया।

अवनी लखेरा ने टोक्यो पैरालंपिक में इतिहास रचते हुए देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया था। अवनी लखेरा भारत की तरफ से पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी बनीं। समय के साथ चलते हुए समाज ने अपने काम के साथ दूसरे कार्यों में भी खुद को लगाया है। लखेरा समाज के उत्थान के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने हर संभव प्रयास और सहायता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को आपसी मेलजोल से रहना अपने काम-धंधों को एक-दूसरे की सहायता से आगे बढ़ाना चाहिए।

## पैरालंपिक खिलाड़ी अवनी लखेरा की उपलब्धि को भी बताया देश के लिए खास

हर समाज का अपना एक महत्व है। हर कोई किसी न किसी कलात्मक कार्य का धनी है। उनके कार्यों को, प्रोडक्ट को हमेशा तवज्जो मिलनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंदर यादव, महामंत्री मुकेश जेलदार, नरेश प्रधान, अजय राठौर, गौरव लखेरा, विशाल चौहान, हरीश, हिमांशु ,अजीत, धर्मबीर, निरंजन, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज तंवर और अन्य अतिथि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

## ऑटो चालकों को यातायात के नियमों के पालन की नवीन गोयल ने दिलाई शपथ



आटो चालकों को सुरक्षित सड़क यातायात की शपथ दिलाते नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**ऑटो** चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शपथ दिलाई। इस दौरान ऑटो चालकों ने उन्हें अपनी रोजमर्रा की समस्याओं से भी अवगत कराया। नवीन गोयल ने उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने ईमानदार ऑटो चालकों को सम्मानित भी किया। यह सम्मान व जन-जागरुकता कार्यक्रम गलेरिया मार्केट में आयोजित किया गया।

आटो चालक महिपाल, मुकेश चंद, रामपाल, अजय कुमार, कैलाश सिंह, विनोद, धन सिंह, मनोज कुमार, हरबीर सिंह, वीरेंद्र, नागेंद्र कुमार, अजय प्रधान, सत्तर हुसैन को ऑटो चालक के रूप में ईमानदारी का परिचय देते हुए ऑटो में भूले यात्रियों का कोई ना कोई सामान लौटाने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान आटो चालकों ने ऑटो स्टैंड की मांग नवीन गोयल के समक्ष रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाएंगे।

ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति प्रेरित करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि प्रतिदिन के कार्यों के लिए एक जगह से दूसरी जगह जाने या सामान की आवाजाही के लिए हर शहर में ऑटो एक महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे में सभी आटो चालक यातायात के लिए निर्धारित नियमों को जरूर मानें। यातायात के नियमों का पालन करके अपने व दूसरों के जीवन को हमें सुरक्षित करना चाहिए। श्री गोयल ने कहा कि हमेशा निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। शॉर्टकट या जल्दबाजी के चक्कर में अगर अपनी लेन बदलते हैं दुर्घटना होने का अंदेशा बढ़ जाता है। हॉर्न भी बेवजह ना बजाएं, इससे ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ जाता है।

नवीन गोयल ने ऑटो चालकों को आटो की गति भी धीमी रखने को कहा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री योगेश शर्मा, ग्लेरिया स्टैंड के प्रधान कबरूद्दीन, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, मो. अंजरुल, मनिरूल प्रधान, संजू प्रधान, पंकज, सनोज व हरियाणा ऑटो चालक संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हर बिजनेस जनसेवा के भाव से होना चाहिए

## विनसम एक्सप्रेस इंडिया के स्थापना दिवस पर कहीं ये बातें

**प्रवीण शर्मा।** गुरुग्राम

**आध्यात्मिक** गुरू यतींद्रानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि विनसम एक्सप्रेस के 21वां स्थापना दिवस एक परिवार दिवस (फैमिली-डे) के रूप में मनाकर और इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करके बेहतर प्रबंधन से कर्मचारियों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि हर बिजनेस भी जनसेवा के भाव से होना चाहिए, ताकि उसमें परिवार का भाव बना रहे। यतींद्रानंद गिरि महाराज और विनोद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके उपरांत एक के बाद एक कार्यक्रम ने समां बांध दिया।



गुरुग्राम में विनसम एक्सप्रेस के 21वें स्थापना दिवस पर दीप प्रज्जवलित आध्यात्मिक गुरू यतींद्रानंद गिरि जी महाराज व अन्य।

विभिन्न सेवा देने वाली विनसम एक्सप्रेस इंडिया के 21वें स्थापना दिवस पर सुशांत लोक स्थित एक्सलसियर अमेरिकन स्कूल के ऑडिटोरियम में चले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महाभारत धारावाहिक में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले कलाकार ने डायलाग सुनाए तो खूब तालियां बजीं। उन्होंने यहां गीत भी गाए। समारोह में हरियाणवी लोक कलाकारों ने भी अपना रंग बिखेरा, जिस पर उपस्थित लोग घंटों तक झूमते रहे। विनसम एक्सप्रेस इंडिया के चेयरमैन विनोद शर्मा ने विधिवत रूप से सबका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि मल्टी ट्रांसपोर्टेशन, वेयरहाउसिंग सोल्यूशन, पैकेजिंग सोल्यूशन, 3पीएल एंड इनवेंटरी मैनेजमेंट, 4पीएल, इनप्लांट लॉजिस्टिक्स, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसी सेवा प्रदाता कंपनी भी लोगों के उत्थान और जनसेवा के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पलक ने मंत्रमुग्ध करने कर देने वाली सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। दहेज प्रथा पर प्रहार करते हुए एक लघु नाटिका पेश की गई। इसके बाद निशु ग्रुप ने हरियाणवी गीतों के ऊपर अपनी ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। जादूगर का खेल भी यहां दिखाया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन कुसुम शर्मा, ललित शर्मा, ज्योति शर्मा, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के गुरुग्राम के वरिष्ठ पदाधिकारी हरीश शर्मा आदि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सोहना में तेजी से बढ़ता अतिक्रमण दे रहा सड़क जाम को बढ़ावा

## दुकानदार अतिक्रमण करने वालों से कर रहे हैं मोटाई कमाई

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** की सड़कों पर दिन प्रति दिन अतिक्रमण करने वालों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हो रही है। अतिक्रमण करने की आढ़ में दुकानदार पर्दा के पीछे से मोटी कमाई कर रहे है। शहर के बीचों बीच ऑटों का नया स्टैंड यातायात जाम में परेशानी का सबब बन रहा है।

शहर में अतिक्रमण करने वालों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। अतिक्रमण करने वालों में पटरी दुकानदारों से लेकर रेहड़ी मालिक, टेलर मास्टर, जूता-चप्पल दुकानदार, रेडीमेट कपड़ा बेचने वाले शामिल है। अतिक्रमण को बढ़ावा देने वालों में दुकानदारों का सबसे बड़ा सहयोग है। दुकानदारों ने अपने आगे रेहड़ी, सामान बेचने वालों से लेकर सब्जी, रेडीमेट कपड़ा विक्रेता, चाय की रेहड़ी, जूता-चप्पल, फ ल विक्रेता और मंगूफली बेचने वालों को बैठाया हुआ। जिनसे दुकानदार हर माह 3 से 8 हजार रुपये का अवैध किराया ले रहे है। सबसे ज्यादा अवैध कमाई बिजली निगम के 33 केवीए एसडीओ कार्यालय के बाहर अग्रसैन चौक पर हो रही है। जहां सड़क के दोनों तरफ रेहड़ी लगाने वालों ने मुख्य सड़क पर को भी नहीं छोड़ा हुआ है। जबकि परिषद की दुकानों में बैठे दुकानदारों ने अपने सामने सरकार जमीन पर सब दुकानदार बैठकर हर माह 8 से 10 हजार रुपये किराया ले रहे हैं। जबकि नगर परिषद द्वारा जमीन पर बनाई पार्किंग की योजना टॉय-टॉय फ ीस होकर रह गई हैं।



सोहना के अग्रसेन मार्ग पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके बैठे सब्जी दुकानदार और रेहड़ी मालिक।

**परिषद प्रशासन हुआ फेल :** नगर परिषद प्रशासन शहर में बढ़ता अतिक्रमण को रोकने में में पूरी तरफ से फेल हो गया है। परिषद कर्मचारी एक मात्र अस्पताल मार्ग पर खड़े होने वाले रेहड़ी वालों की 10 से 15 दिन में 500-500 रुपये की पर्ची काट देते हैं। हर बार 4 से 5 रेहड़ी वालों की ही पर्ची काटी जाती है। जबकि शहर के अन्य किसी भी बाजार में खड़े होने वाले रेहड़ी मालिक या अतिक्रमण करने वाले की नही कटती।

**बाजार में बन अवैध स्टैंड :** शहर के पुराना लेबर चौक पर ऑटो चालकों ने नया स्टैंड बनाया दिया है। इस चौक पर ऑटो चालक खड़े होते हैं। जिससे चौक पर जाम का माहौल पूरा दिन बनता व बिगड़ता रहता है। इसी चौक पर हर समय आस-पास बनी दुकानों पर 25 से 30 बाइक खड़ी रहती है। जिससे बाइक भी जाम कारण बनी हुई है।

> “नगर परिषद जल्द ही अतिक्रमण को जड़ से समाप्त करने के इरादे से अभियान चलाने की योजना तैयार कर रही है। उक्त योजना को अमल लाते हुए शहर को अवैध अतिक्रमण और जाम से मुक्ती दिलाई जाएगी।
>
> **राजपाल खटाना**
> **(एसडीओ नप)**

**कहां-कहां लगता है जाम :** नगर परिषद कार्यालय से लेकर पुराना लेबर चौक, लेबर चौक से महाराजा अग्रसैन चौक, लेबर चौक से सामान्य बस स्टैंड मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, बालूदा मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग आदि बाजारों में अतिक्रमण जाम को बढ़ावा दे रहा है।

## ऊर्जा समिति 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाएगी

**गुरुग्राम।** ऊर्जा समिति द्वारा 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। इस दिवस की मान्यता के अनुसार लोगों को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागृत किया जायेगा। लोगों को बिजली बचत की जानकारी दी जाएगी। समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण एवं बचत पर आधारित इस राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की शुरुआत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, वाणिज्यिक और परिवहन क्षेत्रों से की जाएगी। इसमें घरेलु व व्यवसायिक उपभोक्ताओं को बिजली, पानी, तेल, गैस, पेट्रोल व डीजल को सुरक्षित करने तथा पर्यावरण के अनुकूल सौर ऊर्जा को अपनाने की प्रेरणा देकर जागृत किया जायेगा। अनेक संसाधनों के आधार पर बिजली की प्रति यूनिट की खपत के आकड़ों की जानकारी दी जाएगी।

बिजली, पानी, तेल, गैस, पेट्रोल व डीजल के संरक्षण की विस्तृत जानकारी और प्रचार सामग्री जन-जन तक पहुंचाकर लोगों में ऊर्जा सरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना ही इस राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का उद्देश्य है। सौर ऊर्जा को अपनाकर भी इस ऊर्जा का संरक्षण होगा और प्रदूषण पर भी नियन्त्रण हो सकेगा। केंद्र सरकार, विद्युत मंत्रालय द्वारा इस दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार अवार्ड दिए जाएंगे। इसमें सदस्य शामिल होंगे और ऊर्जा संरक्षण की प्रेरणा देंगे।

# अरावली में बने अवैध फार्म हाउसों पर जल्द चलेगा पीला पंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**दमदमा** झील और सोहना से लगती अरावली पहाड़ी में बनें अवैध फार्म हाउसों जल्द ही सफ ाया होगा। बायोडायवर्सिटी पार्क और जंगल सफ ारी निर्माण से पूर्व अवैध फार्म हाउसों पर कार्रवाई होगी।

दमदमा झील के साथ अरावली पहाड़ी में बनाया जाने वाले वाला 480 एकड़ जमीन पर बायो डायवर्सिटी और सोहना खंड के गांव टीकली, गैरतपुरबॉस रायसीना, जिला नूंह के गांव चहालका समेत अन्य गांवों से लगती अरावली पहाड़ी में जंगल सफारी बनना तय हो गया है। दमदमा और सोहना से लगती अरावली पहाड़ी में 800 से लेकर 900 अवैध फार्म हाउस बने हुए है। ये फार्म हाउस बायोडायवर्सिटी और जंगल सफारी के निर्माण में अड़चन पैदा कर रहे हैं। दोनों ही योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द शुरू होने जा रहा है। इससे पहले प्रशासन का अवैध फार्म हाउसों को नामोनिशान मिटाने की योजना तैयार हो रही है।

दमदमा झील से हटाएं थे अवैध फार्म हाउस : करीब दस दिन पहले जिला नगर योजनाकार विभाग ने पीला पंजा चलाते हुए दमदमा झील के साथ लगती अरावली पहाडी की तलहटी में बने आधा दर्जन से भी अधिक अवैध फार्म हाउसों का सफ ाया किया था। अन्य फार्म हाउसों पर भी जल्द ही कार्रवाई होने की आशंका जताई जा रही है।



सोहना के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध फार्म हाउस की चार दीवारी का निर्माण कार्य चलता हुआ।

**170 फार्म हाउस पहले ही पहुंचे हैं अदालत :** रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में बनने 430 में से लगभग 170 फ ार्म हाउस मालिक पहले से ही अदालत का दरवाजा खटखटा चुके है। नगर परिषद द्वारा अवैध फ ार्म हाउस मालिकों को एनजीटी के आदेश पर दिए गए नोटिस की ऐवज अदालत की शरण ले चुके है। अभी भी उनका मामला अदालत में विचाराधीन है।

**मुख्यमंत्री कर चुके हैं इशारा :** आठ दिसम्बर को दमदमा में बायोडायवर्सिटी पार्क के आधारशीला रखने आए प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों द्वारा अरावली में बनें फ ार्म हाउसों को लेकर पूछा गये सवाल पर उन्होंने जल्द की कार्रवाई करने का ईशारा दिया था। मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि मलकियत जमीन पर बने फार्म हाउसों को छोड़ अवैध के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को कहा था।

# संक्षिप्त समाचार

## गिरजा घर में धूमधाम से मनाया बाल क्रिसमस



**सोहना।** क्रिसमस को लेकर शहर के गिरजा घरों में तैयारियां शुरू होने लगी है। मसी परिवारों में क्रिसमस को धूमधाम से मनाने के उद्देश्य से सजावटें करनी शुरू कर दी है। वहीं बाजारों में सेंटा की ड्रेस की मांग धीरे-धीरे ग्राहक करने लगे हैं। 25 दिसम्बर को मनाया जाने वाला क्रिसमस की तैयारियां गिरजा घरों में सजावट का दौर शुरू हो गया है। गिरजाघरों में रंगी लाइट से लेकर अन्य प्रकार की सजावट और प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित गीत, प्रार्थनाएं और नाटक प्रस्तुतिकरण को लेकर रिहर्सल शुरु हो गई है। घर-घर जाकर प्रभु यीशु के जन्म दिन की खुशियों को कैरोल के माध्यम से मनाने के दिन व समय निर्धारित होने लगे हैं। रविवार को शहर के वार्ड-13 में स्थित साधु सुन्दर सिंह गिरजा घर में प्रभु यीशु के जन्म दिन पर आधारित एक लधु नाटक की शानदार प्रस्तुत की। पांच वर्ष की उम्र से लेकर 18 वर्ष की उम्र वाले बच्चों ने प्रभु यीशु की मां-पिता के साथ हुई यातनाओं से लेकर उनके जन्म होने पर हुआ, विरोधाभास को शानदार तरीके से प्रदर्शन किया। गिरजा घर में मौजूद जनसमूह अपनी तालियां बजाने से हाथों को रोक नहीं सका। गिरजा घर के प्रभारी फ ादर राजेश ने बताया कि रविवार को बच्चों द्वारा क्रिसमस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पेश की गई लघु नाटक यह बताया कि जब-जब भी प्रभु यीशु धरती पर आए। उन्होने मानव जाति का कल्याण ही किया। दूसरों की भलाई के लिए प्रभु यीशु ने अपने शरीर पर नाना प्रकार की यताएं सहन की।

## मर्यादित सांगियों को दिया जाएगा धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार

**गुरुग्राम।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला के पात्र कलाकार 13 दिसंबर 2022 तक धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान ने विभाग की ओर से मांगे गए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। आवेदन आगामी 13 दिसंबर 2022 तक एससीओ नंबर-200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या पोर्टल पर या ईमेल के माध्यम से विभाग को आवेदन भेजे जा सकते हैं। आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांगों के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है। संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान ने बताया कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने व अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। प्रार्थी द्वारा सालाना कम से कम 10 सालों का निर्देशन एवं मंचन किया गया हो। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए।

## 72 हजार लोगों को न्याय दिला चुके हैं : डॉ शर्मा



**फरीदाबाद।** मानव अधिकार मिशन की शाखाएं भारत के सभी राज्यों सहित पांच अन्य देशों में भी संचालित हो रही हैं, जिसके जरिए करीब पौने दो लाख सदस्य मानव अधिकार की रक्षा में जुटे हुए हैं। आज मानव अधिकार मिशन पिछले 10 वर्षों में करीब 72 हजार लोगों को उनके अधिकार पाने में मदद कर चुका है। यह बात मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र शर्मा ने फरीदाबाद स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही, जिसका संयोजन जिला फरीदाबाद टीम ने किया था। डॉ महेंद्र शर्मा ने कहा कि मानव अधिकार की रक्षा हमेशा से एक बड़ा विषय रहा है जिसके लिए हम सबको मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि संस्था 2012 में गठन के बाद से ही सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और लोगों का इसे भरपूर सहयोग मिल रहा है। भारत भूषण ने कहा कि हम एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं जिसमें सभी सुख से जियो और दूसरों को चैन से जीने दो की चाहत रखते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह जन्मेधा, राष्ट्रीय महासचिव संजीव खत्री, राष्ट्रीय संगठन सचिव चतर सिंह भाटी, प्रदेश महिला विंग की अध्यक्ष डॉ शशि भाटी, हरियाणा प्रदेश युवा महासचिव अशोक शर्मा, जिला फरीदाबाद अध्यक्ष सुधीर शर्मा, जिला फरीदाबाद महिला अध्यक्ष प्रियंका बिष्ट, मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार मंगला, जिला उपाध्यक्ष महेश सिंगल, महिला जिला उपाध्यक्ष ऋचा नागपाल एवं विनीता, एडवोकेट मीनाक्षी कुमार, धर्मपाल सिंह चौधरी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शकुन रघुवंशी ने किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय मजदूर की मौत

**सोहना।** अलीपुर-गढ़ीबाजीदपुर मार्ग पर पैदल जा रहे 35 वर्षीय मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों के आने पर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सौंप दिया है। मूल रूप से से बिहार पटना निवासी कौशल्या ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह, उसका पति शिवशंकर राम बच्चों को लेकर गढ़ीबाजीदपुर में अमित घर पर रह रहे है। अमित के घर मकान निर्माण का काम चल रहा है। शुक्रवार की शाम 7 बजे उसका पति अलीपुर सब्जी लेने के लिए पैदल चला गया था। उसे बाद में पता चला कि शिव शंकर राम को अज्ञात चालक सड़क किनारे चलते समय टक्कर मार कर चला गया है। शिवशंकर की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। जिसकी सूचना देकर उसने बिहार से अपने परिवार वालों को बुलाया था। वे लोग रविवार की सुब। बिहार से भोंडसी पहुंचे। जिनकी मौजूदी में मृतक पति के शाव का पोस्टमार्टम हुआ है। भोंडसी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मशरूम कंपोस्ट यूनिट पर मिलेगा 40 प्रतिशत का अनुदान

**गुरुग्राम।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को जिलावार मशरूम कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता, जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने अनुदान राशि के बारे में बताया कि जिला में उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा वित्तिय वर्ष 2022-23 में विभागीय स्कीम के तहत गुरुग्राम जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# डीईआईसी सेंटर में हो रहा कटे होठ-तालु का इलाज

### होठ व तालु कटे 12 और दो कन्जेनिटल मोतियाबिंद ग्रस्त बच्चों का 8 माह में हुआ सफल ऑपरेशन

**कविता।** फरीदाबाद








**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत करीब आठ साल पहले बीके अस्पताल में डीईआईसी सेंटर (डिस्ट्रिक अर्ली इंटरवेनशन सेंटर) खोला गया था। जिसमें जन्मजात बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का इलाज करवाया जा रहा है। यहां आने वाले बच्चों को या तो विभाग बाहर से इलाज करवाता है या फिर बीके अस्पताल की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। बाहर से होने वाले इलाज पूरा खर्चा जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाया जा रहा है। इसके लिए विभाग की 11 टीमें शहर के आंगनवाड़ी और सरकारी स्कूलों में लगी हुई है। वर्ष 2022 में होठ व तालु कटे हुए पैदा हुए 12 बच्चों का ऑपरेशन करवाया गया है। वहीं कन्जेनिटल मोतियाबिंद (यह जन्मजात या बचपन से होने वाला मोतियाबिंद होता है। यह मोतियाबिंद काफी अधिक छोटा होने के कारण आंख की दृष्टि को प्रभावित नहीं करता। लेकिन बढ़ती उम्र के साथ आंख के लेंस बदलने पड़ सकते हैं।) से ग्रस्त दो बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा इस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। इस बात की पुष्टि कार्यक्रम की कार्यकारी नोडल अधिकारी डॉ. सीमा ने की।

बीके अस्पताल मे वर्ष 2016-17 में डीईआईसी सेंटर की शुरूआत हुई थी। शारीरिक व मानसिक रूप से विक्षित और अन्य जन्मजात बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को इलाज मुफ्त में देने के लिए इस क्लीनिक को बीके अस्पताल की ओपीडी के कमरा नंबर 23 में शुरू किया था। इसके लिए यहां के चिकित्सकों व स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया था।


**12 बच्चों के मुंह और दो बच्चों की आंखो का इलाज:** डॉ. सीमा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष के बच्चों में चार प्रकार की परेशानियों की जांच की जा रही है। इनमें जन्मजात विकार, बीमारी, कमी और विकलांगता सहित विकास में रूकावट की जांच शामिल है। इसके तहत शहर में 11 टीमें कार्य कर रही है। इसमें टीमें आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले शुन्य से छह साल तक के बच्चों और सात से आठ साल तक के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जांच करती है। ऐसे में इन बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को टीमे इलाज के लिए बीके में भेजती है। जहां उनको निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि इन चार प्रकार की परेशानियों से ग्रस्त अप्रैल से नवंबर 2022 तक 14 बच्चों का इलाज किया जा चुका है।

# जीएम की संदिग्ध मौत के मामले में फार्मा कंपनी संचालक पर हत्या का केस दर्ज

### निजी अस्पताल में स्थित फार्मा कंपनी में जीएम पद पर कार्यरत थी मृतका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


समरपॉम सोसायटी का सांकेतिक फोटो।


मृतका शीतल का फाइल फोटो।

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एक निजी में कार्यरत नर्स और जीएम की गत पांच दिसंबर को संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। नर्स का शव अस्पताल के हॉस्टल में और जीएम शव उनके फ्लैट में फंदे से लटका हुआ मिला था। इनमें से जीएम की मौत के मामले में जांच के बाद पुलिस ने अस्पताल की फार्मा कंपनी के संचालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका के भाई ने इस मामले में फार्मा कंपनी संचालक के खिलाफ शिकायत दी है।

पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पलवल की रहने वाली शीतल ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अकॉर्ड अस्पताल में स्थित एक फार्मा कंपनी में जीएम के पद पर कार्य करती थी। फार्मा कंपनी के संचालक सचिन ने शीतल को रहने के लिए ग्रेटर फरीदाबाद की ही समरपॉम सोसायटी में फ्लैट दिलवाया हुआ था। सेक्टर आठ में रहने वाले शीतल के भाई नरेंद्र ने पुलिस को बताया था कि दो तीन दिन से शीतल से फोन पर सम्पर्क नहीं हो पा रहा था। जिसके कारण पांच दिसंबर को वे अपने पिता देवेंद्र के साथ समरपॉम सोसायटी में आए थे। जहां फ्लैट अंदर से बंद था। उनकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फ्लैट खुलवाया तो शीतल का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था।

उस समय पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। परिजनों ने उस दौरान फार्मा कंपनी के संचालक सचिन पर हत्या करने का आरोप भी लगाया था। लेकिन पुलिस अपने स्तर पर लगा इस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। इस दौरान नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि शीतल को यह फ्लैट सचिन ने ही दिलवाया था। फ्लैट की एक चाबी सचिन के पास रहती थी। नरेंद्र का आरोप था कि सचिन ने शीतल की हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटका दिया और फ्लैट को बंद कर वहां से चला गया था। जबकि शीतल के पिता देवेंद्र पुलिस को बताया कि जब वे सोसायटी में पहुंचे तो सचिन वहां पहले से मौजूद था।

सचिन ने कहा था कि पुलिस के बिना फ्लैट में जाना ठीक नहीं है। इन्हीं कारणों को लेकर उन्हें पूरा संदेह है कि सचिन ने शीतल की हत्या की है। पुलिस ने मृतका के भाई नरेंद्र की शिकायत पर सचिन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हत्या का केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने विभिन्न एंगलों से मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हजारों की संख्या में लोगों ने महाकुंभ की भागेदारी : सुरेंद्र शर्मा बबली


करनाल परशुराम महाकुंभ में पहुंचे पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा व अन्य।

**फरीदाबाद।** सुबह सवेरे ही अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं सुरेंद्र शर्मा बबली पांच बस एवं तीन निजी वाहनों से करनाल स्थित सेक्टर-12 में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ कार्यक्रम में पहुंचे। इस क्रम में कहा कि देश में पहला आयोजन भगवान परशुराम के नाम पर आयोजन किया गया है।

जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल को मुख्यअतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जबकि कार्यक्रम की तमाम जिम्मेदारी राज्य सभा सांसद कार्तिक शर्मा के कंधे पर रही। हमने उसको मजबूत करने के लिए तमाम समाज के मौजूद लोगों को लेकर इस महाकुंभ में भागेदारी निभाई हैं। क्योंकि भगवान परशुराम सभी के लिए पूजनीय है। सुरेंद्र शर्मा बबली ने कहा कि लगभग पहला ऐसा कार्यक्रम रहा है जहां हजारों के स्थान पर लाखों लोगों ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सेदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के साथ-साथ प्रदेश में फरीदबाद के तमाम लोगों का जो महाकुंभ का हिस्सा बनें उनका आभार व्यक्त करते हैं। वहीं उन्होंने पुजारी, पुरोहित के लिए कल्याण बोर्ड के गठन,सबसे पहले गरीब को प्राथमिकता,महर्षि चाणक्य के नाम एमडीयू में चेयर स्थापित होना आदि घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

# इंडिया आईटीएमई-2022 की हुई औपचारिक शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**टेक्नोलॉजी,** इनोवेशन और नॉलेज डिस्ट्रिब्यूशन के एक प्रमुख डेस्टिनेशन इंडिया आईटीएमई सोसाइटी की पेशकश इंडिया आईटीएमई 2022 फिर लौट आया है। इसका लेटेस्ट संस्करण प्रदर्शकों, विजिटर्स और छात्रों के लिए विशेष रूप से कई अनूठी और दिलचस्प गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मेगा इवेंट आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, भारत में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसकी आधिकारिक शुरुआत आज हुई है।

**चेयरमैन ने किया शुभारंभ:** इंडिया आईटीएमई सोसाइटी के अध्यक्ष एस हरिशंकर ने कहा, इंडिया आईटीएमई 2022 का आज पहला दिन है और हम इसमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की भागीदारी देखकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि आज बड़ी संख्या में विजिटर आएंगे। यह वाकई में हमारे लिए एक बड़ा दिन है, क्योंकि हमारा मानना है कि यह एक्सपो भारतीय टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री की एक ऊंची छलांग है। वाकई में इस तरह का मेगा इवेंट आयोजित कर पाना एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा हमें आज तक जिस बात ने प्रेरित किया है, वह हमारा मिशन और विजन, जिसके तहत हम भविष्य की संभावनाओं और समाधानों को एक साथ एक छत के नीचे लाना चाहते हैं। इंडिया आईटीएमई जमीनी स्तर पर मेक इन इंडिया में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंडिया आईटीएमई एक बिजनेस इवेंट है जहां टेक्सटाइल इंडस्ट्री के एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, ट्रेड प्रमोशन विभाग और रिसर्च संस्थानों के 22 चैप्टर के प्रतिनिधि एक साथ नेटवर्क बनाने, नई संभावनाओं को तलाशने और आपस में मेलजोल बढ़ाने आते हैं। यह एकमात्र ऐसा मंच है जहां टेक्सटाइल इंडस्ट्री के सभी प्रमुख कंपनियां, साथ ही वित्तीय संस्थान, बड़े फैसले लेने वाले और सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

# नौकरानी नहीं फेसबुक फ्रैंड निकली हंगामा करने वाली महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### खुद को नौकरानी बता दंपति पर वैश्यवृति कराने का झूठा आरोप लगा रही थी महिला

**एसजीएम** नगर में असम की युवती के द्वारा दम्पति पर वैश्यावृति और बंधक बनाकर रखने के सभी आरोप उस वक्त झूठे निकल गए, जब दम्पति ने थाने में पहुंचकर युवती का सच बताया। बीती रात बिना किसी शिकायत दर्ज करवायें युवती अपनी सहेली के संग गुरुग्राम चली गई।

पुलिस के डर से फरार हुए दम्पति पड़ोसियों के फोन के कारण थाने पहुंचे। जहां उन्होंने युवती को लेकर बड़ा खुलासा किया। देर रात उन्होंने बताया कि उनकी दोस्ती युवती के संग फेसबुक के माध्यम से से हुई थी। कुछ दिन पहले ही वह यहां आकर रहने लगी। शुक्रवार देर रात युवती शराब पीकर घर आई। घर के अंदर घुसने से रोकने पर युवती ने तड़के हंगामा खडा कर दिया और दंपत्ति पर गंभीर आरोप लगाने से नहीं चूकी। दंपत्ति ने पुलिस को बताया वह पुलिस के डर से घर छोड़कर फरार हो गए। पड़ोसियों से बात के बाद वह थाने में आए।

युवती से उनकी पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी। उसने बताया वह डांस पार्टी में रील व वीडियो शूट करती है। उसके काफी फोलोवर भी हैं। गुरूग्राम व दिल्ली में काफी शूट होने का कारण वह फरीदाबाद में रहना चाहती है ताकि दोनो जगह आसानी से आना जाना कर सके। दंपत्ति ने हामी भर दी और युवती को फरीदाबाद बुला दिया। युवती से किराया भी तय नही हुआ था। शुक्रवार रात युवती नशे में धुत्त होकर घर में आई। मकान मालिक महिला ने उसे घर में घुसने से रोका और कमरा छोड़ कर जाने के लिए कहा। इस पर युवती ने ड्रामा खड़ा कर दिया और दंपत्ति पर वैश्यावृति कराने व बंधक बनाने के आरोप लगा दिए।

इस विषय में एनआईटी पांच थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता ने बताया युवती के बैग में वीडियो शूट करने के कैमरे, रील बनाने के उपकरण, डिजाइनर कपड़े व महंगा मेकअप का सामान भरा हुआ था। रात को युवती ने फोन कर अपनी एक सहेली को बुलाया और साथ जाने को कहा। कागजी कार्रवाई के बाद युवती को उसकी सहेली के साथ भेज दिया।

# प्याली-हार्डवेयर रोड के लिए अर्धनग्न पैदल मार्च निकाला


सेक्टर 8 स्थित कैबिनेट मंत्री के कार्यालय के बाहर सड़क को लेकर धरना देकर प्रदर्शन करते अनशनकारी अभिषेक गोस्वामी और साथी।

**फरीदाबाद।** प्याली-हार्डवेयर रोड के अपनी समय सीमा समाप्त होने पर 2 वर्षो मे भी न बन पाने और रोड पर हुई मौतों पर दोषी नगर निगम अधिकारियों और ठेकेदार सहित ऑटो चालक पर कार्यवाही की मांग को लेकर युवा अनशनकारी अभिषेक गोस्वामी ने रविवार को डबुआ चौक से लेकर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय सेक्टर-8 तक पैदल मार्च निकाल कर अर्धनग्न प्रदर्शन कर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के नाम ज्ञापन उनके पीआरओ जोगेन्द्र रावत को सौंपा।

गौरतलब है कि लगातार प्याली-हार्डवेयर खूनी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर वर्ष 2018 में 13 दिन तथा वर्ष 2021 में 36 दिनों के धरने के बाद केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। 20 माह बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण पूरा नहीं हो सका। बार-बार ठेकेदार सडक् निर्माण में देरी कर रहा है, लेकिन अभी तक निर्माण अधर में लटका हुआ है।

ज्ञापन में अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि विगत 10-12 वर्षों के लंबे अंतराल में अब तक इस रोड पर दर्जनों भयंकर एक्सीडेंट हो चुके हैं। जिसमें 7.8 वर्ष पहले दीपक नामक नाबालिक बच्चे, 21 सितंबर 2020 को सचिन नाम के इंजीनियर जोकि जनता कॉलोनी का निवासी था और अब 20 नवंबर 2022 को डबुआ कॉलोनी निवासी एक वृद्ध परीक्षित स्वयन जोकि पूजा कर अपने घर बाइक पर वापस लौट कर आ रहे थे रोड के एक तरफा अधूरे पड़े निर्माण के कारण आमने-सामने की ऑटो और बाइक की टक्कर में अपने प्राण गवा चुके हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

### दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने फरीदाबाद में ही अपने ो सूत्रीय जोड़ो कार्यक्रम की करी घोषणा

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


सेक्टर 16 स्थित किसान भवन में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में भाग लेते सांसद दीपेंद्र हुडा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, विधायक नीरज शर्मा पूर्व विधायक ललित नागर पूर्व विधायक आन्नद कौशिक पूर्व विधायक शारदा राठौर, लखन सिंगला व अन्य कांग्रेसी।

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आगामी 21 दिसंबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में हरियाणा आ रही भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी व उसमें भागीदारी के लिए आज फरीदाबाद व गुड़गांव में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं को देखकर गदगद दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी को यात्रा में भागीदारी का न्योता दिया व इसकी सफलता के लिए सबको जिम्मेदारी सौंपी।

इस दौरान स्थानीय विधायक नीरज शर्मा सहित फरीदाबाद के तमाम कांग्रेस नेताओं ने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से राहुल जी की पदयात्रा के बाद प्रदेश भर में जोड़ो यात्रा करने का अनुरोध किया। इस पर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की देश भर में प्रशंसा हो रही है। उनकी यात्रा से प्रभावित होकर मैंने ये निर्णय किया है कि इस यात्रा के समापन के बाद मैं उनके संदेश को लेकर हरियाणा के गांव-गांव और गली-गली तक जाऊंगा। दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने 10 सूत्रीय जोड़ो कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से भारत को जोड़ेंगे और साथ ही हरियाणा में बदलाव लाने का संकल्प लेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने आगे कहा कि महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से त्रस्त हरियाणा की जनता भारत जोड़ो यात्रा में भागीदारी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 3500 किलोमीटर से ज्यादा पैदल भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। ये यात्रा 21 दिसंबर को हरियाणा में पहले चरण में फिरोजपुर झिरका से प्रवेश करेगी और नूह, मेवात, सोहना, गुड़गांव, फरीदाबाद होते हुए दिल्ली में राजघाट पहुंचेगी। यात्रा के ऐतिहासिक स्वागत के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सुबह 6 बजे से पहले ही मुंडका बार्डर पहुंचने का आवाह्न किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भारत जोड़ो के साथ हरियाणा की गठबंधन सरकार का घमंड भी तोड़ना है। हरियाणा के अंदर बदलाव लाना जरुरी है। बीजेपी सरकार ने साढ़े 8 साल में हरियाणा का भट्ठा बैठा दिया। 2014 से पहले जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने में, किसान, खेल-खिलाड़ियों के मान-सम्मान में नंबर 1 था आज वो हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ते अपराध, किसान का अपमान करने में नंबर 1 पर है।

## पहली जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पलवल में

**फरीदाबाद।** जिला संघ कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया की इस बार 18वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पटना में 12 से 14 जनवरी को होगी। इसमें पलवल जिले की टीम भाग लेगी।

इसके लिए सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल में 13 दिसंबर को ट्रायल लिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 14 व 16 साल के लड़का एवं लड़की वर्ग के एथलीट खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसमें 16 आयु वर्ग में 80 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। साथ में हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवेलिन थ्रो इवेंट भी होंगे। वहीं, 14 आयु वर्ग में जेवेलिन सहित 4 तरह के इवेंट होंगे। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए अशोक देशवाल घोडी और सरजीत जाखड चांदहट ने बताया कि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 13 दिसंबर मंगलवार को सुबह 8:30 बजे होगा और प्रतियोगिता शुरू होने का समय सुबह 9:30 बजे रहेगा। कोई भी इच्छुक एथलीट खिलाड़ी एक फोटो,ओरिजनल डेट ऑफ बर्थ सर्टिफिकेट के साथ अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट लेकर आएं। अशोक देशवाल ने बताया कि फाइनल सिलेक्शन राजीव खत्री ( सोनीपत ) आर्जरबर एथलेटिक्स हरियाणा व पलवल एथलेटिक्स कमेटी करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर निगम पार्षद का सम्मान हुआ



**फरीदाबाद।** मानव अधिकार संरक्षण संघ फरीदाबाद की टीम ने विश्व मानवधिकार दिवस के उपलक्ष्य में फरीदाबाद वार्ड नंबर 37 नगर निगम के पार्षद दीपक चौधरी को मानव शांति अवार्ड से, साथ में पवित्र ग्रंथ भगवत गीता भेट करते हुए गले में पटका पहनाकर सम्मानित किया। मानव अधिकार संरक्षण संघ के जिला अध्यक्ष गुलबीर सिंह का कहना है की पार्षद द्वारा अपने वार्ड में स्वच्छता के लिए चलाई गए पहल सराहनीय रही और उनके कार्यकाल में शांति व्यवस्था ठीक तरीके से बनी रही।अपने वार्ड में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समय समय पर गली मोहल्लों का दौरा करके लोगो की समस्याओं को सुनकर तुरंत उनका निदान कर देते है स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी पहल को शुरू करके उन्होंने सभी लोगो को अपनी जिम्मेदारी से अवगत करवाया है। उनका वार्ड सभी जगह साफ़ सुथरा नजर आ रहा है और आशा करते है पार्षद जी आगे भी इसी तरह अपने वार्ड का हमेशा ख्याल रखेंगे। इस शुभ अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हेमराज शर्मा, जिला प्रवक्ता सुशील कुमार, उपाध्यक्ष बल्लबगढ़ इरशाद अहमद, गुलबीर सिंह मौजूद रहे।

### 12.40 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल है जो बदरपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सदर बल्लभगढ़ एरिया से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 12.40 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो कोई भी जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए ही स्मैक लाकर बेचता है। आरोपी ने बताया कि यह स्मैक वह पलवल से खरीद कर लाया था जिसकी अभी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है और वही उसके साथी की तलाश की जा रही है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### साई मंदिर का नौंवा स्थापना दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** साई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट रजि द्वारा स्थापित साई मंदिर मवई रोड का नौंवा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच हुई एवं 20 लोग मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। जिनका संस्था द्वारा निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंदिर में सुंदर कांड का पाठ और उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि साई मंदिर में एलोपैथिक की निशुल्क डिस्पेंसरी भी चलती है एवं महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण भी होता है। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान जतिन गर्ग, पंडित विनय पांडे, ब्रह्मानंद शर्मा, शोभित शर्मा, रवि कुमार एवं डॉ महेंद्र आर्य विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### महिला मंडल ने भोजन एवं कम्बल बांटे



**फरीदाबाद।** रॉयल हेरिटिज महिला मंडल की ओर से बीपीटीपी स्लम अकैडमी सेक्टर-13 के बच्चों को भोजन और कम्बल वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर फरीदाबाद विधान सभा के विधायक नरेंद्र गुप्ता साथ ही समाज सेवी कुलदीप सिंह साहनी, सुनील कुमार और टोनी पहलवान, सोशल ऐक्टिविस्ट रोजी पंडित, ओल्ड मार्केट के प्रधान रवि डूडेजा, शुभम अरोडा, रिन्कू मौजूद रहे। सभी का शाल ओर बुक्के देकर स्वागत किए गया। प्रभा सोलंकी सर्वजाति सर्वखाप महापंचायत फरीदाबाद की प्रेसिडेंट का भी अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। साथ ही विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह काफी खुशी की बात है कि आज की दौर में महिलायें घरों से निकल कर ऐसा काम कर रही है काफी खुशी की बात है। रॉयल हेरिटिज महिला मण्डल की महिलायें द्वारा बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम सबको करने चाहिए। विधायक ने रॉयल हेरिटिज महिला मंडल की प्रेसिडेंट प्रीता आहूजा के लिए कहा कि वह जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर खुशी लाकर बहुत अच्छा काम करती है और मुझे विश्वास है कि आगे भी करती रहेगी। साथ ही रॉयल हेहेरिटिज महिला मंडल कि प्रेसिडेंट प्रीता आहूजा, वाइस प्रेसिडेंट अनिता तायल, ट्रेजर सरिता हैंडंस, वाइस अनु गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी रंजू शर्मा, सेक्रेटरी हिता भारद्वाज, मैनेजर निर्मल गुप्ता, वाइस संजय, मीनू, एड्वाइजऱी अरुणा लोहिया, वाइस पिंकी, चारु, रानी समेत सभी संस्था के लोग भी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों से कविताएं सुनी और संस्था की सभी महिलाओं ने बच्चों के लिए गाना भी गाया साथ ही बच्चों को कंबल और भोजन बाटने का काम भी किया।

# आयुर्वेद को बढ़ावा
## स्वागत योग्य कदम

**आयुर्वेद** प्राचीन भारत द्वारा दुनिया को दिया गया एक सर्वोत्तम उपहार है। सरकार इसे बढ़ावा देने के हर संभव प्रयास कर रही है। यह निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य कदम है। भारतवर्ष में भी इसका प्रचार बढ़ रहा है जिसे और बढ़ावा देने की जरूरत है। केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद नायक ने उचित ही दुनिया को 'आयुर्वेद' के लाभ पहुंचाने की पैरवी की है। विश्व आयुर्वेद फाउंडेशन ने केन्द्रीय आयुष मंत्रालय व गोवा सरकार की सहायता से नवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिसंबर को इसके उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। श्रीपद नायक ने कहा, 'आयुर्वेद केवल औषधि नहीं है, बल्कि यह हमारी परंपरा है। हमें इसका लाभ सारी दुनिया को देना चाहिए।' आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए कदमों का उल्लेख करते हुए नायक ने कहा, 'अलग आयुष मंत्रालय का गठन कर आयुर्वेद को बढ़ावा दिया गया है जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने योग को दुनिया तक पहुंचाया है। आयुष मंत्रालय का गठन वास्तव में 'वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों' व खासकर आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। लेकिन अनेक विश्लेषकों का मानना है कि शायद उसने अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया है। आयुष में आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, योग व होम्योपैथी के साथ ही सोया रिग्पा या तिब्बती चिकित्सा पद्धति को शामिल किया गया है। नवीं आयुर्वेद कांग्रेस में 5,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें 30 देशों से आए 200 प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ऐसे सम्मेलनों से आयुष व खासकर आयुर्वेद को बढ़ावा देने में अवश्य सहायता मिलती है। लेकिन सरकार को समझना होगा कि आयुर्वेद को योग के समान लोकप्रिय बनाने के लिए बहुत प्रयास करने होंगे। आयुर्वेद की तुलना में योग पहले से ही पश्चिमी दुनिया में लोकप्रिय रहा है और इसका श्रेय वर्तमान सरकार के साथ ही अनेक स्वयंसेवी संगठनों व व्यक्तियों को दिया जाना चाहिए।



आयुष मंत्रालय का दायित्व भारत में परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों में शिक्षा व शोध तथा इनके प्रचार को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में भारतीय चिकित्सा पद्धतियों व होम्योपैथी विभाग-आईएसएमएंडएच को मंत्रालय बना दिया। आयुष मंत्रालय की शुरुआत बहुत जोर-शोर से हुई थी, पर पिछले आठ साल में यह संभवत: अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सका है। मंत्रालय की स्थापना के समय वादा किया गया था कि 1000 करोड़ रुपये के निवेश से देश भर में 100 आयुष अस्पतालों की स्थापना के साथ पूना में प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान बनाया जाएगा। इसके साथ ही देश भर में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के 4,000 चिकित्सकों को तैनात करने का भी लक्ष्य था। सरकार को देखना चाहिए कि आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित ये लक्ष्य कहां तक पूरे हुए हैं तथा आयुष पद्धतियों व खासकर आयुर्वेद के देश भर में व्यापक विस्तार के लिए और क्या किया जाना चाहिए। विडंबना है कि मंत्रालय कुछ अनावश्यक विवादों का शिकार भी हुआ। कहा गया कि उसके द्वारा नियुक्त सलाहकार वैज्ञानिक शोध करने में दक्ष नहीं थे। इसके साथ ही वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास हेतु उपयुक्त ढांचागत संरचनायें बनाने तथा इनके प्रति जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सरकार को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों, यानी आयुष व खासकर आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए पुन: एक विस्तृत कार्ययोजना बनानी चाहिए। यह तथ्य भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि आयुष चिकित्सा पद्धतियों, खासकर आयुर्वेद व योग के देश-दुनिया में प्रचार में निजी क्षेत्र व अनेक स्वयंसेवी संगठनों ने भारी योगदान दिया है। सरकार को अपनी योजनाओं को गति देने के साथ ही इनका योगदान और बढ़ाने के प्रयास भी करने चाहिए।

# सावरकर के प्रति वामपंथी दृष्टिकोण

1980 के दशक से कम्युनिस्ट कांग्रेस में घुसपैठ कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने पार्टी और सरकार के सर्वोच्च नेताओं के दिमाग में जहर भर दिया है।



**एम. नागेश्वर राव**
(लेखक, पूर्व सीबीआई निदेशक हैं।)




भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन ने अनेक विचारधाराओं वाले स्वतंत्रता सेनानियों को जन्म दिया जिनमें अति-वामपंथियों से लेकर सभ्यतामूलक दक्षिणपंथी तक शामिल थे। आज हम जिस स्वतंत्रता का आनन्द उठा रहे हैं उनमें इनके संयुक्त प्रयासों व सामूहिक बलिदानों का योगदान है। इसलिए हर भारतीय को अपनी मातृभूमि के उन नौजवानों पर गर्व करना चाहिए जिन्होंने अपनी जवानी में असाधारण कठोर परिस्थितियों, अत्यारों व अपमान का सामना किया। उनका एकमात्र उद्देश्य भारत माता को विदेशी गुलामी से मुक्ति दिलाना था। हमारी वर्तमान वैचारिक अधकचरी समझ कभी भी उनके प्रति अनुराग व भक्ति की भावना में बाधक नहीं बननी चाहिए। हालांकि, यह भी समझा जा सकता है कि स्वतंत्रता के फौरन बाद सत्ता में आए अनेक मध्य-वाम व्यवस्थावादी कभी अपनी व्यक्तिगत दुश्मनियों से ऊपर नहीं उठ सके। लेकिन यह सब बहुत पहले बीत चुका है।

ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता के बाद तीसरी पीढ़ी के नेताओं में स्वतंत्रता आंदोलन के हिंदू-दक्षिणपंथी नेताओं के प्रति घृणा क्यों है जिन्होंने अतीत में सर्वाधिक अत्याचारों का सामना किया था? हिंदू दर्शन के अनुसार, सर्वोच्च ब्रह्म या ईश्वर के अवतार भी 'संपूर्ण' नहीं होते हैं, ऐसे में मनुष्यों के बारे में क्या कहा जाए। सामान्य मनुष्यों की तरह स्वतंत्रता सेनानियों के व्यक्तित्व में भी कुछ कमियां रही हो सकती हैं। इसके साथ ही राज्य की शक्ति के सामने सबसे मजबूत लोग भी टूट जाते हैं। सभी विचारधाराओं के सर्वोच्च लोगों ने भी विपरीत व्यक्तिगत नतीजों से बचने के लिए कभी न कभी औपनिवेशिक शासकों के प्रति नरमी दिखाई थी। चूंकि अंग्रेज हिंदू-दक्षिणपंथी नेताओं के प्रति सर्वाधिक क्रूर थे, इसलिए उसके कुछ नेताओं ने अपने अस्तित्व के लिए उनके सामने झुकना पसंद किया। आखिरकार किसी युद्ध में विजय के लिए जीवित रहना जरूरी है। इसलिए कुछ कामों के कारण केवल उनकी निन्दा करना तथा उनको संदर्भ से काट कर अलग करना अनुचित व उनके प्रति विश्वासघात है।

आखिरकार हमारी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वालों की निन्दा कर हमें क्या मिलेगा? निश्चित रूप से विनायक दामोदर सावरकर सर्वाधिक उल्लेखनीय हिंदू-दक्षिणपंथी स्वतंत्रता सेनानी थे जो वाम-उदारवादियों के लगातार निशाने पर रहे हैं। वे नास्तिक, बेहतरीन लेखक, विचारक, प्रभावशाली वक्ता तथा एक उग्र क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने अनेक अन्य रचनाओं के साथ पचासवीं वर्षगांठ पर 'द इंडियन वार आफ ४इंडिपेंडेंस-1857' व 'द एसेन्शियल्स आफ हिंदुत्व' पुस्तकें लिखीं। अंग्रेजों ने प्रकाशन के पहले ही 'द इंडियन वार आफ इंडिपेंडेंस-1857', यानी भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया था।

अंग्रेजों ने औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में उनको 50 साल कैद की सजा तथा आजीवन कालापानी की सजा दी थी। उनको अंडमान की कुख्यात 'सेलुलर जेल' में बंद किया गया था। यहां अमानवीय यातनायें दी जाती थीं। इनमें चक्की पर बहुत लंबे समय तक काम करने के कठोर श्रम के साथ एक सप्ताह तक हथकड़ियां बांध कर खड़े रखने, 6 महीने तक बेड़ियों में जकड़े रखने, अकेले छोटी सी कोठरी में बंद रखने, चार दिन भूखा रखने तथा 10 दिन तक टिकठी पर हाथ-पैर बांध कर रखने जैसी सजायें शमिल थीं। इसके साथ ही कैदी के पैर अलग-अलग बांध दिए जाते थे। सावरकर ने 11 साल तक ये अमानवीय यातनायें झेलीं जिनकी कल्पना दूसरे लोग 11 मिनट के लिए भी नहीं कर सकते हैं। विधिक रूप से उपलब्ध उपचार के रूप में उनकी दया याचिकाओं के आधार पर उनको रत्नागिरि जेल भेजा गया। इसके बाद 15 साल रत्नागिरि जिले से बाहर न जाने की शर्त पर उनको रिहा कर दिया गया। क्या किसी विचारधारा के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी को इस प्रकार के अमानवीय अत्याचारों का सामना करना पड़ा था जितना सावरकर ने किया था?

श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था। 1970 में उनकी सरकार ने सावरकर पर समारोही डाक टिकट जारी किया था। 20 मई, 1980 को जन्म शताब्दी प एक पत्र में श्रीमती गांधी ने लिखा था कि स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार का साहसपूर्ण विरोध का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने लिखा था, 'मैं भारत के इस उल्लेखनीय पुत्र की जन्म शताब्दी समारोह मनाने की योजना की सफलता की कामना करती हूं।' 1983 में इंदिरा गांधी ने सूचना एवं प्रसारण विभाग को सावरकर पर एक वृत्तचित्र बनाने का आदेश दिया था तथा मुंबई में सावरकर मेमोरियल को अनुदान भी दिया था। यह एक प्रतिनिधिक उदाहरण है कि पुरानी कांग्रेस में हिंदू-दक्षिणपंथ या सावरकर के प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी। उसने सावरकर के योगदान व उनके बलिदान की स्मृतियों में आयोजन भी किए थे।

लेकिन 1980 दशक के बाद अनेक वामपंथी कांग्रेस में महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच गए और अपने साथ सावरकर समेत किसी भी 'हिंदू' चीज के प्रति भयानक घृणा भी ले गए। उन्होंने राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेतृत्व के दिमागों में जहर भर दिया। उनका गोपनीय एजेंडा कांग्रेस को एक नई कम्युनिस्ट पार्टी में बदलना था। कई दशकों तक आरएसएस-भाजपा गांधी, नेहरू तथा स्वतंत्रता संग्राम में शामिल अनेक कांग्रेसी नेताओं की निन्दा करते रहे, लेकिन इससे उनको कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिला। अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता बढ़ाने के दृष्टिकोण से उन्होंने रास्ता ठीक किया और उन्होंने कुछ वैचारिक धाराओं को समाहित करना शुरू कर दिया।

उन्होंने सरदार पटेल की दुनिया में सबसे ऊंची मूर्ति बनवाई है। उन्होंने गांधी तथा अंबेडकर को अपनी विचारधारा में शामिल किया। उन्होंने 'मां दुर्गा' कह कर इंदिरा गांधी की प्रशंसा भी की। उन्होंने अपने किस्म के सुधारों को व्यापक राजनीतिक वैधता प्रदान करने के लिए पीवी नरसिम्हा राव की प्रशंसा भी की। उन्होंने इंडिया गेट छतरी के नीचे सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति भी लगवाई। स्वामी विवेकानंद, टैगोर तथा जय प्रकाश नारायण को अपनी विचारधारा में शामिल करने के बाद अब वे हिंदू-विरोधी पेरियार व ज्योतिबा फुले को भी अपने साथ समाहित कर चुके हैं। ऐसा लगता है कि देर-सवेर वे नेहरू को भी अपने साथ समाहित कर सकते हैं। कांग्रेस दबे स्वर में विरोध कर रही है कि भाजपा उसके प्रतीक चुरा रही है, पर इसके बावजूद यह सूची लंबी होती जा रही है। 1951 से लेकर 2019 तक आम चुनावों ने बता दिया है कि केवल हिंदुओं के साथ जुड़ने पर ही कोई पार्टी पूर्ण बहुमत प्राप्त कर सकती है। 1951 से लेकर 1971 तक हिंदू मजबूती से कांग्रेस के साथ उसकी समावेशी भावना के कारण थे। आपातकाल ने उनको थोड़ा किनारे धकेला। 1980 में जनता पार्टी प्रयोग की भयानक विफलता के बाद वे फिर कांग्रेस के साथ आ गए। कांग्रेस को आखिरी बार 1984 में पूर्ण बहुमत मिला क्योंकि हिंदू प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दु:खद हत्या के बाद उसके साथ लगभग पूरी तरह आ गए थे। इसके बाद कांग्रेस को 1991 में लगभग बहुमत मिला क्योंकि राजीव गांधी की भयानक हत्या के बाद चुनाव के अगले चरणों में हिंदू उसके साथ एकजुट हो गए। 2004 से 2014 तक चले संप्रग शासनकाल में हिंदू उससे पूरी तरह अलग हो गए क्योंकि पहली बार कांग्रेस को व्यापक रूप से 'हिंदू-विरोधी' की तरह देखा गया। इसके परिणामस्वरूप हिंदू अभूतपूर्व रूप से भाजपा के साथ जुड़ गए और उसे इतिहास में पहली बार 2014 में पूर्ण बहुमत मिला। उसने 2019 में पुन: चुनाव में विजय पाई। चुनाव आंकड़ों के विश्लेषण से संकेत मिलता है कि हिंदुओं ने कांग्रेस के प्रति किसी अन्य पार्टी की तुलना में ज्यादा विश्वास प्रकट किया जब वह हिंदू-विरोधी के बजाय मध्यमार्गी थी।

कांग्रेस के लिए एक सबक है। प्रकाश करात माकपा के एक सर्वोच्च नेता हैं जो 2005 से 2015 तक इसके राष्ट्रीय प्रमुख रहे। अपने पूर्व प्रमुख व व्यवहारवादी हरकिशन सिंह सुरजीत के उलट प्रकाश करात वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी व हिंदू-विरोधी हैं। वे कभी चुनाव नहीं लड़े। कोई आश्चर्य नहीं कि उनके युग में माकपा में सबसे तेज गिरावट आई और उससे वह कभी उबर नहीं सकी। इस प्रकार एक ओर जहां कांग्रेस अपने प्रतीक आरएसएस-भाजपा के पक्ष में खोती जा रही है, वहीं उसकी विचारधारा अकारण ही हिंदू-दक्षिणपंथी सावरकर जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के प्रति घृणा से भर गई है। इससे हिंदू उससे दूर हट रहे हैं।

सवाल है कि कांग्रेस इस आत्मघाती रास्ते पर क्यों चल रही है? इसका कारण यह है कि कांग्रेस नेतृत्व वाम-उदारवादियों की बौद्धिक जकड़ में है जो चुनावी खेल में पूरी तरह विफल हो चुके हैं। ये वाम-उदारवादी कांग्रेस के साथ वही कर रहे हैं जो प्रकाश करात ने माकपा के साथ किया है।


# भारत का सबसे बड़ा दुश्मन चीन



**भूपेंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी हैं)

हमारा यह एशियाई पड़ोसी चीन, अपनी आर्थिक शक्ति के दम पर, वैश्विक शांति की कीमत पर भी खुलेआम विस्तारवादी होने से गुरेज नहीं करता। जॉर्ज फर्नांडिस शायद पहले भारतीय राजनेता थे जिन्होंने चीनियों को 'दुश्मन नंबर एक' कहा था। इसने हलचल को बढ़ा दिया था, बहस को तेज कर दिया था और इसे मामूली खतरनाक और अपरिपक्व देखा गया था, क्योंकि पाकिस्तान के साथ कथित संबंध अभी भी भावनाओं को मथ रहा था। हालांकि, जॉर्ज फर्नांडीस की पूर्व चेतावनी की पुष्टि करने के लिए झोंगगुओ शिजी या चीनी शताब्दी के नवशास्त्रवाद में अधिक समय नहीं लगा। 2013 में चीन के राष्ट्रपति के रूप में शी जिनपिंग के आगमन ने एक विस्तारवादी और अधिनायकवादी ड्रैगन के लक्षणों में तीव्रता ला दी, जो स्थापित वैश्विक व्यवस्था की शांति को खतरा पैदा करेगा।

पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ, 1989 की क्रांतियों के कारण हुई आंतरिक विस्फोट तक, अपनी सैन्य रणनीति के केंद्र बिंदु थे। कुछ समय के लिए अमरीका एकमात्र वर्चस्ववादी शक्ति के रूप में सामने आया था। हालांकि, यह जॉर्ज बुश प्रशासन था जिसने प्रशांत महासागर के साथ उभरती वास्तविकताओं को तनाव के रंगमंच के रूप में उभरने और शीत युद्ध 1.0.2 के आरंभ के रूप में पहचाना, जिसमें चीन ने प्राथमिक दुश्मन के रूप में सोवियत संघ/रूस की जगह ले ली थी। अमेरिका और चीन की मुख्य भूमि के बीच भौतिक दूरी को देखते हुए, व्यवहारिक और टिकाऊ 'लंबी दूरी के शक्ति प्रक्षेपण' की बाधाएं अपरिहार्य हो गईं, और इसलिए भारत-प्रशांत क्षेत्र में विश्वसनीय और सामरिक साझेदारी स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता हो गई। यह सैद्धांतिक विकास क्वाड जैसे (चतुर्भुज - जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका) और ऑकस(ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएस) जैसे चीन-केंद्रित 'ब्लॉक' की रणनीतिक अवधारणा की पृष्ठभूमि था, बाद के ओबामा प्रशासन द्वारा वास्तव में 'एशिया की धुरी' नीति बना । माना जाता है कि बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में 'प्रथम प्रशांत राष्ट्रपति' के रूप में शपथ दिलाई गई थी। लेकिन यह डोनाल्ड ट्रम्प ही थे जिन्होंने अमेरिका-चीन के नैरेटिव को खुली दुश्मनी में बदल दिया - ट्रम्प ने भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्र में चीनी विस्तारवाद की बात की, जिसे स्पष्ट रूप से जांचने की आवश्यकता थी। व्यक्तिगत रूप से शी को 'दुश्मन' कहने से लेकर, व्यापार-युद्धों को बढ़ाने, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया जैसे चीनी सहयोगियों को धमकी देने से लेकर यहां तक कि कोविड-19 वायरस को 'चीनी वायरस' कहने तक, ट्रम्प ने चीन के खिलाफ आरोप-द्वार खोल दिए।



सक्षम जो बाइडेन प्रशासन ने चीन पर अपनी चाल पर रोक लगा दी है और खुद बाइडेन ने बाली में ग्रुप 20 शिखर सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग के साथ अपनी बातचीत को 'परस्पर बहुत कुंद' बताया। भले ही यह पारंपरिक शीत युद्ध का अभिशाप है, यानी रूस, जो अमेरिका समर्थित यूक्रेन के साथ खूनी संघर्ष में है, और पूर्वी यूरोप के पहले के कल्पित थिएटर के दौरान ऐसा कर रहा है - अमेरिका रणनीतिक दृष्टिकोण रखने में दृढ़ है कि यह चीन है न कि रूस (इसलिए, इंडो-पैसिफिक थिएटर, न कि यूरोपीय या मध्य पूर्वी क्षेत्र) जो आगे चलकर 'दुश्मन नंबर एक' बनने जा रहा है। यहां तक कि अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी की गई 2022 चीन सैन्य शक्ति रिपोर्ट भी चीन को 'अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और एक स्वतंत्र व खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए सबसे परिणामी और प्रणालीगत चुनौती' के रूप में पुष्टि करती है। इसमें यह भी जोड़ा गया कि बीजिंग 'सजग, और तेजी से, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने की क्षमता' वाला एकमात्र प्रतियोगी था। ड्रैगन की मंशा इस तथ्य से रेखांकित होती है कि कोविड महामारी के गंभीर वित्तीय प्रभावों के बावजूद, चीन ने 2020 में अपने परमाणु शस्त्रागार को 200 वारहेड से 400 तक दोगुना करने में कामयाबी हासिल कर ली है। यहां तक कि 2021 में उनका बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण दुनिया के बाकी हिस्सों द्वारा किये गये कुल परीक्षण के योग से अधिक रहा है।

महीनों पहले, अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2022 की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति जारी की थी, जहां उसने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था, 'अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे व्यापक और गंभीर चुनौती पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना (पीआरसी) का भारत-प्रशांत क्षेत्र को अपने हितों और अधिनायकवादी प्राथमिकताओं के अनुकूल बनाने का जबरदस्त और तीव्र आक्रामक प्रयास है।' भारत के लिए महत्वपूर्ण रूप से, इसने विशेष रूप से भारतीय चिंताओं का उल्लेख किया था क्योंकि 2020 की गर्मियों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर संघर्ष, चिंता के तीन विशेष रूप से उल्लिखित क्षेत्रों में से एक था। चीन का क्षेत्र को अस्थिर करने का एक व्यापक पैटर्न और जबरदस्त पीआरसी व्यवहार पूर्वी चीन सागर, दक्षिण चीन सागर और वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ-साथ फैला हुआ है। आज, चीन की डरावनी समानता ने भारत-अमेरिका समीकरण को मजबूत किया है, और वे परस्पर सहज महसूस करते हैं और हाल ही में, भारत-चीन गतिरोध में सटीक फ्लैशप्वाइंट के आसपास के क्षेत्रों में संयुक्त सैन्य अभ्यास, एक लायुध अभ्यास (शाब्दिक रूप से, युद्ध अभ्यास) करने के लिए पर्याप्त रूप से प्रेरित महसूस करते हैं। यहां तक कि यूक्रेन, पाकिस्तान या यहां तक कि अमेरिका और भारत के बीच अनसुलझे व्यापारिक मुद्दों पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी जो बाइडेन को भारत को 'अपरिहार्य साझेदार' के रूप में वर्णित करने से नहीं रोक पाई हैं - और उक्त संबंध की अपरिहार्यता चीन से कथित खतरे की धारणा पर अनिवार्य रूप से पुख्ता और समर्पित है। उसी दिशा में, रूस से हथियारों व तेल की दिल्ली की पहले से चली आ रही खरीद की अनदेखी करना एक सुनिश्चित प्रयास है। रूस अपने अतीत की एक धुंधली छाया है और चीन दिल्ली और वाशिंगटन डीसी दोनों को वश में करने के लिए सचमुच का ड्रैगन है।

## आप की बात

### नशे का व्यापार

**एक** वर्ष के दौरान नशे का अवैध कारोबार सीमाएं तोड़ रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय गिरोह बड़ी मात्रा में तस्करी कर रहा है, जो बंदरगाहों तथा ड्रोन का प्रयोग कर भारत के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। स्थिति यह है कि प्राथमिकी, जुर्माना, अवैध भट्टियां, और मरने वालों की भी रिकार्डतोड़ संख्या हो रही है। चिंतित होकर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने संज्ञान लेकर पंजाब सरकार को लताड़ा है। आश्चर्य होता है कि यह सब गुजरात बंदरगाहों पर भी हो रहा है। पाक द्वारा ड्रोन से अवैध शराब और ड्रग्स पंजाब में भेजी जा रही है। स्थिति यह है कि कारोबारी सरकार पर भारी पड़ रहे हैं और सियासत और प्रशासन मौन हो कर देख रही है। मप्र की भी अवैध और जहरीली शराब मामलों में बदनामी हुई है, किंतु गड्डम गड्डु अभी भी चल रहा है। जरुरत है अवैध और जहरीले कारोबार पर नकेल कसने के लिए राज्यों के अमले में वृद्धि करने तथा केंद्रीय सरकार के आवश्यक सहयोग लेने की। नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर आम जनता तथा पुलिस व अभियोजन अधिकारियों के बीच समुचित समन्वय जरूरी है ताकि आपराधिक तत्वों को जल्दी से जल्दी सजा मिल सके।

**बी एल शर्मा अकिंचन,** उज्जैन

### साइबर सुरक्षा

**देश** में साइबर हमलों की संख्या में पिछले कुछ सालों से तीन गुना वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2019 में सीईआरटी द्वारा ट्रैक की गई साइबर हमलों की कुछ संख्या चार लाख से नीचे थी लेकिन इस वर्ष जून तक ही 6,74,021 घटनाएं दर्ज की गई। साइबर सुरक्षित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को एक मजबूत रणनीति बन बनानी होगी जो सरकारी प्रणालियों, नागरिकों और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा करे। यह न केवल नागरिकों को साइबर खतरों से बचाने में मदद करेगा बल्कि अर्थव्यवस्था में निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाएगा। हाल ही में 23 नवंबर को देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में साइबर हमला हुआ। ये हमला एजेंसियों द्वारा सुलझा भी नहीं था कि1 दिसंबर को फ्रि साइबर हमलावरों ने सरकारी जलशक्ति मंत्रालय के ट्विटर अकाउंट को आंशिक रूप से हैक कर लिया। साइबर अपराधों में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए उपभोक्ताओं को डिजिटल स्पेस में अधिक जागरूक होना होगा।

**दीपा अधिकारी,** नैनीताल

### न्याय में विलंब

**ऊपरी** अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय और सरकार के बीच तनातनी जारी है। आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट नियुक्ति का अधिकार अपने पास रखना चाहती है , जब देश में एक चपरासी तक के लिए चयन प्रक्रिया के मापदंड नियत है ! सरकार द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में जिस तरह से नियुक्तियों के लिए यूपीएससी के एग्जाम लिए जाते हैं! और उच्च पदों पर नियुक्तियां की जाती है, वैसे ही जजों की नियुक्तियों के लिए भी सिर्फ यूपीएससी जैसी परीक्षा प्रणाली और इंटरव्यू प्रणाली विकसित करके जजों की नियुक्तियां की जाना चाहिए! जजों के रिक्त पद शीघ्रता से भरे जाएं । नए पद सृजन किए जाएं। कार्य करने का समय बढ़ाया जाए और प्रत्येक अदालत को न्यूनतम प्रतिमाह कम से कम 200 केस निपटाने का लक्ष्य दिया जाए। न्यायालय में एजेंटों के रूप में काम कर रहे तथाकथित वकीलों को न्याय परिसर से बाहर निकाला जाए। तारीख बढ़ाए जाने के नियम सख्त किए जाएं तभी लोगों को त्वरित न्याय मिल सकेगा!

**सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया




**कांग्रेस** की भारत जोड़ो यात्रा के प्रति सारी दुनिया आकर्षित है। इससे जुड़े नौजवान राहुल गांधी के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

\- **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**भारत** को रूस से सस्ता तेल खरीदने को मिल रहा है, लेकिन रूसी हमले के कारण यूक्रेनी मारे जा रहे हैं।

\- **दिमित्रो कुलेबा**
यूक्रेनी विदेश मंत्री



**हिंदुओं** व मुसलमानों की तरह ईसाइयों को भी अपने त्योहार मनाने का मौका मिलना चाहिए।

\- **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस सांसद

# शासकीय कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो जाएगा जेलः केशव

● प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित व निर्माणाधीन मार्गों की गुणवत्ता की होगी जांचः उपमुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग की किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि कहीं कोई अनियमितता, लापरवाही व भ्रष्टाचार की शिकायत पायी गयी और जांच में दोषी शासकीय कर्मियों के खिलाफ वैधानिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री मौर्य ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर का शासकीय कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसे जेल भेजने की कार्यवाही की जाये। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कालिदास मार्ग स्थिति अपने सरकारी आवास पर ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी राज्यों के ग्राम्य विकास विभाग के मंत्रियों व अधिकारियों की कार्यशाला आगामी फरवरी में आयोजित कर उनके अनुभवों के आधार पर गांव के सम्पूर्ण विकास की ठोस रणनीति तैयार करते हुए गांव का समग्र विकास किया जाये। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि फाइलों से बाहर आकर एक नयी सोच के साथ गांव का चर्तुमुखी विकास करें। उन्होंने कहा कि आबादी के दृष्टि से गांव का सम्पूर्ण विकास करने हेतु प्रत्येक दशा में पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा लागू योजनाओं का पूरा लाभ दिया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का मूल गांव हैं इसलिए पूरी ईमानदारी के साथ गांव का विकास करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 862767 आवासों का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को प्राप्त है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सभी जनपदों और ब्लाकों को इस योजना से शतप्रतिशत आच्छादित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कतिपय जनपदों और ब्लाकों के सेक सूची में छूटे व्यक्तियों का सर्वेक्षण करते हुए पात्र लाभार्थियों की सूची बनाने का निर्देश दिया।

उन्होंने सर्वे के उपरान्त पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने पात्र लाभार्थियों के चयन की रणनीति हेतु उनकी अध्यक्षता में एक सप्ताह के अंदर मुख्य विकास अधिकारियों, जिला विकास अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों की बैठक आहूत करने के निर्देश दिए।

## जांच में दोषी अभियंताओं पर कार्रवाई के साथ ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाए

उप मुख्यमंत्री ने एक माह तक विशेष अभियान चलाकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत समस्त जनपदों में निर्मित व निर्माणाधीन मार्गों की गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी को दिया। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाये जाने पर संबंधित अभियंताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए तथा दोषी ठेकेदारों को काली सूची में डालने के साथ ही डिबार करने की कार्यवाही भी की जाये। उन्होंने कहा कि एफडीआर तकनीक से चयनित मार्गों का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालयए भारत सरकार को प्रत्येक लोक सभा क्षेत्र में 200 किमी. सड़क निर्माण किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार नयी सड़कों के चयन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए तथा जो गांव सम्पर्क मार्ग से वंचित हैं उन्हें सम्पर्क मार्ग से जाए। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि एक सेवा निवृत्त मुख्य विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उनको चिकित्सा प्रतिपूर्ति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लचर एवं असंवेदनशील कार्य प्रणाली को सुधारने की आवश्यकता है। बैठक में प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार, आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीआरआरडीए भानु चन्द्र गोस्वामी, विशेष सचिव ग्राम्य विकास एनपी पाण्डेय, विशेष सचिव ग्राम्य विकास, सुधीन्द्र के साथ ही अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मोदी-योगी के भरोसे भाजपा लड़ेगी निकाय चुनाव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आज से 18 दिसम्बर तक क्षेत्र व जिला स्तर पर बैठकें आयोजित करेगी

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता एवं प्रदेश सहप्रभारी सत्याकुमार व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में बीजेपी मुख्यालय में बैठक हुई जिसमें संगठन की आगामी कार्ययोजना के साथ ही नगर निकाय चुनाव की तैयारियों तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। पार्टी ने तय किया कि मोदी-योगी सरकार द्वारा लोककल्याण के लिए किये गए कार्यों और सम्पर्क, संवाद, समन्वय, सामंजस्य एवं सामूहिकता की नीति के आधार पर पार्टी निकाय चुनाव लड़ेगी। पार्टी 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक आगामी संगठनात्मक कार्यों एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर क्षेत्र एवं जिला स्तर पर बैठकें आयोजित करेगी।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार के कार्यों और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पार्टी निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करायेगी। लोकसभा चुनाव के पहले हो रहे नगरीय निकाय का चुनाव महत्वपूर्ण हैं। हम सभी पार्टी पदाधिकारियों का यह दायित्व है कि वे संगठन की योजनानुसार कार्य करते हुए नगर निकाय के चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के अभियान में लगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ तक के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रदेश में नगरीय निकाय के चुनाव में पार्टी की जीत के लिए काम करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नगरीय निकाय चुनावों के लिए जल्द ही अधिसूचना जारी होने की संभावना है ऐसे में हम सब लोग संगठन की तय योजनानुसार महापौर, पार्षद, पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य पदो के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने जिला व वार्ड स्तर पर चुनाव समितियों के गठन पर भी जोर दिया। श्री चौधरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में एक-एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपकर चुनावी रणनीति तैयार की जाए। हर बूथ भाजपा.हर घर भाजपा के मंत्र के साथ प्रत्येक दहलीज तक सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव में ज्यादा समय नहीं है। इसलिए सभी संगठनात्मक कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करना हैं उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया का आधार सामूहिकता होगा। महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा नगरनिगम, नगरपालिका व नगर पंचायत के पार्षद प्रत्याशी स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा तय किये जाएगें। धर्मपाल सिंह ने बैठक में पिछले दिनों नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में हुए निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए हमें प्रदेश में अपनी संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करते हुए सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति और पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की संरचना को सशक्त बनाना है। प्रदेश महामंत्री ने नगरीय निकाय चुनावों की दृष्टि से वार्ड समिति व बूथ समिति का गठन अति शीघ्र पूरा करते हुए सम्पर्क व संवाद के माध्यम से संगठन व सरकार की बात घर-घर तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने मोर्चा, प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की नगर निकाय चुनावों में सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को काम और प्रत्येक कार्य के लिए कार्यकर्ता इसका ध्यान रखकर हमें नगर निकाय के चुनावों को लेकर की जा रही तैयारियों में रखना है।

# भाजपा राज में अन्नदाता किसान सर्वाधिक उत्पीड़न का शिकार हो रहाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में यदि कोई सर्वाधिक उत्पीड़न का शिकार है तो वह अन्नदाता किसान है। झूठे दावों और सरकारी कुनीतियों से वह दु:खीए बेहाल और परेशान है। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ किए सभी वादे भुला दिए हैं। महंगाई और भ्रष्टाचार के चलते वह अपनी जिंदगी से ही निराश हो चला है।

उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसान को सम्मान निधि के नाम पर जो धनराशि उसके खाते में भेजी गईए अब उसकी बाकायदा वसूली शुरू हो गई है। खुद प्रधानमंत्री जी ने सन् 2022 तक किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था अब पूछने पर कहा जाता है यह आश्वासन कब दिया गया थाघ् फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के मामले में भी किसान को धोखा मिला है। गन्ना किसानों को बकाया अदा करने के नाम पर भी ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्ना पशु किसान की जान भी ले रहे हैं और फसल भी बर्बाद कर रहें हैंए मुख्यमंत्री जी के पास इसका कोई समाधान नहीं सिर्फ बयानों की राहत है। कन्नौज के ताल ग्राम में किसानों को इस सर्दी में भी रात.रात भर जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ती है। झुंड के झुंड अन्ना मवेशी किसानों के खेतों को घूम.घूम कर चर रहे और किसान की फसल को बर्बाद कर रहे है। अखिलेश ने कहा कि प्रतापगढ़ में फसल बचाने के लिए खेत पर बांस बल्ली लगाते समय बांस के ऊपर से गुजरे हाई टेंशन तार के छू जाने के कारण बिजली करंट से झुलस कर किसान की मौत हो गई।

# मैनपुरी में सपा और रामपुर में भाजपा की जीत पर मायावती ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मैनपुरी** में सपा और रामपुर में बीजेपी की जीत को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर में योजनाबद्ध तरीके से कम वोटिंग करा कर सपा की हुई हार चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा काफी गर्म है कि कहीं यह सब सपा व भाजपा की अन्दरूनी मिलीभगत का ही परिणाम तो नहीं। रविवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर विधानसभा उपचुनाव में आज़म ख़ान की ख़ास सीट पर योजनाबद्ध कम वोटिंग करवा कर सपा की पहली बार हुई हार पर यह चर्चा काफी गर्म है कि कहीं यह सब सपा व भाजपा की अन्दरुनी मिलीभगत का ही परिणाम तो नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में ख़ासकर मुस्लिम समाज को काफी चिन्तन करने व समझने की भी ज़रूरत है ताकि आगे होने वाले चुनावों में धोखा खाने से बचा जा सके। खतौली विधानसभा की सीट पर भाजपा की हुई हार को भी लेकर वहाँ काफी सन्देह बना हुआ हैए यह भी सोचने की बात है।

# मायावती से दलित समाज नाराज हैः अठावले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केन्द्रीय** राज्य मंत्री रामदाव आठवले ने कहा है कि मायावती से दलित समाज नाराज है इसलिए अब बहुजन समाज पार्टी का जनाधार खिसकता जा रहा है। विधानसभा चुनावों में बसपा को जनता ने तवज्जो नहीं दी। आठवले रविवार को लखनऊ में वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। वह अपनी पार्टी के प्रदेश प्रभारी जवाहर लाल के निधन पर उनके शोक संतप्त परिजनों से मिलने आए थे। उन्होंने बताया कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे और अपनी पार्टी रिपब्लिक पार्टी आफ इण्डिया के उत्तर प्रदेश में विस्तार को लेकर बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छा काम किया है और इसी वजह से राज्य में गुण्डागर्दी खत्म हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच मार्च को लखनऊ में उनकी पार्टी आरपीआई का सम्मेलन होगा और पार्टी उत्तर प्रदेश में बसपा का विकल्प बनकर खड़ी होगी। इस सम्मेलन की तैयारियों के तहत वह पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। आठवले ने गुजरात के विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि वहां 27 साल से भाजपा राज कर रही है और पांच साल के लिए उसे फिर जनता ने अवसर दिया है। यह सारा कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की वजह से भी हो सका है। गुजरात विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप के नेता बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे मगर गुजरात की जनता ने उन्हें नकार दिया। आप के नेता चाहे जितना फ्राड की बातें करें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।

# होमगार्ड्स मुख्यालय में रैतिक परेड आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**होमगार्ड्स** स्थापना (हीरक जयंती) के अवसर पर होमगार्ड्स मुख्यलाय में रैतिक परेड का आयोजन किया जा रहा है। होमगार्ड्स एवं कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजाप्रति सोमवार 12 दिसम्बर को पूर्वाह्न 9:30 बजे होमगार्ड्स मुख्यलाय में होमगार्ड्स स्थापना (हीरक जयंती) की रैतिक परेड में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होगें।

## डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्सों के भविष्य पर संकट

**लखनऊ।** नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद से सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स का महत्व लगभग हाशिए की ओर है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से आने वाले दिनों में इन कोर्सों को लेकर निर्णय लिए जाने की संभावना बढ़ गयी है। ऐसी संभावना है कि डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स को ऑनलाइन शुरू किया जा सकता है। फिलहाल, विवि की तरफ से अधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है। विवि में इस बात की चर्चा तभी से बढ़ गयी है, जब हॉल ही में विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की तरफ से विवि और कालेजों के छात्रों के लिए रेगुलर कोर्स के साथ ही ऑनलाइन कोर्स (डुएल डिग्री प्रोग्राम) शुरू करने की बात कही गयी है। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय में करीब 36 डिप्लोमा कोर्सेज का संचालन होता है। इन कोर्सों में मानक के अनुरूप आवेदन न आने पर ही इनका संचालन संबंधित सत्र के लिए स्थगित किया जाता है। वहीं विद्यांत पीजी कॉलेज के प्रोफेसर व शिक्षक नेता प्रोफेसर मनीष हिन्दवी ने बताया कि नई शिक्षा नीति में डिप्लोमा कोर्सेज के अस्तित्व को ही लगभग समाप्त कर दिया है। नई शिक्षा नीति में स्नातक डिग्री को तीन भागों में विभाजित किया है। पहले जहां तीन वर्ष की पढ़ाई करने के बाद छात्र को स्नातक की डिग्री प्रदान कर दी जाती थी, वहीं नई नीति के अनुसार अगर कोई छात्र पहले साल में ही पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे ड्रॉपआउट ना मानकर उसे उस कोर्स में सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया जाएगा।

# भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार करेगी कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● देशभर में प्रियंका गांधी निकालेंगी महिला मार्च और करेंगी महिला घोषणा पत्र का विमोचन

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युवाओं और महिलाओं में अपनी वैचारिक और सांगठनिक मजबूती के लिए व्यापक स्तर पर ग्राम ब्लॉक से लेकर के जिला और प्रदेश स्तरीय जन संवाद अभियान चलाने जा रही है। यह कांग्रेस पार्टी द्वारा चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' का विस्तार है। कांग्रेस नेतृत्व ने इसे 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' कार्यक्रम नाम दिया है,जो तीन चरणों में आगामी 26 जनवरी 2023 से शुरू होकर पूरे 2 माह तक चलेगा।

यह महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि पहले चरण में प्रत्येक ग्राम और मतदान केंद्रों पर पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । दूसरे चरण में जनपद स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन और युवा मेला के रूप में संपादित किया जाएगा। तीसरे स्तर पर 'कार्यकर्ता महासमागम और महामेला' के रूप में आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी और केंद्रीय नेतागण शामिल होंगे। इसके साथ ही प्रत्येक राज्य में राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में महिला मार्च निकाला जाएगा और समापन रैली में महिला घोषणा पत्र का विमोचन किया जाएगा। ज्ञात हो कि महिला अधिकारों एवं महिला मुद्दों को लेकर आदरणीय प्रियंका गांधी और समूची कांग्रेस पार्टी पहले से ही संघर्षरत है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषय यह है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस फरवरी के दूसरे पखवाड़े में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय पूर्ण सत्र आयोजित कर रही हैं। इस महत्वपूर्ण सत्र में देश में बढ़ती महंगाई ,बेरोजगारी, बढ़ती नफरत विघटन इत्यादि मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।इसके साथ ही आगामी रणनीति,महत्वपूर्ण विषयों पर संकल्प लिया जाएगा और एक बड़ी जनसभा के साथ सत्र का समापन होगा। यह समस्त निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में लिया गया है। संगठन प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव श्री के.सी.वेणुगोपाल द्वारा इस परिपेक्ष में उत्तर प्रदेश कांग्रेस को पत्र भेजा जा चुका है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि यह जन संवाद कार्यक्रम, वर्तमान में चल रही सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का विस्तार है।

# बुंदेलखंड की संस्कृति को सहेजेगी योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बुंदेलखंड के किलों के साथ स्थानीय कला, संस्कृति और बोली का भी किया जाएगा विकास

**योगी** सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। बुंदेलखंड के किलों और इसके आसपास पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं के सृजन के लिए सरकार तैयारी कर रही है। इन्हीं तैयारियों के दृष्टिगत निजी कंपनी एएनबी कंसल्टेंट ने एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के तहत बुंदेलखंड के किलों के कायाकल्प के साथ-साथ इस क्षेत्र की संस्कृति, यहां की बोली भाषा और कला को भी सहेजा जाएगा। साथ ही यहां वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को भी शुरू किया जाएगा ताकि पर्यटक किलों के साथ इन गेम्स के जरिए अपने ट्रिप को इंज्वॉय कर सकें। पीपीपी के माध्यम से किए जाने वाले विकास कार्यक्रम से जुड़े इस प्रस्ताव को फिलहाल मुख्य सचिव के समक्ष पेश किया जा चुका है और अब मुख्यमंत्री के समक्ष इसे रखा जाएगा। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद इस प्रस्ताव को अमली जामा पहनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

प्रस्ताव के अनुसार बुंदेलखंड में बरुआसागर किले का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए 205 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें विभिन्न टूरिज्म एक्टिविटीज के अलावा वाटर स्पोर्ट्स के लिए भी 18 करोड़ का खर्च होगा। वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसमें कैंपिंग, ट्रेकिंग, हाइकिंग, पिकनिक व रूरल डाइनिंग के अलावा एडवेंचर स्पोर्ट्स का समावेश होगा। वाटर स्पोर्ट्स के तहत रिंगोराइड, पैरा सेलिंग, वेकबोर्डिंग, नीबोर्डिंग, कयाकिंग, जेट स्कींग जैसे गेम्स शामिल रहेंगे। इसके अलावा दशहरा, मकर संक्रांति, जल विहार, फाग लोक नृत्य व संगीत, आल्हा उदल के नाटक और राय लोक नृत्य पर भी ध्यान दिया जाएगा। यहां आने वाले पर्यटक इन गतिविधियों में शामिल होंगे।

इसी तरह भूरागढ़ फोर्ट के कायाकल्प का भी प्लान है। इसकी प्रोजेक्ट कॉस्ट 94 करोड़ रुपए है। इस क्षेत्र को वाटर स्पोर्ट्स के अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए तैयार किए जाने की योजना है। यह काम भी पीपीपी मॉडल पर होगा। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 98 करोड़ की लागत वाले रानगढ़ फोर्ट को भी वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा। इस पर भी 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके जरिए फोर्ट को ओपेन बैंक्वेट एरिया के तौर पर सजाया जाएगा और नदी के साइड एरिया पर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए रिजर्व रखा जाएगा। महोबा के मस्तानी महल, बेलाताल को हेरिटेज होटल और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए विकसित किए जाने की योजना है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 118 करोड़ रुपए है जबकि हेरिटेज होटल के लिए 35 करोड़ और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह झांसी के चंपत राय पैलेस को म्यूजियम के तौर पर विकसित किया जा सकता है। इस प्रोजेक्ट की टोटल कॉस्ट 30.50 करोड़ है जबकि म्यूजियम के लिए 5 करोड़ खर्च होंगे। अलग-अलग किलों के पास अलग.अलग तरह की गतिविधियों पर फोकस किया गया है। एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए किलों के हिलटॉप पर हॉट एयर बैलून, नदियों के किनारे बने किलों पर राफ्टिंग और बोटिंग, झीलों के करीब बने किलों पर कयाकिंग, वाटर स्की जैसे वाटर स्पोर्ट्स और जंगलों में बने किलों में कैंपिंग और हाइकिंग जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# कनाडा, जर्मनी, मेक्सिको व लंदन में टीम योगी के रोड शो को मिला भरपूर समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बड़ी संख्या में निवेशक उत्तर प्रदेश में उद्यम लगाने और व्यापारिक साझेदारी को हुए तैयार

● फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी और प्राइवेट इक्विटी जैसे सेक्टर में बड़े निवेश की संभावना



**फरवरी** में लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेशों में रोड शो कर रही टीम योगी को अपने पहले ही आयोजन में शानदार सफलता मिली है। कनाडा, मेक्सिको, लंदन और जर्मनी में रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के प्रस्तावों को बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों ने पसंद किया और प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की। कनाडा के माय हेल्थ सेंटर ने तो उत्तर प्रदेश के कानपुर में मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल और मेडिकल डिवाइस यूनिट लगाने के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का एमओयू भी कर लिया है। ज्यादातर उद्योग समूहों ने फरवरी में समिट के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल भेजने और निवेश की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक संदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विदेशों में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल का यह पहला विदेशी दौरा था। अभी इस तरह के कई विदेशी दौरे होने हैं और संभावना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जो 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है उससे कहीं ज्यादा का निवेश प्राप्त हो सकता है।

कनाडा के टोरंटो में रोड के लिए गए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव डीएस मिश्रा की अगुवाई में कनाडा के सबसे बड़े एथनिक फूड चेन बरार के डायल पाबला और किरन मान से मुलाकात की। बरार ने उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग में निवेश को लेकर इच्छा जाहिर की है। सीएस ने उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। बरार का प्रतिनिधिमंडल जनवरी में उत्तर प्रदेश का दौरा कर सकता है। उधर इन्वेस्ट यूपी और इंडो कनाडा चैम्बर ऑफ कॉमर्स आईसीसीसी ने यूपीजीआईएस 2023 के प्रमोशन को लेकर एक एमओयू साइन किया। आईसीसीसी समिट में कनाडा के निवेशकों का एक हाई लेवल डेलीगेशन उत्तर प्रदेश भेजेगा। ब्रिटेन के लंदन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अगुवाई में गए प्रतिनिधिमंडल ने प्राइवेट इक्विटी वेंचर कैपिटल एवं पेंशन फंड्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश का आग्रह भी किया। इसी तरह इस प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न निवेशकों से चर्चा की और उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मत्स्य मंत्री संजय निषाद की अगुवाई में मेक्सिको पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने भी कई बिजनेस लीडर्स व एसोसिएशंस के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय मक्का और गेहूं सुधार केंद्र का भी दौरा किया। ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। कनाडा में उद्योग समूहों के लिए काम कर रहे भारतीय बिजनेस लीडर उत्तर प्रदेश में होने जा रही यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। एम एंड ए कांस्टलेशन सॉफ्टवेयर के हेड डॉ अमित मोंगा ने नई टेक्नोलॉजी और नए टैलेंट को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बायो इंफॉर्मेटिक्स और सॉफ्टवेयर जैसी फील्ड में नए टैलेंट को तलाश कर इनकी मदद से उत्तर प्रदेश में मिल रहे प्लेटफॉर्म के जरिए ग्लोबली अपने बिजनेस को आगे बढ़ा सकते हैं। अब दुबई, अबुधाबी, दक्षिण कोरिया, बेल्जियम, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया में रोड शो के जरिए निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह आयोजन 12 से 13 दिसंबर के मध्य होंगे।

# मैनपुरी, रामपुर और खतौली में अब होगा पुनरीक्षण का काम

**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा और रामपुर तथा खतौली विधान सभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अब करवाया जाएगा। इन क्षेत्रों में पिछले दिनों उपचुनाव होने की वजह से पुनरीक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल की ओर से रविवार को आदेश जारी किया गया। इस आदेश में कहा गया है कि मैनपुरी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के मैनपुरी, भोगांव, किसनी सुरक्षित, करहल, जसवंतनगर तथा रामपुर व खतौली विधान सभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अब करवाया जाएगा। इस बाबत घोषित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 12 दिसम्बर को इन विधानसभा क्षेत्रों की मौजूदा वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। 27 दिसम्बर तक इस पर आपत्तियां और दावे लिये जाएंगे। इसके बाद 18 और 24 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाकर हर मतदान केन्द्र पर पोलिंग बूथ आफिसर की मौजूदगी में वोटर लिस्ट संशोधित की जाएगी। दो जनवरी को दावे और आपत्तियों का निस्तारण होगा और छह जनवरी को वोटर लिस्ट के अंतिम ड्राफ्ट का प्रकाशन होगा।

# रामलाल राही की दूसरी पुण्यतिथि पर भाजपा ने पकाई चुनावी खिचड़ी

संवाददाता। सीतापुर

- श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा
- स्व. रामलाल राही संपूर्ण समाज का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति थे : दिनेश शर्मा
- पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा
- परिवार ने मंच से स्व. रामलाल राही के आदर्शों पर चलने की कही बात
- राही पर लिखी गई एक हजार पन्नों की पुस्तक का हुआ विमोचन

**स्व. रामलाल** राही आज केवल इसलिए याद नहीं रखे जा रहे है कि वह केन्द्र सरकार में मंत्री थे, वह कई बार विधायक और सांसद बने। बल्कि वह आज इसलिए याद रखे जा रहे है कि वह किसी जाति विशेष का नहीं बल्कि संपूर्ण समाज का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति थे। यह बात पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा ने मंच से कही।

वह रविवार को सीतापुर के शहीद लाल बाग पार्क में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रामलाल राही की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने सबसे पहले राही जी के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्जवलन कर उन्हें नमन किया। इसके बाद आरएमपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर पीएल दीक्षित द्वारा स्वर्गीय राही जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखी गई, एक हजार पन्नों की पुस्तक का भी विमोचन किया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्व. रामलाल राही की द्वितीय पुण्यतिथि पर लालबाग पार्क में जो मजमा लगा वह बेशक राही जी के नाम पर ही था। लेकिन फायदा भाजपा ने उठाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने राही जी के कार्यों का ऐसे गुणगान किया जैसे उन्हीं के पार्टी के वह नेता थे। कार्यक्रम स्वर्गीय रामलाल राही की द्वितीय पुण्यतिथि का था और मंच से गुणगान मोदी–योगी सरकार का हो रहा था। यही नहीं मंच से लेकर अगल–बगल और सामने तक ज्यादातर वह लोग ही विराजमान थे, जो निकाय चुनाव में टिकट के दावेदार है। कार्यक्रम में आए ज्यादातर लोग यह कहते हुए सुने गए कि भाजपा ने राही जी के सहारे निकाय चुनाव को लेकर सभा कर ली। क्योंकि कभी भी निकाय चुनाव की तिथियों की घोषणा हो सकती है। कुछ लोग इस कार्यक्रम को लेकर राही परिवार की भविष्य की रणनीति को भी बताते नजर आए।

बहरहाल स्वर्गीय रामलाल राही सीतापुर ही नहीं आस पास के जनपदों के भी बडे नेता थे। सीतापुर के वह ऐसे इकलौते नेता रहे है, जो या तो दिल्ली तक गए या फिर कई शताब्दी पूर्व राजा टोडर मल गए थे। कक्षा आठ पास होते हुए आठ देशों की यात्रा किए। उनके आदर्श, उनके कार्य भुलाए नहीं जा सकते है। लेकिन राही जी की पहली पुण्य तिथि पर यह मजमा क्यों नहीं लगा, यह बड़ा सवाल है। निकाय चुनाव होने के समय राही जी की पुण्य तिथि पर भाजपा ने जो खिचड़ी पकाई, उसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। स्व. रामलाल राही के परिवार ने मंच से अपने शुभचिंतकों को यह आश्वस्त किया कि वह बाबू जी के बताए रास्ते पर चलेंगे कार्यक्रम में स्व. रामलाल राही के बड़े बेटे पूर्व विधायक रमेश राही, छोटे बेटे कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, बहू मंजरी राही, निशा राही और दामादों के साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश राठौर गुरू, सांसद राजेश वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक शंशाक त्रिवेदी, विधायक ब्रजेश रावत, विधायक मनीष रावत, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव, शिव कुमार गुप्ता, विनोद अवस्थी, नीरज वर्मा, विनीत दीक्षित, पूनम मिश्रा, सत्यप्रकाश मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, मुनेन्द्र अवस्थी, यतीन्द्र अवस्थी, जया सिंह, प्रियंका गुप्ता, सागर गुप्ता, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, हर्शलीन त्रिपाठी, उमेश पांडेय, अमित शुक्ला, किरन श्रीवास्तव, आशा कनौजिया, दिलीप चौधरी, डा. रमाशंकर भारती, पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, अनूप गुप्ता, संजीव गुप्ता टिंचू, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संतोष गुप्ता, कमलेश वर्मा, डा. रमाशंकर भारती, दिलीप चौधरी, वीरेन्द्र भूषण, रामबख्श रावत आदि ने भी स्वर्गीय राही जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संचालन कवि रजनीश मिश्र ने किया।

## क्विक न्यूज

### कपड़ों में लगी आग से युवक झुलसा

**बरेली**। रसोई गैस सिलेंडर में लीक हो रही गैस ने आग पकड़ ली जिससे चाय बना रहा युवक गंभीर रूप से झुलस गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी हरिशंकर पुत्र छोटेलाल को बीती रात जिला अस्पताल में झुलसी अवस्था में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि हरिशंकर आज सुबह अपने घर की रसोई में गैस चूल्हे पर चाय बना रहा था इसी दौरान इसी दौरान गैस चूल्हे से गैस लीक होने लगी और उसने आग पकड़ ली पास खड़े हरिशंकर ने के कपड़ों ने भी आग पकड़ ली उसने शोर मचाया तब घर के लोग मौके पर पहुंचे और आग को बुझा दिया लेकिन तब तक वह बुरी तरह झुलस चुका था घरवाले उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली**। सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाने के गांव मियांपुर निवासी 32 वर्षीय जयपाल पुत्र नरपत सिंह की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक है घरवालों ने बताया कि जयपाल 30 नवंबर को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए गया था लेकिन वहां से वापस लौटते समय इज्जत नगर थाना क्षेत्र में विलय धाम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी बीती रात जयपाल ने दम तोड़ दिया मृतक बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नीलम है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### ट्रेन की टक्कर से घायल महिला ने दम तोड़ा

**बरेली**। ट्रेन की टक्कर से घायल बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रामगंगा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई एक 60 वर्षीय महिला को 2 दिन पहले घायल अवस्था में पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था जहां बीती रात उसकी मौत हो गई बताया जाता है कि मृतका मानसिक रूप से बीमार थी और रामगंगा क्षेत्र में ही घूमती थी 2 दिन पहले वो रामगंगा पुल के पास रेलवे ट्रैक के पास जा रही थी तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आकर पुल से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया जहां उसकी मौत के बाद शब को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### खमरिया पुलिस चौकी प्रभारी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

- सड़क हादसे में मृतक रामू नाग की बाइक से बरामद 2003 लाख रुपये मृतक की पत्नी को सौंपे

**खमरिया खीरी**। जहां पुलिस की कार्यशैली को लेकर अक्सर पुलिसकर्मियों पर आरोप प्रत्यारोप लगते रहे हैंए वही कुछ पुलिस अधिकारी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से मिसाल कायम की है। हम बात कर रहे हैं वर्तमान समय में जनपद लखीमपुर खीरी में तैनात पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सुमन व थाना ईसानगर की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खमरिया में तैनात चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे कीए जिन्होंने अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से क्षेत्र एजनपद में नहीं बल्कि यूपी में पुलिस का हमेशा मान बढ़ाया है। ईमानदार पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव कुमार सुमन के कुशल निर्देशन में हमेशा ईमानदारी से कार्य करने वाले खमरिया चौकी प्रभारी ने 8 दिसंबर को पीलीभीत बस्ती हाईवे पर खनीपुर के निकट हुए सड़क हादसे में मृतक रामू नाग की बाइक की डिग्गी से बरामद हुए 203400 रुपये जब मृतक की पत्नी को बुलाकर सौंपे तो वहां पर मौजूद लोग हतप्रभ रह गए और खमरिया पुलिस चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे व उनकी पुलिस टीम की जमकर सराहना की। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव कुमार सुमन व खमरिया पुलिस चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे की कार्यशैली से जहां अपराधियों में खौफहै वही इमानदारी की लोग मिसाल दे रहे हैं।

# सीतापुर के गंवई इलाके के लाल का भारतीय सेना में हुआ चयन

संवाददाता। सीतापुर

- अमर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय की जन्मभूमि से निकला होनहार सेना में बना अफसर

**अमर शहीद** कैप्टन मनोज पाण्डेय की जन्म भूमि से एक और लाल को सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का मौका मिला है। सीतापुर के गंवई क्षेत्र के एक लाल ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर जिले का नाम पूरे देश में रोशन हुआ है। सीतापुर की लहरपुर तहसील के कठूरा गांव के शिक्षक परिवार से निकले होनहार कार्तिकेय रघुवंशी का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। टीईएस 40 बैच के कार्तिकेय को 4 साल की कड़ी ट्रेनिंग के बाद देश सेवा का मौका मिला है। पिता ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह और माता सुषमा सिंह के सपने को साकार करते हुए छोटे बेटे कार्तिकेय ने भारतीय सेना में चयनित होकर परिजनों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। दिल में देश सेवा का जज्बा पाले कार्तिकेय ने आई इंडिया को बताया कि उन्होंने बचपन से ही भारतीय सेना में जाने का जुनून था और माता पिता का भी सपना था कि वह भारतीय सेना में जाएं, उसी सपने को आज मैंने साकार किया है। कार्तिकेय की इंटर मीडिएट तक की शिक्षा नोएडा में हुई और इसके बाद उन्होंनें पहली बार में ही, भारतीय सेना की एसएसबी परीक्षा उत्तीर्ण की। एक साल बिहार के गया और 3 साल यूपी के मऊ में कड़ी ट्रेनिंग करने के बाद उनका चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ। भारतीय सेना में चयनित होने के बाद कार्तिकेय का कहना है कि फौज से अच्छी नौकरी और जिन्दगी पूरे विश्व में कहीं नहीं है क्योंकि फौज की नौकरी में रोमांच, एडवेंचर और इज्जत सब कुछ है । कार्तिकेय ने दूसरे बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवक फौज में आएं और जिन्हें देश सेवा का मौका मिलता है वह किस्मत वाले होते है। इसके अतिरिक्त कार्तिकेय ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ फिटनेस भी महत्वपूर्ण है इसलिए केवल पढ़ाई पर ही न केन्द्रित रहें बल्कि खेल कूद पर भी ध्यान दें क्योंकि यही आपकी फिटनेस बनाएगा। कार्तिकेय के पिता ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह वर्तमान में रियल स्टेट बिजनेस मैन है और मूलतः वह किसान हैं। जबकि मां सुषमा सिंह ग्रहणी हैं। कार्तिकेय रघुवंशी के ताऊ ब्रजेश कुमार सिंह गांजर इंटर कॉलेज में गणित के प्रवक्ता थे और चाचा वीपी सिंह उमराव सिंह इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं। कार्तिकेय के बड़े भाई यश रघुवंशी कनाडा में फूड डेवलपमेंट मैनेजर हैं। इसके अलावा कार्तिकेय के चचेरे भाई अजीत सिंह अमेरिका के बास्टन में वैज्ञानिक हैं। आपकों बता दें कि टीईएस 40 बैच के उत्तर प्रदेश से कुल 15 होनहारों का चयन भारतीय सेना में हुआ है जिसमें सीतापुर के गंवई गांव के 2 मेधावियों का चयन हुआ है। कार्तिकेय रघुवंशी के अलावा नैमिषारण्य के लकड़ियामऊ के रहने वाले किसान सुखवीर सिंह और कमला देवी के बेटे अमित कुमार ने लेफ्टिनेंट बनने में कामयाबी पाई है।

# आरती की आंच से चढ़ा चुनाव का पारा

संवाददाता। सीतापुर

- मिश्रिख से सम्भावित भाजपा प्रत्याशी ने की आरती
- दधीचि कुण्ड तीर्थ पर पूजन अर्चन कर लिया आशीर्वाद, सैंकड़ों समर्थकों के साथ आरती में पहुंचीं सम्भावित प्रत्याशी

**रविवार को** भले ही आसमानी पारा 27 डिग्री रहा हो लेकिन मिश्रिख का सियासी पारा जरूर चढ़ा नजर आया। वजह मिश्रिख से भारतीय जनता पार्टी की सम्भावित प्रत्याशी प्रियंका गुप्ता ने पति आशीष गुप्ता के साथ महर्षि दधीचि कुण्ड तीर्थ पर पहुंच कर पूजन अर्चन व आरती उतार कर चुनावी जनसम्पर्क का बिगुल फूंक दिया। यू तो भाजपा से चेयरमैन का टिकट मांगने वालों की फेहरिस्त लम्बी है लेकिन इस दौर में प्रियंका गुप्ता आगे बताई जा रही है। बता दें कि निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के आरक्षण पर निर्वाचन आयोग की मुहर लगने के बाद हर कोई चुनावी बिसात बिछाने में जुट गया है। प्रियंका गुप्ता मिश्रिख के बाहूबली नेता रहे ओमप्रकाश गुप्ता की छोटी बहू हैं। प्रियंका गुप्ता की सास कमला गुप्ता और उनके ससुर पूर्व विधायक ओपी गुप्ता मिश्रिख से चेयरमैन भी रहे है। प्रियंका को अगर भाजपा से टिकट मिलता है तो वह अपनी पुस्तैनी विरासत को पाने में सफल हो सकती है। भाजपा लम्बे समय से साइकिल पर सवार गुप्ता परिवार में सेंधमारी की जुगत में हैं। ऐसे में प्रियंका को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ये भी बता दें कि ओपी गुप्ता के बड़े बेटे अनूप कुमार गुप्ता भी विधायक रह चुके हैं। दधीचि कुण्ड पर आयोजित सामूहिक आरती कार्यक्रम में राजेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुधीर, राना, नितिन, प्रथम मिश्रा, निक्की, बबलू जव्वार, शान्तनु गुप्ता, नैमिष गुप्ता, योगेश दीक्षित सहित सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**बरेली**। रात के समय विवाह समारोह में शामिल होने के बाद कार से घर वापस लौट रहे 4 लोग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए एक की इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव खटोसा निवासी 30 वर्षीय सुमित पुत्र विकास कि बीती रात हाफिजगंज थाने के इंदिरा नगर चौराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुमित गांव के ही रहने वाले इंद्रपाल मनोज और विजय पाल के साथ कल शाम को बरेली निवासी एक परिचित के घर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गया गया था सभी लोग इको कार में सवार थे वापस लौटते समय कार को इंद्रपाल चला रहा था लेकिन जब उनकी कार नगर चौराहा पर पहुंची तभी तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक मौका देखकर फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाल अस्पताल भेजा गंभीर रूप से घायल सुमित की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाद मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को घटना की सूचना दी गई तब सुमित के घर जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली ।

# सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल,दो रेफर

**मौदहा ( हमीरपुर )**। क्षेत्र में हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल हो गये, सभी घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है कराया जहां दो की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार बीती रात बिदोखर निवासी दिगपाल अपने साथी शिवकरण छानी निवासी एवं वरदानी खन्ना निवासी के साथ बाइक में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा सभी चकदहा मार्ग में रमना के बाद वाइक का नियंत्रण खो दिया और सड़क पर गिर गए तड़पने लगे वहां से निकल रहे राहगीर की मदद से प्राथमिक उपचार हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें दिगपाल और वरदानी की हालत चिंताजनक होने से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना बीते रात सोहेल अहमद पुत्र अनवार अहमद कस्बा निवासी अपने घर से बाइक से मलीकुआ चौराहा की ओर जा रहा था बाइक के फिसल जाने से सोहेल घायल हो गया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के औचक निरीक्षण को ओयल पीएचसी पहुंचे सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- इन सभी आरोग्य मेलों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए रविवार को सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने पीएचसी ओयल का निरीक्षण किया

**मुख्यमंत्री जन** आरोग्य मेले में पहुंच रहे जन जनमानस के लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का स्थलीय निरीक्षण करने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ओयल पीएचसी पहुंचे। जहां उन्होंने अपने निरीक्षण के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया।

आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाता है। इन सभी आरोग्य मेलों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए रविवार को सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने पीएचसी ओयल का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर एलोपैथी सहित आयुर्वेद और होम्योपैथिक दवाओं के इंस्टॉल लगाए गए थे। जहां पर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद था। सभी प्रकार की जरूरी दवाइयां उपलब्ध थीं। इस दौरान वहां मौजूद पांच आंगनबाड़ियों कार्यकत्रियों से उन्होंने बात की और उन्हें निर्देश दिया कि सभी अपने.अपने क्षेत्र में आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड 100 प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करवाएं। इसी के साथ उन्होंने पीएचसी में चल रही लैब का निरीक्षण किया। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई क्योंकि वहां पर अभी जांचें कम की जा रहीं थीं। उन्होंने लैब टेक्नीशियन को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों की जांचों को करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने मेले में पहुंचे लोगों से स्वास्थ्य सेवा के विषय में जानकारी की। सभी अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित रखें और आने वाले प्रत्येक मरीज को सभी स्वास्थ्य सेवाओं और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अवश्य दें। ऐसे मरीज जिनको लंबे समय से खांसी आ रही हैए या टीबी के लक्षण हैं। उनकी जांच करा कर अभिलंब उनकी दवा शुरू कराना सुनिश्चित करें।

# रामलीला का आयोजन 11 से

**लखीमपुर खीरी**। गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी खीरी टाउन स्थित श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब मंदिर प्रांगण में श्री रामलीला एवं धनुष यज्ञ मेला समिति पक्का तालाब खीरी टाउन के अध्यक्ष रामगोपाल शेखर एमहामंत्री डॉ रमेश शरण मिश्रा संरक्षक जगदंबा प्रसाद शंखधर कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद शंखधर प्रचार मंत्री कन्हैयालाल अवस्थी धनुष यज्ञ समिति के सदस्य गण शिव कुमार जोशी पंडित रूपेश कुमार शर्मा एविशाल शर्माए यश अवस्थी दीपक कुमार अवस्थी अमूल अवस्थी राघवेंद्र शर्मा लवकुश जोशी जगदंबा प्रसाद मिश्रा विश्राम लाल प्रजापति शिवजीत तिवारी पप्पू शाह लालता प्रसाद राजवंशी गिरिजा दयाल विश्वकर्मा लकी मिश्रा प्रमोद कुमार जोशी आलोक जोशी प्रहलाद कुमार मिश्रा जगदीश प्रसाद मिश्रा प्रशांत कुमार अवस्थी भगवान शंकर शर्मा एकमल अवस्थी लेखा निरीक्षक हरगोविंद शर्मा मंदिर के प्रबंधक रामगोपाल शेखर संरक्षक विष्णु गोपाल शेखर एमंदिर कमेटी अध्यक्ष रजत शेखर व पुजारी कुबेर नाथ तिवारी एवं समस्त भक्तजनों के सहयोग से आयोजित की जा रही है। रामलीला का मंचन श्री शंभू नाथ सेवा संस्थान श्री धाम वृंदावन मथुरा के फलाहारी बाबा श्री श्री 108 श्री पवन अवस्थी जी महाराज की टीम के कलाकारों द्वारा11 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रतिदिन श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब खीरी टाउन स्थित रामलीला मंच पर आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पूजन प्रभु श्री गणेश पूजन के द्वारा मुख्य यजमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रजत शेखर प्रबंधक राम गोपाल जी शेखर संरक्षक विष्णु गोपाल जी शेखर के द्वारा पंडित रुपेश शर्मा जीके मंत्रोचार के द्वारा विधि.विधान पूर्वक संपन्न हुआ साथ ही साथ प्रभु श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

## पेज एक का शेष

### हिमाचल के...

जिंदाबाद के नारे लगाए। कुछ उत्साही समर्थकों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए अपने संभावित मंत्रियों को कंधों पर उठा लिया। हालांकि, किसी अन्य नेता को आज शपथ नहीं दिलाई गई। राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। शपथग्रहण समारोह में सुक्खू की मां, पत्नी और बेटियों समेत परिवार के सदस्य शामिल हुए। सुक्खू को मुख्यमंत्री बनाया जाना इस बात के तौर पर देखा जा रहा है कि कांग्रेस एक आम कार्यकर्ता को शीर्ष पद दे रही है और पार्टी के शक्ति केंद्र को ऊपरी हिमाचल से निचले हिमाचल तक स्थानांतरित कर रही है। सुक्खू को पार्टी के दिग्गज नेता वीरभद्र सिंह का प्रतिद्वंद्वी माना जाता था। सुक्खू हमीरपुर जिले के नादौन के रहने वाले हैं और हिमाचल के निचले क्षेत्र के पहले कांग्रेस नेता हैं, जो इस शीर्ष पद तक पहुंचे हैं। इस क्षेत्र में नालागढ़, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और कुल्लू के निचले इलाके आते हैं। वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह और राम लाल ठाकुर सहित कांग्रेस के सभी पूर्व मुख्यमंत्री ऊपरी हिमाचल से थे। सुक्खू भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रेम कुमार धूमल के बाद हमीरपुर जिले से दूसरे मुख्यमंत्री हैं। हिमाचल सड़क परिवहन निगम के एक चालक के बेटे सुक्खू ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय संजौली में कक्षा प्रतिनिधि के तौर पर की थी। वह एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। राज्य के शीर्ष पद के लिए उनके नाम की घोषणा करना कोई आसान काम नहीं था। प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने सुक्खू के नाम पर अपना विरोध दर्ज कराया था और कहा था कि मंडी से सांसद उनकी नेता को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। बहरहाल, सिंह ने बाद में कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान के फैसले को स्वीकार कर लिया है। एकजुट चेहरा दिखाने की कोशिश में, उनके परिवार को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उचित स्थान दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाली अंतिम कांग्रेस नेता प्रतिभा सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और राहुल तथा प्रियंका गांधी ने उन्हें गले लगाया। वह मंच पर प्रियंका गांधी के बगल में बैठी थीं। राहुल गांधी ने प्रतिभा सिंह और उनके विधायक पुत्र विक्रमादित्य सिंह के साथ तस्वीर खिंचवाई। इससे पहले, सुक्खू व्यक्तिगत रूप से प्रतिभा सिंह के निवास स्थान होली लॉज पहुंचे और उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 'पहला निमंत्रण' सिंह को दिया गया, क्योंकि वह राज्य में कांग्रेस संगठन की नेता हैं। पत्रकार से नेता बने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का ब्राह्मण चेहरा हैं और उनकी पदोन्नति के साथ, पार्टी को अपने प्रति समुदाय का समर्थन बरकरार रहने की उम्मीद है। अग्निहोत्री मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे थे, लेकिन पार्टी ने नादौन के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू को शीर्ष पद के लिए और उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में चुना। ऊना जिले के हरोली से पांच बार विधायक रहे अग्निहोत्री एक कांग्रेसी परिवार से हैं और उनके पिता ओंकार शर्मा ने जिला जनसंपर्क अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद 1988 में संतोकगढ़ (अब हरोली) से विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

### आयुर्वेद की...

हो गया है। मोदी ने कहा आयुर्वेद ऐसा विज्ञान है, जिसका दर्शन सबका सुख, सबका स्वास्थ्य है। जिसके शरीर में संतुलन हो, सभी क्रियाएं संतुलित हो, मन प्रसन्न हों, वही संतुलित है। अर्थात आयुर्वेद इलाज से आगे बढ़कर वेलनेस की बात करता है। भारत में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए। देश में सरकार ने अलग से आयुष मंत्रालय की स्थापना की। नरेंद्र मोदी ने कहा आयुर्वेद को लेकर वैश्विक सहमति, सहजता और स्वीकार्यता आने में काफी वक्त लगा। क्योंकि आधुनिक विज्ञान में प्रमाण माना जाता है और इसमें आयुर्वेद इसमें काफी पिछड़ रहा था। आज एविडेंस बेस्ड रिसर्च डेटा तैयार हुआ है। आयुष से जुड़ी 150 रिसर्च कोरोना काल में हुई है। आज भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़ी कई रिसर्च हो रही हैं। ये रिसर्च पेपर जनरल में प्रकाशित हो रहे हैं। आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता का एक पक्ष गोवा जैसा राज्य है, जो पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। यहां आयुर्वेद का बड़ा संस्थान खोलकर आयुष विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने घोषणा की कि देश में जल्द ही एक राष्ट्रीय आयुष अनुसंधान संघ होगा। उन्होंने कहा कि गोवा जैसे राज्य में आयुर्वेद और योग पर्यटन संभव है और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का उद्घाटन उस दिशा में आगे बढ़ाया गया एक कदम हो सकता है। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी और गतिशील नेतृत्व ने आयुर्वेद क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

### एमसीडी में...

के अध्यक्ष पद से हटने का फैसला किया। आप ने बुधवार को घोषित हुए चुनाव परिणाम में एमसीडी में भाजपा का 15 साल का शासन खत्म कर दिया। आप ने इस चुनाव में 250 में से 134 सीटें हासिल की हैं, जबकि भाजपा ने 104 सीट पर जीत दर्ज की। स्वयंसेवक के रूप में आरएसएस से जुड़े रहे सचदेवा ने चांदनी चौक और मयूर विहार के जिला अध्यक्ष सहित दिल्ली भाजपा में विभिन्न पदों पर कर्तव्यों का निर्वहन किया। सचदेवा के पूर्वज विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आए थे। भाजपा की दिल्ली इकाई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि अगर कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर सचदेवा का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा तो पार्टी उन्हें अध्यक्ष पद पर बनाए रखने का फैसला कर सकती है। भाजपा के एमसीडी चुनाव हारने के तुरंत बाद प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक बदलाव की मांग होने लगी थी। आदेश गुप्ता से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लिए जाने की अटकलें भी लग रही थीं। ऐसे में सांसद परवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी, मीनाक्षी लेखी और गौतम गंभीर, जम्मू कश्मीर के लिए पार्टी के सह–प्रभारी आशीष सूद, कपिल मिश्रा और राज्य महासचिव हर्ष मल्होत्रा सहित कई नेता दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष पद की दौड़ में थे। बदलाव की मांग के बीच गुप्ता ने चुनाव नतीजे वाले दिन (बृहस्पतिवार को) एक बैठक में कहा था कि वह अपने खिलाफ साजिशों से हार मानने वाले नहीं हैं। जून 2020 में भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद का प्रभार संभालने के बाद से ही गुप्ता के प्रदर्शन पर नजरें रही हैं। उनके नेतृत्व में ही पार्टी 2021 में एमसीडी के कुछ वार्ड और राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर उपचुनावों में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी। भाजपा की दिल्ली इकाई के कुछ पदाधिकारियों के अनुसार, गुप्ता के इस्तीफे के ज्यादा मायने नहीं है, क्योंकि वैसे भी उनका कार्यकाल समाप्त होने के करीब था। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के संगठनात्मक चुनाव जनवरी 2023 में संपन्न होने वाले हैं।

### कर्नाटक में...

आरती के उस नाम को लेकर आपत्ति की थी। ऐसा कहा जाता है कि टीपू सुल्तान के शासनकाल के दौरान मंदिर के पुजारियों ने पीठासीन देवता की 'देवतीगे सलाम' के नाम से प्रथा रोजाना शाम 7 बजे शुरू की थी। जानकार और राज्य धार्मिक परिषद के सदस्य काशेकोडी सूर्यनारायण भट ने पहले कहा था कि ये नाम टीपू के शासनकाल के दौरान हिंदू मंदिरों पर 'थोपे गए' थे। उन्होंने तब यह भी संकेत दिया था कि 'सलाम' शब्द हमारा नहीं है। इसी मामले में शनिवार को संध्या आरती की मंजूरी दी गई। राज्य के हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) जल्द ही सीएम बसवराज बोम्मई, मुजरई मंत्री से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद आधिकारिक आदेश जारी करेंगे। इससे न केवल मेलुकोटे में बल्कि कर्नाटक के सभी मंदिरों में 'आरती' का नाम बदलने पर मुहर लग जाएगी। बता दें कि क़रीब सात महीने पहले यह मामला सुर्खियों में आया था। तब एक वेबसाइट की रिपोर्ट में कहा गया था कि हिंदू नेताओं और धर्मिक परिषद के सदस्य बी नवीन ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर नाम बदलने की मांग की थी। उन्होंने नाम इसलिए बदलने की मांग की थी क्योंकि 'हिंदू लिपियों में इसका कोई अर्थ नहीं है।' इसमें खासकर 'सलाम' शब्द पर आपत्ति की गई थी क्योंकि यह फारसी शब्द है। इससे पहले विश्व हिंदू परिषद यानी विहिप ने भी कर्नाटक के ही एक अन्य मंदिर में ऐसी ही प्रथा का नाम बदलने की मांग की थी।

### इंग्लैंड को...

में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने तक 12 गोल किए थे और उसे पहली बार किसी मैच में पिछड़ना पड़ा। ईरान को 6–2 से करारी शिकस्त देने के बाद यह पहला यह पहला अवसर था जबकि इंग्लैंड की टीम ने गोल खाया। केन ने इंग्लैंड की तरफ से 53वां गोल करके वायने रूनी के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की लेकिन उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा मौका गंवा दिया। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने गोल नहीं किया लेकिन जब केन पेनल्टी पर गोल करने से चूके तो उन्होंने इसका खुल कर जश्न मनाया। एमबापे ने इस विश्व कप में अभी तक सर्वाधिक पांच गोल किए हैं तथा वह गिरोड और लियोनेल मेस्सी से एक गोल आगे हैं।

# आक्रोशित ग्रामीण और राहगीरों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ किया जमकर विरोध-प्रदर्शन

● जल्द ही सड़क की रिपेयरिंग ना होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**पीडब्लूडी** विभाग के विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से रायबरेली - बाराबंकी सीमा पर स्थित बलेथा चौराहा - बड़वल चौराहा सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिस पर साइकिल मोटरसाइकिल सवार आए दिन गिरकर जहां चोटिल होते रहते हैं वहीं बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते ई रिक्से पलट जाते हैं और मारुती कारों की बाड़ी सड़क में रगडने लगती है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पीडब्लूडी विभाग के प्रति गहरा रोष जाता है। आक्रोशित ग्रामीणों एवं राहगीरों ने पीडब्लूडी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पीडब्लूडी विभाग मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। गौरतलब हो कि शिवगढ़ क्षेत्र के बांदा - बहराइच हाईवे से जुड़ा क्षेत्र का गूढ़ा - बड़वल चौराहा सम्पर्क मार्ग बेड़ारु चौराहा, बलेथा चौराहा होते हुए बाराबंकी जिले के त्रिवेदीगंज ब्लाक अंतर्गत आने वाले बड़वल चौराहा,दहिला चौराहा होते हुए सीधे जनपद बाराबंकी और राजधानी लखनऊ को जाता है। जिससे इस सम्पर्क मार्ग पर ग्रामीणों एवं राहगीरों का 24 सों घंटे आवागमन रहता है। बाराबंकी जिले के त्रिवेदीगंज क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले रायबरेली और बाराबंकी के बॉर्डर पर स्थित बलेथा चौराहा - बडवल सम्पर्क मार्ग पिछले कई वर्षों से पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील है। इसके बावजूद कुम्भकर्णी नींद में सो रहे पीडब्लूडी विभाग के लापरवाह अधिकारियों ने इसकी सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। जिसको लेकर ग्रामीणों एवं राहगीरों में गहरा रोष व्याप्त है। रविवार को ग्रामीण एवं राहगीरों का गुस्सा फूट पड़ा आक्रोशित ग्रामीणों एवं राहगीरों ने शिवगढ़ क्षेत्र के बलेथा चौराहे पर पीडब्लूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जल्द ही इस सम्पर्क मार्ग की मरम्मत न होने पर ग्रामीणों एवं राहगीरों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का लगातार प्रयास कर रही है, ताकि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ ही आवागमन में सुविधा हो सके। वहीं पीडब्लूडी विभाग के लापरवाह अधिकारी गड्ढों में तब्दील सड़कों की रिपेयरिंग ना कराकर सरकार की छवि धूमिल करने के साथ ही सरकार की किरकिरी करा रहे हैं। इस बाबत जब पीडब्लूडी विभाग के अधिशासी अभियंता आरके राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बलेथा चौराहा - बडवल चौराहा सम्पर्क मार्ग की रिपेयरिंग के लिए एस्टीमेट बनाकर विभाग को भेजा गया है, स्वीकृत मिलते ही रिपेयरिंग करा दी जाएगी।

# 'किसान नैनो यूरिया को अपना कर समृद्धि की ओर बढ़ सकता है'

● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आज वाराणसी के रामनगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का दौरा किया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आज वाराणसी के रामनगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का दौरा किया। उन्होने वहां मौजूद किसानो से उर्वरक, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और कृषि को समृद्ध बनाने जैसे विषयों पर बातचीत की। डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि किसान की आय दोगुनी होनी चाहिए। किसान की आय दोगुनी होने के लिए उसे अच्छी खाद मिलनी चाहिएए उसको अच्छा भाव मिलना चाहिए, अच्छी तकनिकी की जानकारी होनी चाहिएए खेती के उपयोग में आने वाली मशीनों की जानकारी होनी चाहिए और समय-समय पे मिटटी का परिक्षण होना चाहिए ताकि अगर मिटटी में कोई बीमारी है तो उसका इलाज किया जा सके प् इन सभी उपायों को अपनाने से किसान की आय दोगुनी हो सकती है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र बनाये गए हैं जो किसानो की आय को दुगना करने में मील का पत्थर साबित होंगे। डॉ. मंडाविया ने कहा कि आज देश भर में लगभग 6000 पीएमकेएसके केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में ऐसे और केंद्र खोले जाएंगे जो किसानों को उनकी उपज से अपनी आय बढ़ाने में मदद करेंगे।

# दुनिया में भारतीय विरासत को उचित स्थान दिलाने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्धः जयशंकर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि मंदिर हमारी संस्कृति और इतिहास के रखवाले हैं और मोदी सरकार का पूरा ध्यान दुनिया में भारत की समृद्ध परंपराओं के निर्माण, पुनर्निर्माण और पुनर्स्थापन पर है। रविवार को काशी तमिल संगमम के आयोजन की श्रृंखला में समाज और राष्ट्र निर्माण में मंदिरों का योगदान विषय पर अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे पीछे मंदिरों की उपेक्षा का युग रहा है। उन्होंने कहा कि इतिहास का पहिया अब घूम रहा है, यह लौट रहा है, यह भारत का उदय है। विदेश मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि दुनिया में भारतीय संस्कृति और भारतीय विरासत को उचित स्थान मिले। मंदिरों के विश्व स्तरीय संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत कंबोडिया में अंकोरवाट मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कर रहा है क्योंकि भारत की सभ्यता भारत से आगे कई देशों तक विस्तृत है। जयशंकर ने कहा कि सिर्फ भारत में ही नहीं, केवल भारतीय उपमहाद्वीप में ही नहीं, बल्कि इसके बाहर भी कई क्षेत्रों में मंदिर हैं। उन्होंने कहा, मैं उपराष्ट्रपति के साथ दुनिया के सबसे बड़े मंदिर अंकोरवाट मंदिर परिसर को देखने गया था। आज, हम अंकोरवाट में मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहे हैं। ए ऐसे योगदान हैं जो हम बाहर कर रहे हैं, क्योंकि भारत की सभ्यता भारत के बाहर तक फैली हुई है। उन्होंने कहा कि आज जब हम भारतीय सभ्यता की पुनर्स्थापना, पुनर्निर्माण और इसके पुनरुत्थान का काम रहे हैं, तो हमारा कार्य केवल भारत तक सीमित नहीं है, हमारा कार्य पूरे विश्व में है। चीन में भारत के राजदूत के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए मंत्री ने कहा, "आप में से कुछ लोग जानते हैं कि मैं कई वर्षों से चीन में राजदूत रहा हूं। मैंने चीन के पूर्वी तट पर भी हिंदू मंदिरों के अवशेष देखे हैं। उन्होंने कहा कि कोरिया और अयोध्या के बीच एक बहुत ही खास संबंध है और आज भी वहां के लोग अयोध्या के घटनाक्रम से जुड़े रहना चाहते हैं। उन्होंने बहरीन में श्रीनाथ जी मंदिर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर मंदिरों के संरक्षण की जरूरत है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीयों की आस्था को और सशक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरिया से अयोध्या का रिश्ता आज दोनों देशों के बीच बड़ा संबंध बनाने में कारगर हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि मंदिरों के पुनरुत्थान से सिर्फ हिंदू धर्म ही नहीं, बल्कि विश्वभर को साथ लाने में मदद मिली है और इससे कारोबार ही नहीं बल्कि संस्कृति और आपसी संबंधों को भी मजबूती मिली है। वियतनाम में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में एक हजार से अधिक मंदिर हैं। मंत्री ने कहा कि विदेशों में साढ़े तीन करोड़ भारतीय और भारतीय मूल के लोग हैं, लेकिन वे जहां भी गए, वे हमारी संस्कृति को अपने साथ ले गए, वे हर दिन हमारी संस्कृति को जीते हैं। जयशंकर ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में रामायण सर्किट बनाने के लिए 200 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है, ताकि सभी भारतीयों को अपनी विरासत को करीब से देखने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में भारत ने मन्नार स्थित थिरुकेतीश्वरम मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, लेकिन यह मंदिर 12 साल से बंद था।

# सरकार की स्मार्ट फोन योजना से शिक्षा का विस्तार



संवाददाता। सकलडीहा, चन्दौली

**शासन की** महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किया जा रहा है। रविवार को खड़ेहरा स्थित हिन्द महिला विद्यापीठ महाविद्यालय में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। इस दौरान सरकार की इस योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दीनबंधु राजभर प्रधान खड़ेहरा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत स्मार्टफोन और टेबलेट का वितरण शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। स्मार्ट फोन से छात्रों को घर बैठे विभिन्न प्रकार की कोर्स और योजनाओं के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त होती है। इसके पूर्व विद्यालय के डायरेक्टर डाण् विद्या प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा के बगैर जीवन की हर सपना अधूरा है। स्मार्ट फोन से बेहतर शिक्षा प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। अंत में योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# शुद्ध पेयजल न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

संवाददाता। पड़ाव, चन्दौली



**क्षेत्र में** मडिया गांव में एक सप्ताह से जल निगम के द्वारा शुद्ध पेयजल न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को पड़ाव से बहादुरपुर मार्ग पर सुजाबाद पानी टंकी के समीप चक्का जाम कर के हो हल्ला मचाया। वही सूचना पर पहुंचे जलीलपुर चौकी प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर तीन घंटे के बाद जाकर जाम समाप्त कराया। पडाव क्षेत्र के मडिया गांव के ग्रामीणों को सुजाबाद पानी टंकी से पेयजल का सप्लाई होता हैं। लेकिन कुछ दिनों से पाइपलाइन कुछ जगहों पर टूट जाने से गंदे नाले का पानी पाइप लाइंस से लोगों घरों में सप्लाई हो रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं बीते एक सप्ताह से गांव में पानी न मिलने के कारण लोग पेयजल की संकट से जूझ रहे हैं। वहि जाम करनें वालों ने आरोप लगाया कि टंकी की साफ सफाई नहीं की गई है और पाइपलाइन भी जगह जगह टूटे हुए हैं।वहीं दूषित पानी पीने से तमाम बीमारियां फैल रही हैं तो वहीं मडिया गांव में एक सप्ताह से वह भी पानी नहीं मिल पा रहा है।इस वजह से सभी ग्रामीण उग्र होकर पड़ाव से बहादुरपुर मार्ग पर पानी टंकी के समीप मार्ग को जाम कर दिया। जाम होने के कारण व्यवसाय के साथ ही लोगों को आवागमन करनें मे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।सूचना पर पहुंचे जलीलपुर चौकी प्रभारी दीलीप श्रीवास्तव ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर व जल्द से जल्द पेयजल की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।एवम साथ ही ग्रामीणों को कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या होती है तो आप हमें अवगत कराएं मैं जल्द से जल्द आपके समस्या का निवारण करुणा ।इस चक्का जाम में रंजीत पटेल, शुभम यादव, सीमा पांडेय, फैज्जुदिन, जयशंकर, भूप नायरायण झा, परवीन बानो, इंद्रा देवी, सीमा देवी, आशा देवी, उर्मिला, चम्पा, रोहित, हितेश साहनी, धर्मेंद्र, राहुल, वाजिद, रोहित, रोशन, प्रभावती, छोटेलाल, अजित जायसवाल, संदीप, दिनेश आदि ग्रामवासी शामिल थे।

## ज्योत्सना महिला समिति ने पीपरखड़ में बांटे कंबल

**सोनभद्र।** शनिवार को नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय के अन्तर्गत आने वाली ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा बिंदु सिंह एवं उपाध्यक्षा नम्रता कुमार तथा संगीता नारायण ने बिरकुनियां ग्राम पंचायत के पीपरखड़ गांव में बढ़ती ठंड के चलते 150 नग कंबल का वितरण किया। इस दौरान ज्योत्सना महिला समिति की संयुक्त सचिव राधा गुप्ता, वरिष्ठ सदस्या सुजाता चंदेल, पूनम एवम प्रीति उपस्थित रहीं। साथ ही सरपंच व अन्य स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा बिंदु सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को ठंड के मौसम में रखी जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया। साथ ही अपने घर व आस पास साफ-सफाई के महत्व का भी उल्लेख किया। गौरतलब है कि ज्योत्सना महिला समिति एनसीएल मुख्यालय के आस पास के क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण कौशल विकास महिला सशक्तिकरण बाल पोषण तथा बाल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

## दिवंगत पूर्व खंड संचालक के घर पहुंचे पूर्व एमएलसी ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती गांव के रहने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिवंगत पूर्व खण्ड संचालक एवं पूर्व खण्ड कार्यवाह राजाराम मौर्य के घर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने उनके परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व खण्ड संचालक एवं खण्ड कार्यवाह एवं वर्तमान में सरस्वती शिशु मन्दिर बैंती के प्रबंधक राजाराम मौर्या को बृहस्पतिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से उनका आकस्मिक निधन हो गया था। जिनके निधन से समूचे शिवगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। राजाराम मौर्या के निधन की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने उनके परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

# अपना दल एस की मासिक बैठक में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर की गई गहन चर्चा

संवाददाता। मिर्जापुर



**अपना** दल एस की मासिक बैठक में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गई। अपना दल एस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद कि अध्यक्षता में दिसंबर माह की मासिक बैठक आहूत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल उपस्थित रहें। बैठक से पूर्व महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की गई। नगरीय निकाय चुनाव को मजबूती से लड़नेए संगठन को मजबूत बनाने तथा माननीय मंत्री जी के कार्यों को जनता तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। सेक्टर तथा बूथ के पदाधिकारियों का गठन पर भी बात की गई। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल जी के निर्देशानुसार सभी पदाधिकारीगण एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मजबूती से नगरीय निकाय चुनाव लड़ने को तैयार रहे। उन्होंने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि यदि संभव हुआ तो हमारी पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए नगरीय निकाय चुनाव लड़ेगी। हम सबको यह ध्यान में रखते हुए अपना समीकरण बनाकर चलना होगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी द्वारा चुनार मे लॉजिस्टिक पार्क का शिलान्यास ए मीरजापुर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी द्वार का संचालन ए एन एच सेवन फोर लेनए शास्त्रीसेतु के कार्ययोजना की स्वीकृतिए आमघाट रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति जैसे जनता के अपेक्षित विकास को ऐतिहासिक बताया।

जिलाध्यक्ष श्री बिंद ने कहा कि आप सभी लोग अपनी जिम्मेदारी के साथ इस चुनाव में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का काम करेंगेए जिससे सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नगरीय निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है।

# हरिकेश दुबे के परिजनों को बीएचयू के न्यूरोलॉजिस्ट ने दी आर्थिक मदद

● ट्रेन के सफर में गर्दन में सरिया घुसने से चली गई थी जान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**ट्रेन में** सफर के दौरान गर्दन में सरिया घुसने की वजह से जान गवाने वाले हरकेश दुबे की मदद को अब सामाजिक लोग आगे आ रहे हैं। बीएचयू के न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व मेडिकल सुपरीटेंडेंट प्रोफेसर विजय नाथ मिश्र रविवार को सुल्तानपुर के चांदा ;गोपीनाथपुरद्ध स्थित आवास पर पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। परिवार वालों के साथ समय बिता कर प्रोफेसर मिश्र एवं स्वर्गीय दुबे के परिवारिक सदस्य भी भावुक हो गए। स्वर्गीय हरकेश दुबे के पिता संतराम दुबे वह व माता एवं हरिकेश के दोनों बच्चों से मिलकर उनसे भविष्य की चिंताओं को लेकर लंबी बातचीत की। प्रोफेसर मिश्र को जब यह पता चला कि हरकेश की बिटिया दिल्ली में पढ़ाई करती है तो उन्होंने दिल्ली में अपने मित्रों की मदद से भविष्य की पढ़ाई को लेकर मदद करने का भरोसा भी दिया परिवार के आर्थिक संकट को देखते हुए प्रोफेसर मिश्र ने फौरी तौर पर स्वर्गीय हरकेश के पिता संतराम दुबे को ?51000 का चेक भी सौंपा। साथ ही परिवार एवं गांव के अन्य लोगों के लिए मेडिकल कैंप भी लगाया। कैंप में आए लोगों को परामर्श देकर निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। प्रोफेसर मिश्र ने फिल्म अभिनेता सोनू सूद से बातचीत कर भविष्य में मदद का भी भरोसा दिलाया।

## क्विक न्यूज

### पेड़ से लटकता हुआ शव मिला

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जिले के थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे लाला बूबूपुर में एक शव पेड़ से लटकता हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से उतार कर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच करने में पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शुकुल बाजार के पूरे लाला बूबूपुर में गांव के पास बाद में एक युवक की पेड़ से लटकती हुई लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली है। लाश की पहचान हो गई हैए जो कि गांव के ही समर बहादुर पाल पुत्र गंगा प्रसाद पाल उम्र 35 वर्ष निवासी पूरे लाला की है प् सुबह 9. 00 बजे गांव के ग्रामीण टहलने के लिए निकले हुए थे तभी उन्होंने देखा कि एक संदिग्ध परिस्थितियों में बाग के पेड़ में शव लटकता हुआ दिखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री की फोटो के साथ घिनौना मजाक

**जामो, अमेठी।** देश के सर्वोच्च रत्न से भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की फोटो के साथ ऐसा बर्ताव शायद ही बर्दाश्त करने लायक होगा । यह दुर्दशा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो के मेन गेट पर घुसते ही दाई तरफदिखाई दे रही है प् बताते चलें कि सीएचसी में दीवार पर लगी तस्वीर के ठीक नीचे कूड़ादान बना हुआ है और लिखा है प् जबकि कूड़ादान उससे अलग नीचे रखा हुआ है प् जो कि देखने में पूर्णतः अशोभनीय लग रहा है प् देश के लिए अपना सर्वोच्च योगदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आने वाले समय में मेरी ही पीढ़ी के लोग मेरी यह दुर्दशा करेंगे प् इस अमानवीय कृत्य का दोषी कौन है और सब कुछ जानने के बाद उसके खिलाफजिम्मेदार लोगों द्वारा कार्रवाई होगी या नहीं भी होगी यह भविष्य के गर्भ में है।

# शैक्षिक संस्थानों में भारतीय भाषा उत्सव का किया गया आयोजन

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज जनपद के समस्त शैक्षिक संस्थानों में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनपद के समस्त राजकीयध्अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों व महाविद्यालयों तथा समस्त शैक्षिक संस्थानों में पूरे उत्साह के साथ भारतीय भाषा उत्सव मनाया गयाए जिसमें छात्र.छात्राओं एवं युवाओं द्वारा भारतीय भाषाओं पर चार्ट तैयार किया गयाए उत्तर प्रदेश की भाषाओं का चार्ट तैयार किया गयाए विविधता में एकता दर्शाते हुए नाट्य प्रस्तुति की गईए जिसमें भारतीयध्क्षेत्रीय भाषाओं का मिलाजुला प्रयोग दर्शाया गयाए महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन चरित्र पर व्याख्यान तथा जीवन चरित्र पर छात्र.छात्राओं व युवाओं द्वारा झांकी निकाली गई। भारतीय भाषाओं की समानता तथा भारतीय भाषाओं का क्षेत्रीय विकास में योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाएं सहायक हैं विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गईए क्षेत्रीय भाषा में चुटकुलेए स्लोगनए वाचन तथा क्षेत्रीय भाषाओं में स्लोगनए लेखन प्रतियोगिता में छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को विद्यालय संस्था द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र द्वारा जनपद में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज एवं श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी में भारतीय भाषा उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमोंध्प्रतियोगिताओं में मौके पर उपस्थित होकर अनुश्रवण किया गया तथा छात्र.छात्राओं को भारतीय भाषा उत्सव मनाए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए महाकवि सुब्रमण्यम भारती पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

# क्रिकेट मुकाबले में यूपी ने तमिलनाडु को हराया

● काशी तमिल संगमम खेल महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**काशी तमिल** संगमम के तहत आयोजित खेल महोत्सव में चौथे दिन क्रिकेट मैच का आयोजन बीएचयू में हुआ। मैच की शुरुआत यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए यूपी की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाया । यूपी टीम के हर्ष त्यागी ने सर्वाधिक 82 रन बनाए। यूपी की टीम ने तमिलनाडु की टीम को जीत के लिए 199 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में तमिलनाडु की टीम ने 3 विकेट के नुक्सान पर 144 रन ही बना पाई ।इस रोमांचक मैच में यूपी की टीम ने 55 रन से जीत हासिल किया । आज के खेल में मुख्य अतिथि केंद्रीय सूचना प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर एवं एलण् मुरुगन मत्स्य पालनए पशुपालनए डेयरी और सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री मौजूद रहे । खेल के मैदान में मंत्री अनुराग ठाकुर एवं एलण् मुरुगन ने मैदान में यूपी और तमिलनाडु के खिलाड़ियों से मुलाकात किया । अनुराग ठाकुर मैदान में प्लेयर के भूमिका में नजर आए उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए लम्बे शॉट लगाया और बॉलिंग भी किया । श्री ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि काशी तमिल संगमम एक ऐसी सोच है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत को बल देती है। कला संस्कृति साहित्य सब क्षेत्रों में जो काशी और तमिल इन सब का मेल है यह हजारों वर्ष पुराना है। उसको फिर एक बार जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर तमिलनाडु के अलग.अलग कोनों से 2500 लोग उत्तर प्रदेश में आ रहे हैं। इस आयोजन में खेलों जोड़कर युवाओं में उन्होंने एक उत्साह भरा है। एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में 8 दिन खेलों के लिए दिए गए हैं। यह आपने आपने दिखाता है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत में के लिए खेल कितना महत्वपूर्ण हैं । श्री ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन से एक नया जुड़ाव देखने को मिल रहा है।

## श्री भादे देव बाबा का विशाल भंडारा संपन्न

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के निबडवल मजरे बेड़ारु में श्री भादे देव बाबा धर्म रक्षा समिति का गठन किया गया। धर्म के कार्य को आगे बढ़ाने के साथ ही धर्म रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिला एवं खण्ड धर्म जागरण समिति के पदाधिकारियों द्वारा माला पहना कर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण जिला संयोजक रामजी जायसवाल, जिला प्रचार टोली सदस्य एवं धर्म जागरण खण्ड सह संयोजक अंगद राही के नेतृत्व में शिवगढ़ क्षेत्र के निबड़वल मजरे बेड़ारु में श्री भादे देव बाबा धर्म रक्षा समिति का गठन किया गया। जिसको समिति के पदाधिकारियों सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से मन्दिर प्रांगण में धर्म रक्षा समिति सम्मान समारोह एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह से पूर्व मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ, हवन पूजन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

# आतंकियों को बुरे या अच्छे की श्रेणी में बांटना समाप्त हो

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने यहां** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि आतंकवादियों को राजनीतिक सुविधा के आधार पर बुरे या अच्छे के तौर पर वर्गीकृत करने का युग तत्काल खत्म होना चाहिए।

इसने एक संकल्पना पत्र जारी करते हुए कहा कि आतंकवादी कृत्यों को धार्मिक या वैचारिक रूप में वर्गीकृत करने से आतंकवाद से लड़ने की साझा वैश्विक प्रतिबद्धता कम हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष के तौर पर भारत बहुपक्षवाद में सुधार और आतंकवाद से निपटने के उपायों पर 14 और 15 दिसंबर को दो अहम कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंतोनियो गुतारेस को एक पत्र लिखकर कहा कि विषय पर

## ● भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उठाई आवाज

चर्चा के लिए एक संकल्पना पत्र सुरक्षा परिषद के दस्तावेज के रूप में प्रसारित किया जाए। पिछले सप्ताह लिखे गए संकल्पना पत्र में कहा गया है, न्यूयॉर्क में 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक रुख बदल दिया। इसके बाद से लंदन, मुंबई, पेरिस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई हिस्सों में आतंकवादी हमले हुए। इसमें कहा गया है कि ए हमले दिखाते हैं कि आतंकवाद का खतरा गंभीर और सार्वभौमिक है तथा दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद का विश्व के अन्य हिस्सों में शांति और सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ता है।पत्र में कहा गया है, आतंकवाद का खतरा अंतरराष्ट्रीय है। आतंकवादी तत्व और उनके समर्थक तथा वित्त पोषक अलग-अलग क्षेत्रों में रहते हुए दुनिया में कहीं भी अपने कृत्यों को अंजाम देने के लिए गठजोड़ करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के सामूहिक प्रयासों से ही अंतरराष्ट्रीय खतरे से निपटा जा सकता है।

भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद की समस्या को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जा सकता और आतंकवाद के सभी कृत्य आपराधिक हैं। इसने कहा, सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की जानी चाहिए। किसी भी आतंकवादी कृत्य के लिए कोई अपवाद या उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवादियों को राजनीतिक सुविधा के आधार पर बुरा , उतना भी बुरा नहीं या अच्छे के तौर पर वर्गीकृत करने का युग फौरन खत्म होना चाहिए।

पत्र में कहा गया है, इराक में इस्लामिक स्टेट तथा भारतीय उपमहाद्वीप में लेवंत-खोरासन, अल-कायदा, भारतीय महाद्वीप में अल-कायदा तथा अफगानिस्तान में पनाह लेने वाले आतंकवादी समूहों की ओर से खतरा अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा जमाने के बाद बढ़ गया है।

इसमें कहा गया है, इन आतंकवादी समूहों के लिए हथियारों, मादक पदार्थ, मानव और वित्त की तस्करी करने वाले समुद्री लुटेरों और संगठित आपराधिक नेटवर्कों ने इस आतंकी खतरे को और जटिल बना दिया है। पश्चिमी अफ्रीका के तटीय क्षेत्र में यह खतरा लगातार बढ़ रहा है।

भारत ने कहा कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथ बढ़ाने और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए आतंकवाद के वित्तपोषण का खतरा खासतौर से कोरोना वायरस महामारी के दौरान बढ़ गया है।

## जापानी कंपनी ने अपने लैंडर व यूएई के रोवर के साथ चांद पर भेजा निजी मिशन

**केप केनवरल।** जापान की एक कंपनी ने अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट के जरिए अपने लैंडर व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रोवर के साथ चंद्रमा पर निजी मिशन भेजा है। स्पेसएक्स ने ट्विटर पर इस बारे में जानकारी दी। यह चंद्रमा के लिए यूएई का पहला रोवर है। इस मिशन के तहत लैंडर को चंद्रमा पर पहुंचने में लगभग पांच महीने लगेंगे। जापान की कंपनी आईस्पेस के हाकुतो-आर मिशन। के तहत लैंडर व रोवर को चंद्रमा पर भेजा गया है। स्पेसएक्स की ओर से ट्विटर पर साझा की गई वीडियो में लैंडर रवाना होता दिख रहा है। अभी तक केवल रूस, अमेरिका और चीन के लैंडर ही चंद्रमा पर तथाकथित सॉफ्ट लैंडिंग कर पाए हैं। सबसे पहले साल 1966 में पूर्व सोवियत संघ का लूना 9 लैंडर चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित उतर पाया था।



जापान की एक कंपनी ने अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट के जरिए अपने लैंडर व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रोवर के साथ चंद्रमा पर निजी मिशन भेजा

# पाक प्रधानमंत्री का भगोड़ा बेटा वतन लौटा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी प्रधानमंत्री** शहबाज़ शरीफ के भगोड़े बेटे सुलेमान शहबाज़ भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने के लिए रविवार तड़के वतन लौट आए। वह करीब चार साल से लंदन में रह रहे थे। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 2018 के आम चुनाव से पहले उनके और उनके परिवार के खिलाफ मामले दर्ज किए थे, जिसके बाद से सुलेमान लंदन में रह रहे थे। वह कुछ दिन तो जांच में शामिल हुए, लेकिन फिर लंदन चले गए। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने कुछ दिन पहले सुलेमान की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) और एनएबी के धन शोधन के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी थी। अदालत ने उन्हें 13 दिसंबर से पहले आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर सुलेमान के घर लौटने और अपने पिता से मिलने और उन्हें गले लगाने का एक वीडियो साझा किया।सुलेमान ने अपनी वापसी से पहले एक बयान में कहा था कि नई व्यवस्था बनाने में मदद करने के लिए उनके और उनके परिवार के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज किए, जाने के बाद उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए पाकिस्तान छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने इन मामलों को राजनीतिक तौर पर प्रताड़ति करने का सबसे बदतर उदाहरण बताया। एफआईए ने शहबाज शरीफ और उनके बेटों हमजा और सुलेमान के खिलाफ नवंबर 2020 में भ्रष्टाचार निरोधक कानून और धनशोधन रोधी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। सुलेमान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। हालांकि, अदालत को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में एफआईए ने कहा था कि वारंट पर अमल नहीं हो सका, क्योंकि सुलेमान अपने पते पर मौजूद नहीं थे और विदेश चले गए थे। निचली अदालत ने इस साल जुलाई में 16 अरब रुपए के धन शोधन मामले में सुलेमान और एक अन्य संदिग्ध को भगोड़ा अपराधी भी घोषित किया था।

## पंजाब में किन्नू उत्पादन 25 फीसदी कम रहने का अनुमान

**चंडीगढ़।** पंजाब में किन्नू उत्पादन इस वर्ष 25 फीसदी कम रहने का अनुमान है, जबकिइस मौसम में किन्नू उत्पादकों को ऊंचे दाम मिल रहे हैं। किन्नू उत्पादकों का कहना है कि नहर के पानी की किल्लत और सामान्य से कहीं अधिक तापमान की वजह से इस वर्ष उत्पादन कम है। पंजाब देश में किन्नू का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां करीब 59,000 हेक्टेयर भूमि में किन्नू की फसल होती है और वार्षिक उत्पादन लगभग 12 लाख टन होता है। किन्नू फसल की कटाई दिसंबर में शुरू होकर फरवरी माह के अंत तक चलती है। अबोहर राज्य में किन्नू का सबसे बड़ा उत्पादक है और यहां 35,000 हेक्टेयर क्षेत्र में किन्नू उगाया जाता है।

# ब्रिटेन की सड़कों की सफाई के लिए प्लॉगिंग मिशन का नेतृत्व कर रहा भारतीय छात्र

भाषा। लंदन

**दक्षिण-पश्चिम** इंग्लैंड में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के एक भारतीय छात्र और पुरस्कार विजेता पर्यावरणविद ने ब्रिटेन के विभिन्न शहरों में लोगों को प्लॉगिंग की प्रवृत्ति के लिए प्रेरित किया है, जिसमें जॉगिंग के साथ-साथ कूड़ा बीनने का कार्य भी किया जाता है। मूल रूप से पुणे के रहने वाले विवेक गुरव स्वीडिश अवधारणा प्लॉगिंग से प्रेरित हैं - जो जोग्गा (जॉगिंग) को प्लोका अप (एक वस्तु उठाना) के साथ जोड़ता है। यह उन लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए है जो अपनी स्थानीय सड़कों को साफ रखने में गर्व महसूस करते हैं। भारत में उन्होंने 2018 में पुणे प्लॉगर्स के रूप में जाना जाने वाला एक प्लॉगिंग समुदाय बनाया, जिसमें 10,000 से अधिक सदस्य हैं, जिन्होंने 10 लाख किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र किया। वह पिछले साल सितंबर में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में अपनी छात्रवृत्ति के दौरान भी इसे जारी रखना चाहते थे। उनके विश्वविद्यालय ने कहा कि उन्होंने 180 देशों के स्वयंसेवकों की मदद से 120 प्लॉगिंग मिशन पर 420 मील की दूरी तय की और अब यह अभियान ब्रिटेन के 30 शहरों में आगे बढ़ रहा है। गुरव ने कहा, मैं केवल ब्रिस्टल में प्लॉगिंग कर रहा हूं, लेकिन मैनचेस्टर, लीड्स, डर्बी में भी लोग मुझे प्लॉगिंग करने के लिए कह रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने ब्रिटेन के 30 शहरों में प्लॉगिंग करने का फैसला किया। मैं पूरे ब्रिटेन में एक प्लॉगिंग समुदाय बनाना चाहता हूं जैसे मैंने भारत में किया था। इसलिए, अगर मैं पूरे ब्रिटेन में प्लॉगिंग कर सकता हूं, लोगों को इसके लिए प्रेरित कर सकता हूं, उन्हें एक खाका दे सकता हूं, तो वे अपने स्वयं के समूह शुरू कर सकते हैं। पूर्व ऐप डेवलपर को उम्मीद है कि जब वह सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से प्रत्येक शहर का दौरा करेंगे तो साथी प्लॉगर, पर्यावरणविद और उत्सुक धावक उनके साथ जुड़ेंगे। डर्बी, नॉटिंघम, लीड्स, शेफील्ड, मैनचेस्टर, लिवरपूल, लीसेस्टर, बर्मिंघम और वॉर्सेस्टर में उनकी प्लॉगिंग की सोशल मीडिया पर चर्चा की जा रही। इस साल की शुरुआत में, उनके प्रयासों ने उन्हें ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कार्यालय सह आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट से पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड दिलाया। गुरव ने कहा, पुरस्कार एक आश्चर्य के रूप में आया। मेरा मानना है कि यह पुरस्कार जलवायु कार्वाई के कारण को बढ़ाता है जिसे मैं कूड़ा बीनने के माध्यम से बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति मायने रखता है, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में हर कार्वाई मायने रखती है और यह पुरस्कार भारत के साथ-साथ ब्रिटेन में रहने वाले प्लॉगर्स के मेरे पूरे समुदाय के इस विश्वास को मजबूत करता है।

## क्विक न्यूज

### नेपाल में भारतीय दूतावास ने दिव्यांगों को 90 से अधिक छड़ी वितरित की

**काठमांडू।** भारतीय दूतावास के एक अधिकारी ने रविवार को नेपाल में दिव्यांग जनों को 90 से अधिक छड़ी वितरित की। दूतावास के प्रथम सचिव साहिल कुमार और बी पी कोइराला इंडिया-नेपाल फाउंडेशन के सचिव ने इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) डिसेबल्ड केयर नेपाल के अध्यक्ष बिरोध खाटीवाड़ा को 93 सफेद छड़ी सौंपी।कुमार ने कहा कि फाउंडेशन ने नेपाल और भारत के लोगों को जोड़ने में मदद की है और रविवार के कार्यक्रम ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया है। खाटीवाड़ा ने सहायता प्रदान करने के लिए फाउंडेशन और भारतीय दूतावास को धन्यवाद दिया।

### कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर चीन ने अस्पतालों में आईसीयू की संख्या बढ़ाई

**बीजिंग।** कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर चीन अस्पतालों में व्यवस्था को दुरुस्त करने की कोशिश कर रहा है और इसने गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की संख्या बढ़ा दी है। यह व्यवस्था वायरस रोधी पाबंदियों को वापस लेने के बाद की गई है, जिसने लोगों को उनके घर में बंद रहने के लिए मजबूर कर दिया था तथा आर्थिक विकास को भी धीमा कर दिया था और इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए थे। सरकारी मीडिया के अनुसार, महामारी के मामलों में वृद्धि के चलते अस्पतालों में आईसीयू की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उत्पन्न स्थिति से निपटा जा सके। चीन में रविवार को महामारी के 10,815 नए मामले सामने आए जिनमें 8,477 मामले बिना लक्षण वाले हैं।

### शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल नहीं कर सकती है पेटीएम

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी पेटीएम की परिचालक वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड अपनी प्रस्तावित शेयर पुनर्खरीद (बायबैक) पेशकश के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से मिली राशि का इस्तेमाल नही कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि नियमों के तहत कंपनी शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल नही कर पाएगी और इसके लिए उसे अपनी नकदी का इस्तेमाल करना होगा। पेटीएम के ताजा वित्तीय परिणामों के अनुसार, उसके पास 9,182 करोड़ रुपए की नकदी है। शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव पर कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 13 दिसंबर को होने वाली है। बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि प्रबंधन का मानना है कि कंपनी की मौजूदा तरलता। वित्तीय स्थिति को देखते हुए पुनर्खरीद से हमारे शेयरधारकों को फायदा होगा। पिछले साल के अंत में कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हुए थे। इस साल यानी 2022 में व्यापक स्तर पर बिकवाली तथा कंपनी के मुनाफे को सवाल खड़े होने के बाद पेटीएम के शेयर 60 प्रतिशत टूटे हैं। सूत्रों ने कहा कि नियम किसी भी कंपनी को शेयर वापस खरीदने के लिए आईपीओ की आय का उपयोग करने से रोकते हैं। पेटीएम ने पिछले साल नवंबर में आईपीओ के जरिए 18,300 करोड़ रुपए जुटाए थे।कंपनी ने पिछले महीने कहा था कि अगले 12-18 माह में यह मुक्त नकदी प्रवाह सकारात्मक हो जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि कंपनी नकदी प्रवाह सृजन के करीब है। इसका उपयोग कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। पुनर्खरीद के लिए कंपनी आईपीओ की राशि का इस्तेमाल कर रही है, इस चर्चा के बीच सूत्रों ने कहा कि नियम किसी भी कंपनी को ऐसा करने से रोकते हैं। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग केवल उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए किया जा सकता है जिसके लिए निर्गम लाया गया था। इसकी निगरानी की जाती है। सूत्रों ने कहा कि इस बात की काफी संभावना है कि पेटीएम अपनी आईपीओ पूर्व नकदी का इस्तेमाल शेयर वापस खरीदने के लिए करेगी।

### रूस ने पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज किए, बखमुत शहर को नष्ट किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर को नष्ट कर दिया है। इस बीच, यूक्रेनी सेना ने भी शनिवार को बताया कि रूस ने देश के उन कई हिस्सों में मिसाइल, रॉकेट और हवाई हमले किए, जिन्हें वह महीनों से जारी प्रतिरोध के बीच जीतने का प्रयास कर रहा है। साढ़े नौ महीने से जारी इस युद्ध में रूस का ध्यान अब यूक्रेन के उन चार प्रांतों पर केंद्रित हो गया है जिन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत सितंबर में कब्जा करने का दावा किया था।युद्ध से संकेत मिलता है कि रूस को उन क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जबकि यूक्रेन इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने को लेकर अडिग है। जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क प्रांतों के कई अग्रिम शहरों में हालात बहुत कठिन हैं। ए प्रांत डोनबास क्षेत्र के तहत आते हैं, जो रूसी सीमा पर स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र है। पुतिन का ध्यान युद्ध की शुरुआत से ही इस क्षेत्र पर रहा है, जहां अलगाववादी 2014 से ही लड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने रात में जारी अपने वीडियो संदेश में कहा, बखमुत, सोलेदर, मारयिंका, क्रेमिना। लंबे समय से इन क्षेत्रों की जमीन पर कोई रहने लायक ऐसा स्थान नही बचा है जहां रूसी गोलाबारी से नुकसान नही हुआ हो। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने डोनबास क्षेत्र के एक और शहर बखमुत को असल में नष्ट कर दिया।

# एनडीटीवी का अडाणी समूह की कंपनी को बोर्ड में दो निदेशक नियुक्त करने का आमंत्रण

भाषा। नई दिल्ली

**एनडीटीवी ने** उद्योगपति गौतम अडानी के समूह को अपने निदेशक मंडल में दो सीटें देने की पेशकश की है। एनडीटीवी ने बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह को कंपनी में उसकी निर्गम-पूर्व 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी के एवज में यह पेशकश की है। शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना से यह जानकारी मिली है।

अडानी समूह ने टेलीविजन नेटवर्क के संस्थापकों राधिका रॉय और प्रणय रॉय द्वारा समर्थित कंपनी को खरीदकर नई दिल्ली टेलीविजन लि. (एनडीटीवी) में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। इसके बाद, इसने सार्वजनिक शेयरधारकों से अतिरिक्त 26 प्रतिशत हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश की।

खुली पेशकश में निवेशकों को एनडीटीवी के शेयर के मौजूदा भाव के मुकाबले कम कम कीमत की पेशकश की गई, इसके बावजूद 53 लाख से अधिक शेयरों की पेशकश हासिल हुई है। यह एनडीटीवी की करीब 8.26 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। एनडीटीवी में अडानी समूह की कुल हिस्सेदारी 37.44 प्रतिशत हो गई, जो संस्थापकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय की सामूहिक 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी से अधिक है।

एनडीटीवी के निदेशक मंडल ने नौ दिसंबर, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को आमंत्रित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उसके पास एनडीटीवी में 29.18 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है। इस आधार पर उसे एनडीटीवी में दो निदेशक मनोनीत करने को आमंत्रित किया गया है।

शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा गया है कि इस नियुक्ति पर 23 दिसंबर, 2022 को होने वाला निदेशक मंडल की अगली बैठक में विचार किया जाएगा।

एनडीटीवी में सबसे अधिक शेयरधारिता होने के कारण अडाणी समूह को समाचार प्रसारण कंपनी का चेयरमैन नियुक्त करने का भी अधिकार मिल गया है। हालांकि, एनडीटीवी की ओर से शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना में खुली पेशकश के बाद कंपनी में अडाणी की हिस्सेदारी का उल्लेख नहीं है। अडाणी समूह द्वारा अधिग्रहण से पूर्व प्रवर्तकों के पास एनडीटीवी की 61.45 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें 1.88 करोड़ शेयर या 29.18 प्रतिशत वह हिस्सेदारी थी जो आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लि. के पास थी।

प्रणय रॉय फिलहाल एनडीटीवी के चेयरपर्सन हैं। उनकी पत्नी राधिका रॉय कार्यकारी निदेशक हैं। रॉय के पास कंपनी की 15.94 प्रतिशत और उनकी पत्नी के पास 16.32 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अपनी 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ रॉय दंपति बोर्ड में बने रह सकते हैं। पिछले महीने रॉय दंपति ने आरआरपीआर के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था।

## भारत ने लगातार दूसरे महीने रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदा

**नई दिल्ली।** रूस नवंबर में लगातार दूसरे महीने भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता रहा है। ऊर्जा की खेप पर निगरानी रखने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों से पता चलता है कि रूस ने भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति के मामले में इराक और सऊदी अरब जैसे परंपरागत आपूर्तिकर्ताओं को पीछे छोड़ दिया है। रूस का 31 मार्च, 2022 को समाप्त साल में भारत के सभी तेल आयात में सिर्फ 0.2 प्रतिशत हिस्सा था। नवंबर में उसने भारत को 9,09,403 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल की आपूर्ति की। यह भारत के तेल आयात 20 प्रतिशत से अधिक बैठता है।

# सरकार ने व्यापार निकायों, बैंकों से अधिक देशों के साथ रुपए में व्यापार बढ़ाने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** व्यापार निकायों और बैंकों से अधिक देशों के साथ रुपए में व्यापार बढ़ाने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि रूस, मॉरीशस और श्रीलंका के साथ रुपए में व्यापार को सुगम बनाने के बाद अब नए देशों को इस पहल में जोड़ने की कवायद की जा रही है। भारतीय बैंकों ने पहले से ही इन तीन देशों के बैंकों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसवीआरए) खोले हैं। इन खातों से रुपए में व्यापार व्यवस्था को संचालित किया जा रहा है। हाल ही में, एसबीआई मॉरीशस लिमिटेड और पीपल्स बैंक ऑफ श्रीलंका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक एसवीआरए खोला था। इसके अलावा बैंक ऑफ सीलोन ने चेन्नई में अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी में एक खाता खोला।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने रूस के गैस बैंक का विशेष रुपया खाता खोला है। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने कोलंबो स्थित एनडीबी बैंक और सीलोन बैंक सहित तीन श्रीलंकाई बैंकों के ऐसे खाते खोले हैं।

## ● आरबीआई से मंजूरी के बाद रूस के दो और श्रीलंका के एक बैंक सहित 11 बैंकों ने ऐसे कुल 18 विशेष रुपया खाते खोले हैं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मंजूरी के बाद रूस के दो और श्रीलंका के एक बैंक सहित 11 बैंकों ने ऐसे कुल 18 विशेष रुपया खाते खोले हैं। आरबीआई ने जुलाई में घरेलू मुद्रा में सीमापार व्यापार लेनदेन पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। सूत्रों ने कहा कि हाल ही में हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक में वित्त मंत्रालय ने रुपए में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने पर जोर दिया। इसके अलावा स्वदेशी भुगतान प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने की योजना के बारे में बताया।

रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद भारत रुपए में व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है।

## भारत की जी20 अध्यक्षता में पहली बैठक दिसंबर में बेंगलुरु में होगी

**बेंगलुरु।** भारत की जी20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में 13 से 15 दिसंबर तक होगी। जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत की इस पहली बैठक से फाइनेंस ट्रैक एजेंडा पर वार्ता की शुरुआत होगी। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक संयुक्त रूप से करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की अगुवाई वाले जी20 फाइनेंस ट्रैक में आर्थिक एवं वित्तीय मामलों पर ध्यान दिया जाएगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। इसमें बताया गया है कि वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में 23-25 फरवरी, 2023 को होगी। जी20 वित्तीय और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की आगामी बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा करेंगे। इस एक दिन बैठक से इतर एक पैनल चर्चा भी होगी जिसका विषय होगा 21वीं सदी की साझा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत बनाना। इसके अलावा हरित वित्तपोषण में केंद्रीय बैंकों की भूमिका पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा।

# किसानों को जागरूक करने के लिए निकलेगी ड्रोन यात्रा

भाषा। नई दिल्ली

**खेती की** लागत को कम करने तथा किसानों को ड्रोन जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाने के लिए जागरूक करने के मकसद से देश की एक प्रमुख ड्रोन निर्माता कंपनी पंजाब से ड्रोन यात्रा शुरू करने जा रही है। यह यात्रा दिसंबर से जनवरी माह तक देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जाएगी। यह यात्रा देश की अग्रणी ड्रोन निर्माता कंपनी आयोटेकवर्ल्ड एविगेशन प्रा. लि. द्वारा शुरू की जा रही है। इससे पहले कंपनी ने अन्य सहायक नामी-गिरामी कृषि रसायन कंपनियों एवं सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर देशभर में 25,000 किलोमीटर की यात्रा निकाली थी। अब यह पुन: जल्द इस यात्रा को शुरू करने जा रही है, जो खेती के कामकाज में ड्रोन के उपयोग और उसके फायदे से अवगत कराने की मुहिम के रूप में होगी। इस यात्रा के जनवरी के अंत तक चलने की संभावना है। आयोटेकवर्ल्ड के निदेशक एवं सह संस्थापक- दीपक भारद्वाज और अनूप उपाध्याय ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस यात्रा का मकसद किसानों को खेती के कामकाज में ड्रोन के जरिए खाद, कीटनाशक के समुचित छिड़काव और बीजों के छिड़काव जैसे आसान तरीकों और इससे लागत में कमी लाने जैसे फायदों के प्रति जागरूक करना है। ड्रोन से खेती-किसानी को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं नागर विमानन मंत्रालय इस दिशा में परस्पर सहयोग कर रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार ने कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को बढ़ाने के मकसद से ड्रोन के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत 2022-23 से 2023-24 के दौरान खर्च के लिए 120 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है। इस योजना का लाभ लेने वाली कंपनियों के लिए कुछ अर्हता निर्धारित की गई है। इनमें से कुछ शर्तें हैं कि उनका न्यूनतम वार्षिक कारोबार दो करोड़ रुपए का हो और वह कंपनी ड्रोन तथा उसके कलपुर्जों का निर्माण भारत में करती हो। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इस मकसद से जो ड्रोन बनाया है उसका नाम एग्रीबॉट ड्रोन है जो मशीन लर्निंग या कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग से किसानों की लागत में काफी कमी लाने में सक्षम है। यह ड्रोन कृत्रिम मेधा तकनीक की मदद से खेत के किसी खास हिस्से में जितने कीटनाशक और दवाओं के छिड़काव की जरूरत होगी, उसी निर्धारित मात्रा में छिड़काव करेगा। इससे मिट्टी की गुणवत्ता दुरुस्त रखने और फसल में कीटनाशकों व दवाओं के अवशेष को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से किसानों की उपज बढ़ेगी और उनके समय व लागत में भारी कमी आएगी। इसके अलावा ड्रोन का कृषि कामकाज में उपयोग बढ़ने से कृषि का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान तीन प्रतिशत बढ़ सकता है। राजधानी राजधानी क्षेत्र गुरुग्राम मुख्यालय वाली इस स्टार्टअप कंपनी के निदेशक भारद्वाज ने बताया कि फिलहाल कंपनी देश के 14 राज्यों में अपने उपकरण और सेवाओं का परिचालन कर रही है और उसका लक्ष्य पूरे देश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का है। इन 14 राज्यों में महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश शामिल हैं। खेती के काम में उपयोग होने वाले छोटे ड्रोन का वजन 25 किलो से अधिक नहीं होना चाहिए। इसी के मद्देनजर इस ड्रोन का वजन 14.5 किलो रखा गया है।

# एफपीआई ने दिसंबर में अब तक शेयरों में 4,500 करोड़ रुपए डाले

भाषा। नई दिल्ली

**विदेशी संस्थागत** निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 4,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पिछले महीने भी एफपीआई ने 36,200 करोड़ रुपए की लिवाली की थी। डॉलर सूचकांक में गिरावट के बीच एफपीआई का भारतीय बाजारों में निवेश जारी है।हालांकि, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय से पहले पिछले चार सत्रों में एफपीआई ने शेयरों से 3,300 करोड़ रुपए निकाले हैं।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई सिर्फ कुछ अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में मामूली खरीद करेंगे। वहीं चीन क्षेत्रों में वे मुनाफा काटेंगे जहां वे लाभ में हैं उन्होंने कहा कि चीन और दक्षिण कोरिया जैसे सस्ते बाजारों में एफपीआई अधिक पैसा लगा सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से नौ दिसंबर के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 4,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में भी उन्होंने 36,239 करोड़ रुपए की लिवाली की थी।वहीं इससे पहले अक्टूबर में उन्होंने शेयरों से आठ करोड़ रुपए निकाले थे। सितंबर में भी उन्होंने 7,624 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले चार सत्रों में एफपीआई की बिकवाली की वजह संभवत: फेडरल रिजर्व की आगे होने वाली बैठक है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की इस साल के लिए अंतिम बैठक 13-14 दिसंबर को होनी है।शेयरों के अलावा एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में ऋण या बॉन्ड बाजार में 2,467 करोड़ रुपए डाले हैं। इस महीने अन्य उभरते बाजारों मसलन फिलिपीन, दक्षिण कोरिया, ताइवान, थाइलैंड और इंडोनेशिया में भी एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT Sh.Harihar Prasad S/o Late Sh.Chandra Banshi Prasad R/o 309-B, Management Apartment, Plot No.17, Sector-5, Dwarka, New Delhi had executed his last WILL on 29.09.2020 in respect of his moveable and immoveable properties in favour of his only son Mr. Rajiv Ranjan and later he has expired on 19.4.2021.NOW Mr. Rajiv Ranjan wants to get the above Will dated 29.09.2020 registered. In case any person has any objection to the same, he may kindly contact the undersigned or The Sub-Registrar-IX, Kapashera, Delhi within 15 days from the date of this notice.

(NUTAN GUPTA) Advocate4/30,West Patel Nagar, New Delhi Ph.9625504688, 25881171

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 12 दिसंबर 2022



# देश को शॉर्टकट राजनीति की नहीं, सतत विकास की आवश्यकता : नरेन्द्र मोदी

**भाषा।** नागपुर




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कहा कि देश को शॉर्टकट राजनीति नहीं, बल्कि सतत विकास की आवश्यकता है। मोदी ने कुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे पहले करदाताओं का धन भ्रष्टाचार एवं वोट बैंक की राजनीति में नष्ट हो जाता था। मोदी ने यहां 75,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्ष में भारत में बुनियादी ढांचे के विकास में मानवीय पहलू शामिल रहा है। मोदी ने रविवार को यहां नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण का उद्घाटन किया। कुल 520 किलोमीटर लंबा पहला चरण नागपुर को अहमदनगर जिले के शिरडी से जोड़ता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण और नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने यहां वर्धा रोड स्थित एम्स परिसर में आयोजित एक समारोह में कहा, एक विकसित भारत का सपना सभी राज्यों की एकजुट शक्ति, प्रगति और विकास के माध्यम से एक वास्तविकता बन सकता है। जब विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण संकीर्ण होता है, तो अवसर भी सीमित होते हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछले आठ साल में सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ लोगों की मानसिकता और दृष्टिकोण को बदला है। उन्होंने कहा कि नागपुर में शुरू की गई परियोजनाओं ने विकास के समग्र दृष्टिकोण को पेश किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि वे शॉर्टकट राजनीति करने, करदाताओं का पैसा लूटने और झूठे वादों के जरिए सत्ता हासिल करने वाले नेताओं से सतर्क रहें। उन्होंने कहा, शॉर्टकट राजनीति से देश का विकास नहीं हो सकता। मोदी ने कहा, कुछ राजनीतिक दल देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं और लोगों को ऐसे नेताओं एवं दलों को बेनकाब करना चाहिए। मेरा सभी नेताओं से आग्रह है कि वे शॉर्टकट राजनीति के बजाय सतत विकास पर ध्यान दें। आप सतत विकास के साथ चुनाव जीत सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले करदाताओं का पैसा भ्रष्टाचार और वोटबैंक की राजनीति में बर्बाद हो जाता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समग्र और आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भविष्य के लिए तैयार है। मोदी ने उनके द्वारा शुरू की गई 11 विकास परियोजनाओं को महाराष्ट्र का रत्न बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार राज्य में विकास को गति दे रही है। प्रधानमंत्री ने भंडारा जिले में गोसीखुर्द बांध परियोजना का उदाहरण देते हुए पिछली सरकारों की आलोचना की। यह परियोजना तीन दशकों से लंबित थी। उन्होंने कहा, लेकिन डबल इंजन की सरकार आने के बाद गोसीखुर्द परियोजना अब पूरी होने वाली है।

मोदी ने कहा कि समाज के वंचित तबके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के लिए हमेशा से ही प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास और स्थाई समाधान ने गुजरात में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में पार्टी की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास का एक उदाहरण है, जबकि जन धन योजना वित्तीय बुनियादी ढांचे के विकास का एक उदाहरण है।

मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में मराठी भाषा में कहा, आज संकष्टी चतुर्थी है। भगवान श्री गणेश की पूजा करने के बाद सभी शुभ कार्यों की शुरुआत की जाती है। मैं टेकड़ी गणपति बप्पा को अपना प्रणाम करता हूं। मोदी ने कहा कि समृद्धि एक्सप्रेसवे आधुनिक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और 24 जिलों में व्यवसायों को बढ़ावा देगा और इस परियोजना से किसानों को लाभ होगा। मोदी ने एम्स के कुछ छात्रों के साथ जीरो माइल फ्रीडम पार्क और खपरी स्टेशन के बीच मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बात भी की। ट्रेन में सवार होने से पहले, उन्होंने जीरो माइल स्टेशन पर परियोजना पर एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद, उन्होंने एक कार में 10 किलोमीटर की यात्रा भी की। कुल 520 किलोमीटर लंबा पहला चरण नागपुर को अहमदनगर जिले के शिरडी से जोड़ता है। इसका आधिकारिक नाम हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग रखा गया है। परियोजना की कुल लंबाई 701 किलोमीटर होगी। इस परियोजना की परिकल्पना उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तब पेश की थी, जब वह 2015 में मुख्यमंत्री थे। समृद्धि एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो जाने के बाद नागपुर से मुंबई के बीच की सड़क यात्रा का समय घटकर सात घंटे रह जाएगा।

प्रधानमंत्री ने नागपुर और अजनी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना के तहत, नागपुर रेलवे स्टेशन उन्नत प्रतीक्षा क्षेत्र और बैठने की क्षमता से सुसज्जित होगा। स्टेशन पर यात्रियों को विश्वस्तरीय यात्रा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। स्टेशन दोपहिया वाहनों और कारों के लिए पार्किंग सुविधा, 30 लिफ्ट और 31 एस्केलेटर से सुसज्जित होगा। स्टेशन और उसके आस-पास के क्षेत्र का भी विकास किया जाएगा। मोदी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वन हेल्थ, नागपुर और नाग नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना की आधारशिला भी रखी। उन्होंने चंद्रपुर में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) और चंद्रपुर में सेंटर फॉर रिसर्च मैनेजमेंट एंड कंट्रोल ऑफ हेमोग्लोबिनोपैथीज का दूर से उद्घाटन किया।

समृद्धि एक्सप्रेसवे के बारे में बात करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र में छह अन्य एक्सप्रेसवे पर काम चल रहा है और 75,000 करोड़ रुपए की लागत से 150 हरित राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक्सप्रेसवे के निर्माण में आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की और भूमि अधिग्रहण को सबसे बड़ी चुनौती करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेसवे राज्य के लिए एक निर्णायक कदम साबित होगा। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बदौलत समृद्धि एक्सप्रेसवे का उनका सपना हकीकत बन गया है। उन्होंने कहा कि पूरी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का काम नौ महीने में पूरा किया गया। फडणवीस ने कहा, कुछ नेता इस परियोजना का विरोध कर रहे थे और लोगों को इसके लिए अपनी जमीन नहीं देने के लिए उकसा रहे थे। हालांकि, लोगों की सहमति से नौ माह में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

## इस्लामी शासन में देश ने मंदिरों, विश्वविद्यालयों को खोया : आरएसएस

**नई दिल्ली।** आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि इस्लामी शासन के दौरान देश ने अपने गौरवशाली मंदिरों, विश्वविद्यालयों और मूल्य व्यवस्था को खो दिया, जबकि यूरोपीय शासकों ने राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और सामाजिकता को खत्म करने का अभियान चलाया। आरएसएस के संयुक्त महासचिव कुमार ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर पिछले 1000 साल के स्वतंत्रता संग्राम और देश इन हमलों से कैसे बचा, इन्हें याद करना जरूरी है। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जे नंद कुमार की पुस्तक एसडब्ल्यूए: स्ट्रगल फॉर नेशनल सेल्फहुड का विमोचन करते हुए कहा कि देश में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में चर्चा की जरूरत है, इस्लामिक आक्रमण से पहले यह कैसा था और यूरोपीय आक्रमण से पहले क्या था। देश में स्मृति हानि हुई है और इसका कारण यह है कि हमने इस्लामी शासन के खिलाफ संघर्ष के दौरान विश्वविद्यालयों, मंदिरों और संपूर्ण मूल्य प्रणाली सहित अपने विभिन्न संस्थानों को खो दिया है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के जन्मदिवस पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देतीं हुईं

## सीएए को संसद की मंजूरी के तीन साल पूरे होने पर पूर्वोत्तर में प्रदर्शन

**भाषा।** गुवाहाटी

**संशोधित** नागरिकता अधिनियम (सीएस) के संसद में पारित होने के तीन साल पूरे होने पर पूर्वोत्तर छात्र संघ (एनईएसओ) ने रविवार को पूरे क्षेत्र में इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया। एनईएसओ के सलाहकार समुज्जल भट्टाचार्य ने यहां एक बयान में कहा कि एनईएसओ के आह्वान पर सात पूर्वोत्तर राज्यों में काले झंडे और बैनर प्रदर्शित किए गए। उन्होंने कहा कि ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू), नगालैंड स्टूडेंट्स फेडरेशन, ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन, खासी स्टूडेंट्स यूनियन, गारो स्टूडेंट्स यूनियन, ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन, मिजो जिरलाई पावल और त्रिपुरा स्टूडेंट्स फेडरेशन ने राज्यों में प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इसके प्रभारी अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने एक अन्य बयान में कहा कि असम में, जो 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों का केंद्र था, एएएसयू ने विभिन्न स्थानों पर स्मारक सभाएं आयोजित कीं। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले आंदोलन के दौरान मारे गए पांच लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और मिट्टी के दीए जलाए गए।

शर्मा ने कहा, हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, 2019 को स्वीकार नहीं करेंगे, यह निश्चित है। यह स्वदेशी लोगों के खिलाफ है। हम अपनी लोकतांत्रिक और कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। 2019 के सीएए विरोधी संघर्ष के बाद गठित एक राजनीतिक दल असम जातीय परिषद (एजेपी) और एएएसयू के पूर्व नेता लुरिनज्योति गोगोई की अध्यक्षता में गुवाहाटी में एक प्रदर्शन भी किया गया। पार्टी ने इस दिन को प्रतारण दिवस (विश्वासघात का दिन) के रूप में चिन्हित किया। गोगोई ने कहा, हमें सीएए का विरोध जारी रखना होगा। सिर्फ इसलिए कि सत्ता में रहने वालों के पास संख्या बल है, वे ऐसा कानून नहीं थोप सकते, जो लोगों के खिलाफ हो। सीएए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैनियों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। इसे संसद के दोनों सदनों ने पारित किया था और दिसंबर 2019 में इसे राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। हालांकि अभी सीएए के तहत नियम बनाए जाने बाकी हैं।

## विदेशी वित्तपोषित धर्मांतरण के निशाने पर होती हैं महिलाएं एवं बच्चेः याचिकाकर्ता ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय को बताया गया है कि देश में महिलाएं और बच्चे विदेशी वित्तपोषित धर्मांतरण के मुख्य निशाने हैं तथा केंद्र एवं राज्य सरकारें उसे रोकने के वास्ते उपयुक्त कदम उठाने में विफल रही हैं। धर्मांतरण के विरूद्ध एक याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ के समक्ष दाखिल अपनी लिखित दलील में जनहित याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने इस मुद्दे पर कानून नहीं होने का हवाला दिया और कहा कि इसी कारण से सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े नागरिकों का धर्मांतरण करने के लिए अनैतिक रणनीतियां अपनाई जा रही हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पांच दिसंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि परमार्थ कार्य का मकसद धर्मांतरण नहीं होना चाहिए और जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है, जो संविधान की भावना के विरुद्ध है। अपनी लिखित दलील में उपाध्याय ने धर्मांतरण से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के वास्ते विदेशी चंदा प्राप्त एनजीओ एवं व्यक्तियों के लिए विदेशी चंदा विनिमयन कानून (एफसीआरए) के तहत बनाए गए नियमों की समीक्षा समेत विभिन्न राहतों की मांग की। याचिका में धर्मांतरण पर रोक के लिए हवाला एवं अन्य माध्यमों से होने वाले धन के अंतरण पर नियंत्रण के लिए भी कठोर कदम उठाने की मांग की गई है।



पटना में पार्टी की नेशनल काउंसिल में भाग लेते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्लन सिंह

## असम के चाय बागानों में लैंगिक समानता के लिए कठपुतली का सहारा ले रहे युवा

**गुवाहाटी।** बाल विवाह और लैंगिक हिंसा जैसी सामाजिक बुराईयों के बारे में असम के यवाओं का एक समूह कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के चाय बागानों में जागरूकता फैला रहा है, और युवाओं, खासकर, लड़कियों को अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी करने के लिए समझा रहा है। गुवाहाटी स्थित एक समूह पपेट पीपल के सदस्य महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश देने के लिए कहानी कहने के वैकल्पिक तरीके के तौर पर कठपुतली का इस्तेमाल करते हैं। यह समूह चाय बागान के श्रमिकों को इन मुद्दों को बेहतर तरीके से समझाने के लिए गीत एवं नृत्य का भी सहारा ले रहे हैं।

पपेट पीपल की संस्थापक दृशाना कलिता ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, हमने पांच से 10 दिसंबर के बीच उदलगुरी जिले के पांच चाय बागानों में 11 कार्यक्रम किए हैं। हम कठपुतलियों के माध्यम से पांच मिनट तक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति देते हैं। इसके बाद कठपुतलियों का उपयोग करके अमर आशा नामक 15 मिनट का नाटक प्रस्तुत करते हैं। कठपुतलियों का यह कार्यक्रम लैंगिक हिंसा के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समर्थित 16 दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम का हिस्सा है जो 25 नवंबर को शुरू हुआ था और 10 दिसंबर को संपन्न हो गया।

कलिता ने कहा कि पूरे कार्यक्रम को स्थानीय सादरी भाषा में प्रस्तुत किया गया और नाटक के पात्रों को इस तरह से विकसित किया गया कि दर्शक उनसे खुद को जोड़ सकें। उन्होंने कहा, चाय बागान क्षेत्रों में लड़कियों के पढ़ाई बीच में छोड़कर कम उम्र में शादी करने का चलन बहुत प्रचलित है। हमारे अपने शोध में हमें इसकी जानकारी मिली है। नाटक की मुख्य पात्र किशोर लड़की आशा है जो एक चाय बागान श्रमिक परिवार से है। इस पात्र के जरिए हम यह दर्शाने की कोशिश करते हैं कि कैसे गलत फैसले जीवन भर की समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने सुब्रमण्य भारती को समाज सुधारक बताया

**चेन्नई।** स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रकवि सुब्रमण्य भारती को रविवार को उनकी 144वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने उन्हें समाज सुधारक बताया जबकि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने वाराणसी में पुनर्निर्मित घर का उद्घाटन किया, जहां दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी कभी रहा करते थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री ने भारती की जयंती के अवसर पर कवि की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया और राज्य सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित एक स्मारिका का विमोचन किया। राजभवन से जारी एक विज्ञप्ति में रवि के हवाले से कहा गया है कि कवि भरतियार को सम्मानपूर्वक भारती कहकर संबोधित किया जाता है, जिन्होंने न केवल भारत की स्वतंत्रता के लिए बल्कि एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के लिए भी सपना देखा था।

## हिप्र को पहली बार मिला उपमुख्यमंत्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को अब तक का पहला उपमुख्यमंत्री रविवार को मिला और मुकेश अग्निहोत्री ने इस पद की शपथ ली। निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता अग्निहोत्री का समायोजन करने के लिए कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। वह मुख्यमंत्री पद के लिए प्रबल दावेदारों में से एक थे। इस सप्ताह सामने आए विधानसभा चुनाव के परिणाम के आधार पर कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद कई गुट इस शीर्ष पद के लिए दावा कर रहे थे।

पार्टी ने आहत अहम को तुष्ट करने तथा नई गठित सरकार पर खतरा रोकने के वास्ते गुटबाजी रोकने के लिए त्वरित कदम उठाया। हालांकि ऐसा मतभेद पार्टी में कोई नई बात नहीं है।1967 में बागियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. वाई एस परमार की अगुवाई वाली सरकार को गिराने और विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन की धमकी दी थी। तब विधानसभा में काफी गहमागहमी हुई थी और तीन वरिष्ठ कांग्रेस विधायकों ठाकुर करम सिंह, पंडित पदम देव और विद्या धर को विपक्ष के साथ जाने से रोकने के लिए उनकी मुख्यमंत्री के साथ लंबे समय तक एकांत में मंत्रणा हुई थी। उसके बाद जब वे सदन में लौटे तो उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया।

सौदेबाजी के तहत करम सिंह और पंडित पदम देव को कैबिनेट मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था और विद्याधर उपमंत्री बनाए गए थे लेकिन तब भी किसी को उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया गया था। फिर 1993 में जब कांग्रेस को 68 में से 56 सीट मिली तब पार्टी वीरभद्र सिंह और सुखराम गुट में बंट गई थी तथा आखिरकार वीरभद्र सिंह को नेता चुना गया था एवं सुखराम के बेटे अनिल शर्मा को मंत्रिमंडल में जगह दी गई थीं। उस वक्त भी किसी को उपमुख्यमंत्री नहीं नियुक्त किया गया था। पार्टी ने जातीय समीकरणों को भी ध्यान में रखा है। सुक्खू राजपूत हैं जबकि अग्निहोत्री ब्राह्मण हैं। वर्तमान सरकार में मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दोनों ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र हमीरपुर से आते हैं और इस संसदीय सीट के प्रतिनिधि भाजपा नेता अनुराग ठाकुर हैं। मंत्रिमंडल का बाद में विस्तार किया जाएगा।

## भाजपा ने 2020 के विस चुनाव में जदयू के खिलाफ साजिश कीः नीतीश

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर रविवार को आरोप लगाया कि उसने 2020 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन में होने के बावजूद जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के खिलाफ काम किया और कोशिश की कि उसके उम्मीदवारों की हार हो। साथ में अगले आम चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देने का संकल्प लिया। जदयू के पूर्ण अधिवेशन को यहां संबोधित करते हुए कुमार ने हाल में एक उपचुनाव में मिली हार को ज्यादा महत्व न देते हुए कहा कि भाजपा का विरोध करने वाले दल अगर एक साथ आने पर सहमत हो जाएं, तो वे 2024 के लोकसभा चुनाव में ै भारी बहुमतै से जीत सकते हैं। जदयू नेता ने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) अरुणाचल प्रदेश में हमारे विधायकों को तोड़ लिया। क्या वे हमारे साथ गठबंधन में रहते हुए इससे ज्यादा खराब काम कर सकते थे? उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम की वजह से वह गठबंधन से अलग होने को मजबूर हुए। वह राजग से अगस्त में अलग हो गए थे।

बिहार विधानसभा के 2020 में हुए चुनावों में जदयू के खराब प्रदर्शन का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि भाजपा ने इससे पहले हमसे ज्यादा सीटें कभी नहीं जीतीं थी, चाहे 2005 हो या 2010। हमारे सभी उम्मीदवारों, चाहे वे जीते हों या हारे हों, ने बाद में मुझसे शिकायत की कि उन्होंने हमारी हार सुनिश्चित करने की कोशिश की। गौरतलब है कि जदयू आरोप लगाती रही है कि भाजपा ने तब लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) प्रमुख चिराग पासवान की मदद से विधानसभा चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिए साजिश रची थी। पासवान ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। कुमार ने कहा कि वह फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे, लेकिन भाजपा के आग्रह पर पद स्वीकार करने पर सहमत हुए थे। हाल में हुए कुढ़नी विधासभा उपचुनाव में भाजपा के हाथों शिकस्त खाने का परोक्ष हवाला देते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसा लगता है कि वे उस एक जीत से बेहद खुश हैं। उन्हें पहले की दो हार और दूसरे राज्यों में मिली पराजय क्यों याद नहीं है? वह इस साल के शुरू में हुए बोचहां और मोकामा उपचुनाव में भाजपा की हार का जिक्र कर रहे थे।

कुमार ने कहा, उनको 2024 में पता चलेगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका (भाजपा का) विरोध करने वाले सभी दल साथ आ जाएं। अगर उनमें से अधिकतर एक साथ आ जाएं तो भी प्रचंड बहुमत की गारंटी होगी। विचार किसी तथाकथित तीसरे मोर्चे का नहीं है। यह मुख्य मोर्चा होगा। शराबबंदी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शराब को महात्मा गांधी के विश्वासों के अनुरूप प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने परोक्ष रूप से संकेत किया कि भाजपा के शीर्ष संगठन आरएसएस की आज़ादी की लड़ाई में कोई भूमिका नहीं थी। कुमार ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने बिहार को विशेष दर्जा देने की उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया और कहा कि मोदी ऐसे राज्य (गुजरात) से आते हैं जो ब्रिटिश शासन के वक्त से ही समृद्ध है।

समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन, संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और प्रधान राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी सहित अन्य नेता शामिल हुए। ललन ने आरोप लगाया कि देश में मौजूदा शासन ने आपातकाल के दौरान अधिनायकवाद (तानाशाही) और संवैधानिक संस्थानों के खुले दुरुपयोग की याद दिला दी। उन्होंने देश के अन्य हिस्सों, खासकर पूर्वोत्तरी राज्य नगालैंड के पार्टी कार्यकर्ताओं से जदयू को राष्ट्रीय पार्टी बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। ललन ने कहा, हमें राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए सिर्फ एक और राज्य में पहचान बनाने की जरूरत है। हम पिछली बार नगालैंड में महज 0.4 फीसदी से पीछे रह गए थे। हमें अगले साल की शुरुआत में होने वाले चुनावों में जरूरी कदम उठाने चाहिए। कुशवाहा ने कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ आवाज उठाई और आरोप लगाया कि न्यायाधीशों के परिवार के सदस्यों को पीठ में नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह उच्च न्यायपालिका में आरक्षण देने के प्रबल पक्षधर हैं। उन्होंने 2024 में नीतीश कुमार के प्रधानमंत्री बनने और लाल किले पर तिरंगा फहराने की उम्मीद भी जताई। त्यागी ने कुमार को देश का एकमात्र नेता बताया जो सीबीआई या ईडी से डरे बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखों में आंखें डालकर देख सकता है। त्यागी ने कहा, अगर नीतीश कुमार दिल्ली जाते हैं, तो वे केवल छह महीने में वह हासिल कर लेंगे जो दूसरे कई सालों में नहीं कर पाए।

## बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बने

**नई दिल्ली।** बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को रविवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। न्यायमूर्ति दत्ता के पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ कर 28 हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश समेत उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 34 है। केंद्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने इस पदोन्नति की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की। दत्ता इस साल 57 साल के हो गए और उच्चतम न्यायालय में उनका कार्यकाल आठ फरवरी 2030 तक होगा। देश की शीर्ष अदालत में सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के उपबंध (2) में प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर रहे हैं।

## देश के हर गांव में आरएसएस की शाखा होनी चाहिएः मोहन भागवत

**भाषा।** गुवाहाटी

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत के हर गांव में आरएसएस की शाखा होनी चाहिए और उसके हर सदस्य को देश की प्रगति के लिए प्रयास करना चाहिए। यहां संघ की असम इकाई के कार्यकर्ता शिविर के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि मतभेदों के बावजूद सभी लोगों के लिए राष्ट्र प्राथमिकता है। उन्होंने ने कहा कि भारत के हर गांव में एक शाखा होनी चाहिए, क्योंकि समाज ने संपूर्ण तौर पर उसकी खातिर शाखा को काम करने का अवसर दिया है। इसलिए स्वयंसेवकों को आगे बढ़कर समाज का नेतृत्व करना चाहिए। भागवत जिस कार्यक्रम में बोल रहे थे वहां केवल आरएसएस कार्यकर्ताओं को शामिल होने की अनुमति थी। उन्होंने कहा, भारत के गौरव और विरासत के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ स्वयंसेवकों को देश की तरक्की के लिए काम करना चाहिए। भागवत ने कहा, हम देश के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार रहना होगा। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने मानव संसाधन विकसित करने के उद्देश्य से 1925 में आरएसएस की स्थापना की थी। हमारे विचारों में भले ही भिन्नता हो, लेकिन हमारे मस्तिष्क में भिन्नता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक कमजोर समाज राजनीतिक आजादी के फल का आनंद नहीं ले सकता।

### विश्व कल्याण भारत का लक्ष्य इसमें लगा हुआ हैः होसबाले

**भोपाल (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि भारत के महापुरुषों ने हमेशा विश्व कल्याण की बात की है और इस लक्ष्य को पाने के लिए भारत को समर्थ एवं विश्वगुरु बनाने के लिए संघ व्यक्ति निर्माण में लगा हुआ है। होसबोले ने यहां लाल परेड मैदान में संघ के भोपाल विकास के शारीरिक प्रकटोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर कहा, संघ के दो मुख्य काम हैं व्यक्ति निर्माण और समाज संगठन। ये दोनों कार्य एक ही लक्ष्य के लिए हैं: भारत को परम वैभव पर पहुंचाना। इसका अर्थ केवल भारत आर्थिक और सामरिक रूप से सक्षम बने, यहां के सभी नागरिकों को रोटी, कपड़ा और मकान मिले, यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इससे भी अधिक है।

# सुपर ओवर में जीती भारतीय महिला टीम

## ऑस्ट्रेलिया को हराया

## पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली

**भाषा।** नवी मुंबई

**भारतीय महिला** क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को सुपर ओवर में हराकर पांच मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कर ली। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले 16 टी20 मैच के विजई अभियान पर भी रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया की 2022 में किसी भी प्रारूप में यह पहली हार है। ऑस्ट्रेलिया के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने स्मृति मंधाना (79) के अर्धशतक और शेफाली वर्मा (34) के साथ उनकी पहले विकेट की 76 तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर (21) के साथ तीसरे विकेट की 61 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 187 रन बनाए। रिचा घोष (13 गेंद में नाबाद 26 रन, तीन छक्के) और देविका वैद्य (पांच गेंद में नाबाद 11 रन, दो चौके) ने अंत में मैच टाई कराने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पदार्पण कर रही हीथर ग्राहम ने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (नाबाद 82) और ताहलिया मैकग्रा (नाबाद 70) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट की 158 रन की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से एक विकेट पर 187 रन बनाए। मूनी ने 54 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके जड़े जबकि ताहलिया ने 51 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का मारा। भारत ने इतिहास के अपने पहले सुपर ओवर में रिचा और स्मृति के साथ आगाज किया। रिचा ने हीथर के पहली गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर उन्हीं को कैच दे बैठीं। स्मृति ने चौथी गेंद पर चौका और फिर अगली गेंद पर छक्का मारा। अंतिम गेंद पर तीन रन से भारत ने 20 रन बनाए। भारत ने गेंदबाजी के लिए रेणुका सिंह को चुना। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान एलिसा हीली और एशलेग गार्डनर को उतारा। हीली ने पहली गेंद चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर रेणुका ने उन्हें रन आउट करने का मौका गंवा दिया। तीसरी गेंद पर एशलेग ने लांग ऑफ पर राधा यादव को कैच थमाया। ताहलिया अगली गेंद पर एक रन ही बना सकी। अंतिम दो गेंद पर एलिसा ने 10 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया 16 रन ही बना सका और भारत ने जीत दर्ज की। मूनी और ताहलिया की साझेदारी भारत के खिलाफ किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी होने के अलावा ऑस्ट्रेलिया की ओर से भी किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मूनी और ताहलिया की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की टीम अंतिम 11 ओवर में 118 रन जोड़ने में सफल रही। भारत की ओर से एकमात्र विकेट दीप्ति शर्मा के खाते में गया जिन्होंने चार ओवर में 31 रन खर्च किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को स्मृति और शेफाली वर्मा (34) की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। स्मृति ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने एशलेग गार्डनर पर चौके के साथ खाता खोला और फिर अगले ओवर में किम गार्थ पर तीन चौके जड़े। शेफाली ने भी मेगान शुट और किम पर चौके मारे और फिर एलिस पैरी का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया। शेफाली हालांकि एलिस के पहले ओवर में ही भाग्यशाली रहीं जब मेगान ने डीप कवर में उनका कैच टपका दिया। भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 55 रन बनाए। शेफाली ने आठवें ओवर में मेगान पर पारी का पहला छक्का मारा लेकिन अगले ओवर में एलेना की गेंद पर कवर्स में ताहलिया को कैच दे बैठी। उन्होंने 23 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। जेमिमा रोड्रिग्स (04) ने एलेना पर चौके के साथ खाता खोला लेकिन अगले ओवर में हीथर ग्राहम की गेंद पर पगबाधा हो गई। स्मृति को इसके बाद कप्तान हरमप्रीत कौर (21) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। हरमनप्रीत ने एशलेग पर चौका और छक्का जड़कर अपने तेवर दिखाए जबकि स्मृति ने किम पर चौके के साथ 12वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।



### जेस जोनासेन पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भारत दौरे से बाहर

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन रविवार को पैर की मांसपेशियो मे चोट के कारण भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर हो गईं। ऑस्ट्रेलिया की टीम में लेग स्पिनर अमांडा-जेड वेलिंगटन जोनासेन की जगह लेंगी जिनमें मंगलवार तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला मैच नौ विकेट से जीता था जबकि दूसरा मुकाबला रविवार को खेला जाना है। पहले मैच में क्षेत्ररक्षण करते हुए जोनासेन की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम की फिजियोथेरेपिस्ट केट बीयरवर्थ ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, तब से उनकी चोट का आकलन किया जा रहा है और सुनिश्चित है कि इस श्रृंखला में उनकी वापसी के लिए समय काफी कम है। जेस बाकी श्रृंखला के लिए अनुपलब्ध रहेंगी और ब्रिसबेन लौटकर अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगी। वेलिंगटन पिछला टी20 मुकाबला 2018 में भारत दौरे पर खेली थी।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया महिला:** हीली का वैद्य बो दीप्ति 25, मूनी नाबाद 82, मैकग्रा नाबाद 70, अतिरिक्त: 10, कुल:20 ओवर में एक विकेट पर: 187 रन, **विकेट पतन:** I-29, **गेंदबाजी:** रेणुका 4-0-39-0, अंजलि 4-0-32-0, दीप्ति 4-0-31-I, राधा 4-0-34-0, मेघना I-0-14-0, देविका 3-0-32-0

**भारत:** मंधाना बो अनाबेल 79, वर्मा का ताहलिया बो एलेना 34, I रोड्रिग्ज पगबाधा बो हीथर 04, कौर का मूनी बो हीथर 21, रिचा घोष नाबाद 26, दीप्ति शर्मा का एलेना बो हीथर 02, वैद्य नाबाद 11, **अतिरिक्त:** 10, **कुल:**20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन, **विकेट पतन:** I-76, 2-81, 3-142, 4-148, 5-170, **गेंदबाजी:** एशलेग 4-0-40-0, किम 4-0-33-0, मेगान 4-0-43-0, एलिस I-0-16-0, हीथर 4-0-22-3, एलेना 2-0-17-I, अनाबेल I-0-14-I

# केन के समर्थन में उतरे इंग्लैंड के खिलाड़ी और कोच

**भाषा।** अल खोर

**हैरी केन** पहली पेनल्टी पर गोल करने के बाद दूसरी पेनल्टी पर चूक गए जिससे इंग्लैंड की विश्वकप की उम्मीदें भी धराशाई हो गई लेकिन उनकी टीम के साथियों ने इस स्टार स्ट्राइकर का समर्थन किया। फ्रांस ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल के इस मैच में जब 2-। से बढ़त बना रखी थी तब खेल के 84वें मिनट में इंग्लैंड को बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर केन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चला गया और इसके साथ ही इंग्लैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गई। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने केन की इस चूक का जोरदार जश्न मनाया लेकिन इंग्लैंड के खिलाड़ी और समर्थक सन्न रह गए। केन को स्वयं विश्वास नहीं हो पा रहा था कि वह कितनी बड़ी गलती कर गए हैं।



क्रोएशिया के मोड्रिक अभ्यास करते हुए

### एमबापे ने केन की चूक और फ्रांस की जीत का खुलकर मनाया जश्न

**अल खोर।** हैरी केन जब दूसरी पेनल्टी पर चूकने के कारण इंग्लैंड को यहां विश्व कप क्वार्टर फाइनल में बराबरी नहीं दिला पाए तो इसका सबसे बड़ा जश्न फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे ने मनाया। एमबापे के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस खुशी में उनका मुंह खुला का खुला रह गया। उनकी आंखो मे अपार खुशी थी। फ्रांस जब क्वार्टर फाइनल के इस मैच मे 2-। से आगे चल रहा था तब खेल के 84वे मिनट मे इंग्लैड को पेनल्टी मिली लेकिन केन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। विश्व फुटबॉल मे पेनल्टी लेने वाले खिलाड़ियों मे सबसे भरोसेमंद माने जाने वाले केन ने 54वे मिनट मे पहली पेनल्टी को गोल मे बदला था लेकिन जब वह दूसरी पेनल्टी पर चूके तो हर कोई हैरान था और इनमे एमबापे भी शामिल थे।केन के गोल करने से चूक जाने के बाद एमबापे का चेहरा खिल उठा और उन्होंने इसका जोरदार जश्न मनाया जो कुछ लोगो के लिए अपमानजनक हो सकता है।

### विश्व कप: कोलकाता के 9,000 से ज्यादा फुटबॉल प्रशंसक कतर पहुंचे, फाइनल से पहले और बढ़ेगी संख्या

**कोलकाता।** फीफा विश्व कप को लेकर इस शहर में उत्साह चरम पर हैं और इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चार साल में एक बार होने वाले इस वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का लुत्फ उठाने के लिए यहां के लगभग 9000 प्रशंसक कतर पहुंच चुके हैं। ब्राजील और पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमों के विश्व कप से बाहर होने के बाद भी प्रशंसक सेमीफाइनल और फाइनल से पूर्व कतर के लिए टिकट, आवास की उपलब्धता और यात्रा पैकेज के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनिल पंजाबी ने कहा, लगभग 10,000-12,000 फुटबॉल प्रशंसकों ने अब तक पूर्वी भारत से कतर की यात्रा की है, जिसमें कोलकाता के करीब 9,000 लोग शामिल हैं। लोग अभी भी सेमीफाइनल और फाइनल के लिए वहां जाने को लेकर बहुत उत्सुक हैं। हमें उम्मीद है कि सिर्फ कोलकाता से कम से कम।,500 और लोग अभी इस अरब देश में जाएंगे।

### ओलंपियन पॉवेल का निधन

**नई दिल्ली।** ओलंपियन और भारत की 1970 एशियाई खेलों की चार गुणा 100 मीटर रिले में कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य केन्नेथ पॉवेल का रविवार को बेंगलुरू में निधन हो गया। वह 82 साल के थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने यह जानकारी दी। पॉवेल 1960 के दशक में देश के चोटी के फर्राटा धावकों में से एक थे। उन्होंने 1962 के एशियाई खेलो की टीम में नही चुने जाने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए 1964 के तोक्यो ओलंपिक में चार गुणा 100 मीटर रिले दौड़ मे भारतीय टीम को सेमीफाइनल मे पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### एसोसिएट देशों के खिलाड़ियों को मौका

**कुआलालंपुर।** अगले साल जून-जुलाई मे होने वाली मलेशियाई टी20 लीग मे एसोसिएट देशों के खिलाड़ियों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मलेशियाई टी20 लीग मे कुल पांच टीम भाग लेंगी जिसमे प्रत्एक टीम मे एसोसिएट देशों के खिलाड़ियों को रखना अनिवार्य होगा। लंका प्रीमियर लीग का तीन साल तक आयोजन करने वाले आईपीजी ग्रुप ने टी20 टूर्नामेंट के आयोजन के लिए मलेशियाई क्रिकेट संघ के साथ लंबी अवधि का करार किया है।

### केमिन ईस्पोट्स ने किया कनेक्ट प्रोग्राम

**कानपुर।** केमिन ईस्पोर्ट्स ने एफईएआई के साथ मिलकर गत 3 से 5 दिसम्बर 2022 के बीच आईआईटी कानपुर में अपना कैंपस कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित किया, ताकि ईस्पोर्ट्स को बाजार में एक प्रमुख आयोजन के तौर पर प्रस्तुत किया जा सके। केमिन ईस्पोर्ट्स ने पहले फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के साथ अपने जुड़ाव की घोषणा की थी, जो भारत में ईस्पोर्ट्स के लिए राष्ट्रीय शीर्ष निकाय माना जाता हैए और इसने कैरियर के अवसर के रूप में ईस्पोर्ट्स के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिष्ठित भारतीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के आसपास टूर्नामेंट सीरीज की योजना बनाना शुरू कर दिया था। संस्थापक निदेशकों यूपी अहेड एस्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थापक सदस्यो एफ्ईएआई संजीव सिंह और सिद्धार्थ उपाध्याय, संस्थापक सदस्य एफ ईएआई अभिषेक इस्सर के साथ एक पैनल चर्चा के साथ शुरू हुआ केमिन स्पोर्ट्स के निदेशक दिप्तांशु सैनीए इस कार्यक्रम के अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पैनल चर्चा के बाद प्रमुख एस्पोर्ट्स एथलीट अम्मार डेस्ट्रोष् खान और रॉबिन सिंह के साथ ईस्पोर्ट्स को समर्पित एक टॉक शो का आयोजन किया गया।

### हेंडरसन ने सीए के प्रमुख का पद छोड़ा

**मेलबर्न।** लाचलान हेंडरसन ने रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चेयरमैन का पद छोड़ने का फैसला किया। न्यू साउथ वेल्स के पूर्व प्रधानमंत्री माइक बेयर्ड अगले साल उनकी जगह यह पद संभालेंगे। हेंडरसन ने कहा कि वह इस शीर्ष पद को समय देने में असमर्थ है क्योंकि हाल में उन्होंने पर्थ में स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने वाली कंपनी एचबीएफ के सीईओ का पद संभाला था। हेंडरसन ने क्रिकेट.काम.एयू से कहा, मैंने हाल में अपने गृहनगर पर्थ में नई जिम्मेदारी संभाली है।

# इशान के दमदार प्रदर्शन का धवन पर पड़ेगा असर

## सलामी बल्लेबाज के तौर पर उम्दा प्रदर्शन

**भाषा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश के** खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में इशान किशन दोहरा शतक लगाकर सलामी बल्लेबाज के तौर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरे है और भारतीय टीम की नई चयन समिति के गठन के बाद पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के भविष्य को लेकर चर्चा की जाएगी। धवन ने अपने पिछले नौ वनडे में से आठ में बुरी तरह संघर्ष किया है। दिल्ली का यह बाएं हाथ का बल्लेबाज पावर प्ले के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी कर रहा है जो टीम के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। टी20 के युग में शुभमन गिल और इशान की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने पिछले कुछ समय से धवन फीके नजर आए है। बांग्लादेश में एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद बीसीसीआइ टीम के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक करेगा। इसमें मुख्य कोच द्रविड़ और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ भविष्य के खाके पर चर्चा होगी।



टेस्ट मैच के लिए अभ्यास करती भारतीय टीम

पीटीआई-भाषा ने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र के हवाले रिपोर्ट किया था कि अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की प्रक्रिया अगले साल से शुरू होगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, शिखर के भविष्य पर फैसला नई चयन समिति के गठन के बाद ही होगा. लेकिन इस मामले में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के विचारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धवन के साथ सबसे बड़ी समस्या यह आ रही कि वह पारी की शुरुआत में तेजी से रन नहीं बना पा रहे है। 2019 विश्व कप से पहले उनका स्ट्राइक रेट 100 से अधिक का हुआ करता था जबकि 2022 में उनका स्ट्राइक रेट 75 का है। इशान किशन के दोहरे शतक और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने टीम को वह आक्रामक रवैया दिया जिसकी उसे जरूरत थी। उनकी इस पारी के बाद टीम प्रबंधन चयन मामलों पर विचार करने पर मजबूर होगा। ऐसे खिलाड़ी को बाहर करना आसान नहीं है जिसने 167 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह मौजूदा टीम में रोहित (9454) और विराट कोहली (12471) के बाद भारत के तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उनके नाम इस प्रारूप में 6793 रन दर्ज हैं। इस मामले में दूसरा विचार यह है कि धवन को श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में कम से कम छह एकदिवसीय मैचों में मौका दिया जाना चाहिए और फिर प्रदर्शन के आधार पर मार्च के अंत में होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पर फैसला किया जाना चाहिए। इस मामले में शुभमन गिल को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। गिल पिछले छह महीने में भारत के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले एकदिवसीय बल्लेबाज रहे हैं। कुछ अजीब कारणों से चेतन शर्मा की अगुवाई वाली निवर्तमान समिति ने गिल को बांग्लादेश वनडे से आराम देने का फैसला किया। वह टी20 एशिया कप या विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं थे इसके इसके बावजूद इस युवा बल्लेबाज को विश्राम देने का फैसला समझ से परे रहा। जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट के बाद भारत ने लंबे प्रारूप का कोई मैच भी नहीं खेला है। जब गिल और किशन जैसे बल्लेबाज टीम में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हों तो उन्हें ज्यादा देर तक बाहर रखना मुश्किल होगा। टीम को धवन, रोहित और कोहली जैसे उम्रदराज खिलाड़ियों को एक ही एकदिवसीय एकादश रखने का खामियाजा उठाना पड़ रहा है। यह वैसे ही है जैसे रोहित, लोकेश राहुल और कोहली टी 20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष तीन के बल्लेबाज हैं। कोहली पिछले कुछ समय से आक्रामक बल्लेबाजी की जगह एक छोर संभाले रखने को पसंद कर रहे हैं। ऐसे में दूसरे छोर के बल्लेबाज पर तेजी से रन बनाने का दबाव रहता है। पिछले कुछ समय से रोहित भी आक्रामक बल्लेबाजी करने में विफल रहे है।

# चोटिल रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

## ईश्वरन टीम से जुड़े

**भाषा।** चटगांव

**भारतीय कप्तान रोहित** शर्मा अंगूठे की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ यहां बुधवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से रविवार को बाहर हो गए। बांग्लादेश के खिलाफ सात दिसंबर को मीरपुर में खेले गए दूसरे एकदिवसीय में क्षेत्ररक्षण के दौरान रोहित के बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी बयान के मुताबिक, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बाएं अंगूठे की चोट के लिए मुंबई में एक विशेषज्ञ से मुलाकात की, जो उन्हे बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान लगी थी। उन्हें इस चोट के लिए उचित प्रबंधन की सलाह दी गई है और वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नही रहेंगे। उन्होंने बताया, श्रृंखला के दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए उनकी उपलब्धता पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम बाद में फैसला करेगी। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने पहले टेस्ट के लिए अभिमन्यु ईश्वरन को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 22 दिसंबर से है और रोहित के पास फिटनेस हासिल करने के लिए काफी कम समय है। ईश्वरन ने बांग्लादेश के मौजूदा दौरे पर ए टीम के लिए दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 299 रन बनाए थे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और नए खिलाड़ी सौरभ कुमार को चोटिल मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की जगह टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ ने ए टीम की टेस्ट श्रृंखला मे 15 जबकि सैनी ने छह विकेट चटकाए थे। सैनी ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया जिन्होने 12 साल पहले अपने करियर का इकलौता टेस्ट मैच खेला था। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम: लोकेश राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, अभिमन्यु ईश्वरन, नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, जयदेव उनादकट।

### रणजी खिताब जीतने के बाद सिर्फ एक महीने का विराम लिया, जीत की भूख बनी हुई है : श्रीवास्तव

**भाषा।** इंदौर

मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पिछले सत्र में अपना पहला रणजी खिताब जीतने वाली राज्य की टीम जब इस प्रतिष्ठित घरेलू स्पर्धा के मौजूदा सत्र में मंगलवार (13 दिसंबर) से अपने सफर की शुरुआत करेगी, तो उस पर अपनी ऐतिहासिक कामयाबी दोहराने का स्वाभाविक तौर पर दबाव होगा। हालांकि, मध्यप्रदेश के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव का कहना है कि रणजी खिताब जीतने के बाद टीम ने केवल एक महीने का विराम लिया था और उसमें जीत की तेज भूख बनी हुई है। मौजूदा रणजी सत्र में मध्यप्रदेश की पहली भिड़ंत 13 से 16 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर से जम्मू में होगी। इससे पहले श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा, हमने 26 जून को रणजी खिताब जीतने के बाद जुलाई में केवल एक महीने का विराम लिया था। एक अगस्त से हम फिर प्रशिक्षण और तैयारियों में जुट गए थे जिससे हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। उन्होंने माना कि मध्यप्रदेश पर रणजी खिताब बरकरार रखने का दबाव है।

### वार्नर की कप्तानी पर लगा आजीवन प्रतिबंधन मौलिक रूप से गलत: स्मिथ

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने डेविड वार्नर के टीम का नेतृत्व करने पर लगे आजीवन प्रतिबंध को मौलिक रूप से गलत करार देते हुए उम्मीद जताई कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज कप्तानी को लेकर एक सप्ताह तक ध्यान भटकाने वाली चीजों से उबर कर लय हासिल करने में सफल रहेगा। वार्नर ने टीम की कप्तानी करने पर लगा आजीवन प्रतिबंध हटाने को लेकर अपनी याचिका को वापस लेते हुए कहा कि वह क्रिकेट की गंदगी को साफ करने के लिए अपने परिवार को वाशिंग मशीन बनाने के लिए तैयार नहीं हैं।

### वॉर्नर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की केवल अपना बचाव करने की प्रवृत्ति की पोल खोली: चैपल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कभी अपने खिलाड़ियों के हितों की रक्षा नहीं की और डेविड वॉर्नर ने उन पर लगे कप्तानी प्रतिबंध पर कड़ी प्रतिक्रिया करके अधिकारियों की अपना बचाव करने की प्रवृत्ति का खुलासा किया। वॉर्नर ने बुधवार को उनकी कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को हटाने की अपील वापस ले ली। उनका कहना था कि समीक्षा पैनल उन्हें सार्वजनिक शर्मिंदगी से गुजारना चाहता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 419 रन से जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया

## वेस्टइंडीज दूसरी पारी में केवल 77 रन पर आउट

**भाषा।** एडिलेड

**ऑस्ट्रेलिया** ने अपने तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर के तीन-तीन विकेट की मदद से वेस्टइंडीज स्कोर दूसरी पारी में केवल 77 रन पर आउट कर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां 419 रन की बड़ी जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। वेस्टइंडीज ने 497 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 38 रन से आगे बढ़ाई। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पहले सत्र में ही उसके बाकी बचे छह विकेट निकाल दिए। इस बीच वेस्टइंडीज की टीम केवल 39 रन ही जोड़ पाई। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 164 रन से जीत दर्ज की थी जबकि एडिलेड में उसकी जीत एकतरफा रही।



ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैचों में अजेय रिकॉर्ड बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा जिसका पहला मैच शनिवार को ब्रिसबेन में शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन सुबह वेस्टइंडीज की पारी समेटने में देर नहीं लगाई। स्टार्क ने डेवोन थामस (12) को विकेट के पीछे कैच कराकर इसकी शुरुआत की। इस तेज गेंदबाज ने इसके बाद जेसन होल्डर (11) की गिल्लयां बिखेरी। नेसर ने विकेटकीपर अलेक्स कैरी की मदद से रोस्टन चेज (13) और जोशुआ डिसिल्वा (15) को पवेलियन भेजा। नाथन लियोन ने अलजारी जोसेफ को आउट करके टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 450 पर पहुंचाई। नेसर ने मारक्विन्हो मिंडले को विकेट के पीछे कैच कराकर वेस्टइंडीज की पारी का अंत किया। यह कैरी का पारी में छठा कैच था। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 511 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी इस पारी के आकर्षण ट्रेविस हेड (175) और मार्नस लाबुशेन (163) के शतक रहे। लाबुशेन ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 214 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने उसे फॉलोऑन नहीं दिया और अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 199 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

### पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

**भाषा।** मुल्तान

**पाकिस्तान** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन अंतिम लम्हों में अर्धशतक जड़ने वाले इमाम उल हक का विकेट गंवाया जिससे रविवार को यहां इंग्लैंड की दूसरा क्रिकेट टेस्ट जीतने की उम्मीद जीवंत हो गई। पाकिस्तान ने 355 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 198 रन बनाए लिए हैं। टीम को इंग्लैंड को तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बनाने से रोकने के लिए 157 रन की और दरकार है। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 37 रन पर सात विकेट गंवाते हुए 202 रन पर सिमट गई थी जिससे इंग्लैंड ने पहली पारी के आधार पर 79 रन की बढ़त हासिल की थी।इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में सपाट पिच पर 342 रन के लक्ष्य का सफलापूर्वक बचाव करते हुए 74 रन से जीत दर्ज की थी। रावलपिंडी में खेला गया यह टेस्ट पाकिस्तान पर सरजमीं पर इंग्लैंड का 17 साल में पहला टेस्ट था।बाएं हाथ के बल्लेबाजों इमाम (60) और सऊद शकील (नाबाद 54) ने चौथे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करके पाकिस्तान का पलड़ा भारी किया था लेकिन जैक लीच ने अंतिम लम्हों में इमाम को स्लिप में जो रूट के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 104 गेंद का सामना करते हुए सात चौके मारे।

# हरियाणा व गुजरात फाइनल में

## 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप



**लखनऊ।** पिछली चैंपियनशिप की विजेता हरियाणा और उपविजेता गुजरात के खिलाड़ियों ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में बालक टीम इवेंट के सेमीफ इनल मुकाबलों में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए फ इनल में स्थान सुरक्षित किया। गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे मुकाबलों में बालिका युगल में उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय व शक्ति मिश्रा ने जीत से सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालक युगल के दूसरे राउंड में यूपी के ओम यादव व ऋषि यादव और यूपी सानिध्य व प्रणव की जोड़ियों ने जीत दर्ज की। रविवार को बालक टीम इवेंट के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा ने तमिलनाडु को 2-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात ने मध्य प्रदेश को 2-1 से मात दी। दूसरी ओर तमिलनाडु और मध्य प्रदेश ने सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक साझा किया। अब बालक टीम इवेंट के फाइनल में हरियाणा पर जहां खिताब बचाने का दबाव होगा तो गुजरात के सामने पिछली हार की कसक पूरी करने की चुनौती होगी। चैंपियनशिप के तीसरे दिन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर विशिष्ट अतिथि विधायक आशीष सिंह आश,उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग सीपी सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, रोहित कश्यप ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप में चिली को 3-। से मात दी

**वेलेंसिया (स्पेन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) नेशंस कप अभियान के पहले मैच में रविवार को यहां चिली को 3-। से शिकस्त दी। पूल बी के इस मैच मे कुमारी संगीता ने दूसरे मिनट मे गोल कर भारत का खाता खोला। सोनिका और नवनीत कौर ने क्रमश: 10वें और 31वे मिनट मे गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। चिली की विलग्रान फर्नांडा ने 43वे मिनट मे पेनल्टी कार्नर पर गोल किया। भारतीय टीम के तीनों गोल मैदानी प्रयासो से आए। भारत सोमवार को अपने पूल के दूसरे मैच मे जापान से भिड़ेगा। भारत 2018 एशियाई खेलो के फाइनल मे जापान से हार गया था। टीम 14 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला खेलेगी। नॉकआउट चरण के मुकाबले 16 और 17 दिसंबर को होंगे। 2022 एफआईएच महिला नेशंस कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इसके विजेता टीम को 2023-24 एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग मे जगह मिलेगा।